नई दिल्ली
शनिवार 31 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 194
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 27.0°C
न्यून. 18.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 चौथे टी20 में न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रन से हराया



वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान

भारत में तेजी से घट रही गरीबी... करीब 50 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 प्रतिशत से घटकर 2.6 प्रतिशत हो गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने गरीबी में बीते एक दशक में दुनिया की सबसे तेज गिरावट में से एक दर्ज की है और देश में 2011 से 2023 के बीच करीब 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह जानकारी वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट में दी गई वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बताया गया कि 2011 से 2023 के बीच निम्न-मध्यम आय वर्ग (4.20 डॉलर प्रति दिन, 2021 पीपीपी) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 57.7 % से घटकर 16.1 % हो गई है। अत्यधिक गरीबी (3.00 डॉलर प्रतिदिन) से नीचे रहने वालों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 27.1 % से घटकर 2.6 % हो गई।

अच्छी खबर



एआई इमेज

रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि

हाल के समय में, 2017 से 2023 के बीच, रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि हुई। यह कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि का लगभग दोगुना है। इस बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण महिलाओं के वेतन वाले काम में आने से आया है, जिससे प्रति परिवार कमाने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

वेतन में असमानता अभी भी काफी

रिपोर्ट में देश में गरीबी में गिरावट की मुख्य वजह खपत में मजबूत वृद्धि, रोजगार में बढ़ोतरी (विशेषकर महिलाओं के बीच), और खाद्य सब्सिडी सहित सामाजिक हस्तांतरणों के विस्तार को बताया गया। रिपोर्ट के अनुसार, गरीबी में कमी आने का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है, हालांकि इसकी गति थोड़ी धीमी रहेगी। 4.20 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर के नीचे रहने वाले लोगों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 2026 में 14.2 प्रतिशत से घटकर 2028 तक 12.1 प्रतिशत पर पहुंचने की उम्मीद है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, जैसे-जैसे गरीबी कम हुई, यह उन परिवारों के बीच अधिक केंद्रित होती गई, जिनका शिक्षा का स्तर कम था, जिनके पास संपत्ति कम थी, जिन्हें स्थिर रोजगार के अवसर कम मिले थे और जिन पर आश्रितों का बोझ अधिक था। हालांकि, वेतन में असमानता अभी भी काफी अधिक है। 2023 में, सबसे अधिक कमाने वाले 10 प्रतिशत कामगारों की मीडियन कमाई, सबसे कम कमाने वाले 10 प्रतिशत कामगारों की तुलना में लगभग 13 गुना थी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

उत्तराखंड में हेलिकॉप्टर क्रैश, 6 की मौत



चमोली। उत्तराखंड में शुक्रवार को खराब मौसम के बीच बदरीनाथ धाम से सहस्त्रधारा हेलिपोर्ट के लिए रवाना हुआ ट्रांस भारत एविएशन का हेलिकॉप्टर ज्योतिर्मठ क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार पायलट समेत सभी 6 लोगों की मौत हो गई। एक बजकर 20 मिनट पर हेलिकॉप्टर ने बदरीनाथ से उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर हाथी पहाड़ के ऊपर चांई गांव और लामबगड़ के बीच जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। शवों को लाया जा रहा है।

विपक्षी दलों के बीच एकता की कमी, सीटों के बंटवारे को लेकर टकराव: पात्रा

राहुल गांधी बताएं, रैली में आने वाले लोगों को कहां रोका जा रहा: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और विपक्षी दल 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। पार्टी ने राहुल गांधी के इस आरोप पर सबूत मांगे कि सरकार बाहर से आने वाले लोगों को रोक रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं लोकसभा सांसद डॉ संबित पात्रा ने शुक्रवार को नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित किया करते हुए कहा कि विपक्षी दलों के बीच एकता की कमी और संगठनात्मक क्षमता का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन को परिवारवादी दलों का समूह बताते हुए सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी दलों के बीच संभावित टकराव की बात कही। उन्होंने समाजवादी पार्टी द्वारा एमएलसी चुनाव में पांच सीटें जीतने का जश्न मनाने और छह सीटों पर धांधली का आरोप लगाने के बीच विरोधाभास पर भी सवाल उठाए।

अपने गठबंधन दलों के साथ ही समन्वय नहीं

पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी ने मॉक पार्लियामेंट आयोजित नहीं कर पाने के विषय में भी अपनी बात रखी। वहीं, समाजवादी पार्टी ने एमएलसी चुनाव और विपक्षी एकता को लेकर भी अपनी बात रखी है। संभवतः यही कारण रहा कि उन्हें अपनी मॉक पार्लियामेंट स्थगित करनी पड़ी और वे आज इसका आयोजन नहीं कर पाए। हालांकि, उन्होंने भविष्य में मॉक पार्लियामेंट आयोजित करने का ऐलान किया है। वैसे तो वे लोकतंत्र के साथ पहले से ही मॉक कर रहे हैं, लेकिन आज जिस मॉक पार्लियामेंट का आयोजन करना था, उसे अब भविष्य में करने की बात कह रहे हैं। यह स्पष्ट है कि विपक्षी दलों से संगठनात्मक स्तर पर आवश्यक व्यवस्था और समन्वय नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि आज राहुल गांधी ने गलत आरोप लगाया।

सड़कें बंद करने और लोगों को रोकने का सबूत दें

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी का आरोप है कि केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली के बाहर से आने वाले लोगों को रोक रहे हैं और सरकार उन्हें रामलीला मैदान तक पहुंचने नहीं दे रही है। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी बताएं कि कौन-सा व्यक्ति बाहर से आ रहा है और उसे किस मोड़, किस सड़क या किस नुक्कड़ पर रोका गया है। आज के दौर में लोग मोबाइल फोन से हर घटना की रिकॉर्डिंग कर लेते हैं। मीडिया के साथ-साथ आम लोग भी ऐसी घटनाओं को रिकॉर्ड करते हैं। यदि राहुल गांधी के पास इस बात के सबूत होते कि लोगों को रोका जा रहा है, सड़कें बंद कर दी गई हैं और किसी को आने नहीं दिया जा रहा है, तो क्या वे आज उसका वीडियो नहीं दिखाते? कहीं न कहीं विपक्ष अपनी कल्पना के अनुरूप व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। इसलिए लोगों को आने से रोकने का झूठा आरोप लगाया जा रहा है, जबकि कहीं भी किसी को आने से नहीं रोका जा रहा है। राहुल गांधी इसके सबूत सामने रखें और देश में इस तरह झूठ और भ्रम का वातावरण न फैलाएं।

पहले भी एकजुटता दिखाने का नाटक

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने दावा किया है कि विपक्ष में बहुत एकता है और सभी दल मिलकर यह रैली कर रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है। ये सभी परिवारवादी पार्टियां खुद को देश का मालिक और भारतवर्ष को अपनी संपत्ति समझती हैं। इन्हें लगता है कि देश केवल इनके परिवारों के आधार पर ही चलना चाहिए। पिछले 12 वर्षों में जब भी उत्तर प्रदेश या लोकसभा के चुनाव आए हैं, इन परिवारवादी पार्टियों ने किसी न किसी निर्धारित स्थान पर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर एकजुटता दिखाने का नाटक कई बार किया है।

खरगे पर पीएम मोदी का पलटवार

मैं अपनी अंतिम सांस तक सेवा में जुटा रहूंगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की बाप वाली टिप्पणी पर प्रधानमंत्री ने जवाब दिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मोदी का बाप भी जाएगा वाले विवादित बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलटवार किया है। पीएम मोदी ने कहा कि वह अपनी आखिरी सांस तक भारत के लोगों की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी गुजरात के बनासकांठा जिले के भिलडी में 'भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर' का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए आई है।

वे मोदी को बदनाम करना चाहते थे

प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें देश के मुश्किल दौर से गुजरने पर खुशी मिलती है। ईरान युद्ध के समय उन्होंने (विपक्ष) अफवाहें फैलाईं कि किसानों को खाद नहीं मिलेगी और लोगों को एलपीजी नहीं मिलेगी,

▶▶ शेष पेज 5 पर

9.34 करोड़ किसानों के खाते में पहुंचे 2-2 हजार रुपए

दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने देश के करोड़ों किसानों को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2-2 हजार रुपये की राशि भेजी गई। सरकार ने इस किस्त के लिए कुल 18,680 करोड़ रुपये से अधिक जारी किए हैं।

देश के नए वायुसेनाप्रमुख के रूप में एयर मार्शल दीक्षित आज संभालेंगे अपना कार्यभार



आशुतोष दीक्षित इंदरपाल

▶▶ सरकार ने एयर मार्शल वालिया की उप-वायुसेनाप्रमुख के रूप में की नियुक्ति, 1 नवंबर को पदभार ग्रहण करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के 29वें वायुसेनाप्रमुख के रूप में एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित शनिवार को अपना पदभार ग्रहण करेंगे। यह जिम्मेदारी उन्हें बल के मौजूदा प्रमुख और 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह की जगह पर मिली है। वहीं, केंद्र ने इस घटनाक्रम के बीच शुक्रवार को एयर मार्शल दीक्षित के स्थान पर अगले उप-वायुसेनाप्रमुख के रूप में एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया की नियुक्ति का ऐलान कर दिया है। जो 1 नवंबर को अपना दायित्व संभालेंगे। वायुसेना ने

▶▶ शेष पेज 5 पर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और रेल मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी, यह सेवा सप्ताह में छह दिन चलेगी

वाराणसी से नई दिल्ली के बीच नई वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आज से दौड़ेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे वाराणसी और नई दिल्ली के बीच नई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। इन सेवाओं के शुरू होने से आधुनिक रात्रिकालीन रेल सेवाओं का नेटवर्क और विस्तारित होगा। इससे दोनों शहरों के बीच संपर्क बेहतर होगा और यात्रियों को लंबी दूरी की रात की यात्रा के लिए आधुनिक, आरामदायक और सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार को वाराणसी से वाराणसी-नई दिल्ली के बीच नई वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे। जनवरी 2026 में हावड़ा-गुवाहाटी कॉरिडोर और उसकी वापसी यात्रा पर वंदे भारत स्लीपर सेवाओं की शुरुआत



▶▶ शेष पेज 5 पर



नौसेना को फ्रांस से मिलेंगे 26 राफेल विमान, पुराने हो चुके मिग-29के की जगह लेंगे

2028 से भारत को शुरू होगी विमानों की डिलीवरी, 2030 से 2031 तक होगी पूरी

स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत विक्रांत पर हुई 'राफेल-मरीन' की पहली सफल लैंडिंग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते गुरुवार (29 अक्टूबर) का दिन भारतीय नौसेना के इतिहास में एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज हो गया है। क्योंकि स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के डेक पर राफेल-मरीन लड़ाकू विमान की पहली सफल लैंडिंग हुई है। राफेल-मरीन फ्रांस की नौसेना का एक आधुनिक लड़ाकू विमान है। जिसे फ्रांस के पायलट ही उड़ा रहे थे। इस लैंडिंग और इसके साथ जारी परीक्षणों के जरिए विमान की नौसेना में रणनीतिक संचालन की प्रक्रिया की शुरुआत होगी। आगामी समय में नौसेना के पायलट राफेल के साथ अपने जटिल परीक्षणों (विभिन्न प्रकार की मौसम संबंधी परिस्थितियां, दिन-रात का समय शामिल) का आगाज करते हुए नजर आएंगे। यह जानकारी नौसेना ने शुक्रवार को दी है। यहां बता दें कि फ्रांसीसी पायलटों ने विमान की सफल लैंडिंग का ये कारनामा अपने पहले ही प्रयास में कर दिखाया है।



फ्रांस से मिलेंगे 26 राफेल विमान

भारत को फ्रांस से कुल 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमान मिलेंगे। जिनकी खरीद को लेकर दोनों देशों की सरकारों के बीच 28 अप्रैल 2025 को कुल करीब 63 हजार करोड़ रुपए (7.4 बिलियन डॉलर) के एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। जबकि इसके पूर्व में 9 अप्रैल को केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) ने रक्षा मंत्रालय द्वारा इस संबंध में दिए गए प्रस्ताव को हरीझंडी प्रदान कर दी थी। 26 में से 22 विमान सिंगल सीटर होंगे और 4 ट्विन यानी दो सीटों वाले ट्रेनर होंगे। राफेल-मरीन को नौसेना के दो विमानवाहक युद्धपोतों जैसे आईएनएस विक्रांत और विक्रमादित्य पर तैनात किया जाएगा। ये विमान मिग-29के की जगह लेंगे। विमानों

▶▶ शेष पेज 5 पर

2022 में कमीशन हुआ था विक्रांत

ज्ञात हो कि नौसेना के युद्धक बेड़े में आईएनएस विक्रांत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर 2022 को आधिकारिक रूप से कमीशन किया था। यह घटना भारत में घरेलू पोत निर्माण के क्षेत्र में बढ़ती आत्मनिर्भरता की परिचायक बनी। युद्धपोत में 76% स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। वहीं, इसके निर्माण कार्य में कुल करीब 600 से अधिक रक्षा क्षेत्र की कंपनियों की भागीदारी रही। 600 में से 550 से अधिक वास्तविक उपकरण निर्माता (ओईएम) हैं। जबकि 100 सूक्ष्म-लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) हैं। युद्धपोत के डेक पर फिलहाल अलग-अलग प्रकार के 30 विमान एक साथ रणनीतिक रूप से तैनात हैं। जिसमें मिग- 29के लड़ाकू विमान, कामोव-31, एमएच-60आर, चेतक तथा ध्रुव जैसे हेलिकॉप्टर शामिल हैं।

हत्या और डकैती के मामलों में था वांछित

हिमांशु भाऊ-काला आसौदिया गिरोह का एक सदस्य अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने हिमांशु भाऊ-काला आसौदिया गिरोह के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है, जो हत्या और डकैती के दो मामलों में भगोड़ा घोषित था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अनंत मित्तल ने बताया कि आरोपी की पहचान हरियाणा के झज्जर निवासी मनीष उर्फ अजय उर्फ भोला (30) के रूप में हुई है और उसके पास से एक पिस्तौल एवं पांच कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वह बाहरी दिल्ली के मुंडका थाने में 2025 में दर्ज हत्या के एक मामले और 2019 में दर्ज डकैती के एक मामले में वांछित था तथा दोनों मामलों में उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात गुप्त सूचना के आधार पर दक्षिण दिल्ली में जौनापुर के मंडी रोड पर जाल बिछाकर भोला को पकड़ा गया तथा तलाशी के दौरान उसके पास से एक पिस्तौल और पांच कारतूस मिले। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस संबंध में फतेहपुर बेरी थाने में 27 अक्टूबर को शस्त्र अधिनियम के तहत अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ हरि नगर थाने में 2021 में मारपीट और बल्लभगढ़ सदर थाने में 2018 में शस्त्र अधिनियम के तहत भी मामले दर्ज हैं। पुलिस हथियार के स्रोत और आरोपी के अन्य साथियों के बारे में जांच कर रही है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर 9.6 किलो से अधिक का गांजा जब्त, दो यात्री गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीमा शुल्क अधिकारियों ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन दिन के भीतर अलग-अलग घटनाओं में बैंकॉक से आए दो यात्रियों के पास से 9.6 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 3.37 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि दोनों मामले 24 और 26 अक्टूबर को हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर यात्रियों की 'प्रोफाइलिंग' (यात्रियों की पृष्ठभूमि, यात्रा संबंधी जानकारी और अन्य जोखिम संकेतों के आधार पर उनकी जांच के लिए पहचान करना) के आधार पर पकड़े गए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, दोनों यात्रियों को 'ग्रीन चैनल' (सीमा शुल्क जांच से छूट वाले मार्ग) से हटाकर उनके सामान की एक्स-रे जांच और विस्तृत तलाशी के लिए भेजा गया था। बयान में कहा गया कि पहले मामले में 24 अक्टूबर को बैंकॉक से आए एक यात्री के ट्रॉली बैग से हरे रंग के पदार्थ से भरी पॉलीथीन की नौ पुड़िया बरामद की गईं। इस पदार्थ का कुल वजन 4,229 ग्राम था और इसकी कीमत करीब 1.48 करोड़ रुपये आंकी गई। दूसरे मामले में 26 अक्टूबर को एक अन्य यात्री के ट्रॉली बैग से इसी तरह के पदार्थ से भरी पॉलीथीन की छह पुड़िया बरामद की गईं। इनका कुल वजन 5,426 ग्राम था और इनकी कीमत करीब 1.89 करोड़ रुपये बताई गई। बयान के अनुसार, शुरुआती जांच में दोनों मामलों में बरामद पदार्थ गांजा/मारिजुआना पाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थों को स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 की धारा 43(ए) के तहत जब्त किया गया, जबकि दोनों यात्रियों को इसी अधिनियम की धारा 43(बी) के तहत गिरफ्तार किया गया।

47 लाख रुपये से अधिक का सोना जब्त, दो पकड़े

सीमा शुल्क अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शारजाह से आए दो यात्रियों के पास से 332 ग्राम वजन की सोने की दो चेन जब्त की हैं, जिनकी कीमत करीब 47.38 लाख रुपये आंकी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यात्रियों को 26 अक्टूबर को टर्मिनल-तीन पर ग्रीन चैनल पार करने के बाद उनकी गतिविधियों के आधार पर संदिग्ध पाए जाने पर रोका गया। बयान में कहा गया कि उनके सामान की जांच में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली, लेकिन डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) से गुजरने के दौरान तेज बीप की आवाज आने पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने उनकी व्यक्तिगत तलाशी ली। इस दौरान यात्रियों के अंतर्वस्त्रों में छिपाकर रखी गई 999 शुद्धता वाली सोने की दो चेन बरामद हुईं। इनका कुल वजन 332 ग्राम था। चेन को काले टेप और कार्बन पेपर में लपेटकर रखा गया था। बयान में कहा गया कि जब्त सोने की अनुमानित बाजार कीमत 47.38 लाख रुपये है और इसे सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 110 के तहत जब्त किया गया है।

डीयू: तमिलनाडु से आई टीम को दिल्ली में कराया दौरा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय की प्रमुख पहल एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय में युवा संगम के सातवें चरण-7 में तमिलनाडु से आए 55 सदस्यीय टीम को दिल्ली में विभिन्न स्थानों का दौरा कराया गया। गांधी भवन के संयुक्त निदेशक प्रोफेसर हंसराज सुमन ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के चौथे दिन का मुख्य आकर्षण हरियाणा-पंजाब की एकता का संदेश देना रहा। गांधी भवन के निदेशक एवं युवा संगम के नोडल ऑफिसर प्रो. के पी सिंह ने तमिलनाडु से आए विद्यार्थियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम में गर्मजोशी से स्वागत किया। इस कार्यक्रम में डीयू छात्रों ने हरियाणवी व पंजाबी एकता का संदेश दिया। युवा संगम फेज- 7 की टीम को दिल्ली हाट, इंडिया गेट, लाल किला, दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज आदि का दौरा कराया गया। आज के दौरे के दौरान फूड फेस्टिवल, हस्तकला प्रदर्शनी, भाषा संगम, ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण और मेरी संस्कृति मेरा गौरव विषय पर छात्रों ने कैंपस में युवा संवाद का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर चारू कालरा, प्रोफेसर मनोज कुमार कैन, डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. अनिरुद्ध कुमार सुधांशु, डॉ. मनीष कुमार आदि हैं।

एक हजार किलो से अधिक के पटाखे जब्त, 10 प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने त्योहारों के मद्देनजर अवैध पटाखों की बिक्री और भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्तर जिले में 10 प्राथमिकी दर्ज की हैं और कुल 1,073.426 किलोग्राम पटाखे जब्त किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उत्तर दिल्ली की पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) निहारिका भट्ट के अनुसार, सबसे पहले 16 अक्टूबर को लाहौरी गेट इलाके से 88.916 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद 18 अक्टूबर को बुराड़ी में हिमगिरी के बी-ब्लॉक की गली नंबर 11 से 75.530 किलोग्राम और कोतवाली इलाके में अंगूरी बाग फूल वाला रोड पर प्रभा धर्मशाला के पास से 93 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि 23 अक्टूबर को सब्जी मंडी इलाके में 272.58 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए।

अधिकारी ने बताया कि 24 अक्टूबर और 25 अक्टूबर को बाड़ा हिंदू राव के महावीर बाजार इलाके में तीन मामलों में कुल 178.50 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए। इनमें दो मामलों में 49.7 किलोग्राम और तीसरे मामले में 128.8 किलोग्राम पटाखे बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, 25 अक्टूबर को सब्जी मंडी इलाके में एक अन्य स्थान से 318.5 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए जबकि 27 अक्टूबर को दो अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली इलाके में मोती सिनेमा के पास से 14.6 किलोग्राम और सब्जी मंडी इलाके में रोशनआरा रोड पर पुल बंगश के पास से 31.8 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई लाहौरी गेट, बुराड़ी, कोतवाली, बाड़ा हिंदू राव और सब्जी मंडी थाना क्षेत्रों में की गई। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने सभी 10 मामलों में भारतीय न्याय संहिता तथा विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की हैं।

जहांगीरपुरी में व्यक्ति ने अपने घर में लगाई आग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ दमकलकर्मी 25 फीसदी जला

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी में शराब के आदी 30 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में कथित रूप से आग लगा दी, जिससे गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया और आग बुझाने के दौरान एक दमकलकर्मी 25 फीसदी तक झुलस गया। पुलिस और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जहांगीरपुरी में एक मकान में पूर्वाह्न 11.26 बजे आग लगने की सूचना मिली और शुरुआती जांच में सामने आया कि शराब पीने की आदि भरत ने कथित रूप से अपने घर में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त उसकी मां राज रानी घर में ही मौजूद थी। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि दमकलकर्मियों की टीम आग बुझाने में जुटी थी, तभी गैस सिलेंडर फट गया और दमकलकर्मी अंकित (32) का चेहरा, बाल और दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए। डीएफएस ने बताया कि अंकित को बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें एम्स भेज दिया गया। डीएफएस ने बताया कि वह 25 फीसदी तक झुलस गए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे तक बुझा दिया गया था। पुलिस ने बताया कि भरत के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

डीएमआरसी ने किया पिंक लाइन पर रीयल-टाइम कार ऑक्यूपेंसी स्टेटस डिस्प्ले का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मेट्रो यात्रियों को और अधिक सुविधाएं देने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि मैजेंटा लाइन पर रीयल-टाइम कार ऑक्यूपेंसी कोच में यात्रियों की संख्या / भार की सफल व्यवस्था को देखते हुए इसे आगे बढ़ाया है। डीएमआरसी ने अब आने वाली ट्रेनों के कोच-वाइज ऑक्यूपेंसी स्टेटस के प्रदर्शन की सुविधा को पिंक लाइन-7 मजलिस पार्क - शिव विहार / मौजपुर - बाबरपुर (सर्कुलर लाइन) के स्टेशनों पर रीयल-टाइम कार ऑक्यूपेंसी स्टेटस डिस्प्ले स्थापित किया है। यह प्रणाली कोच में लगे लोड सेंसरों की मदद से प्रत्येक कोच के वर्तमान भार की गणना करती है और उसकी तुलना खाली कोच के भार से करती है। इस डेटा के आधार पर प्रत्येक कोच (सी 1, सी 2, सी 3, सी 4, सी 5 और सी 6 के रूप में प्रदर्शित करती है। जिसमें यात्री भार के अनुमानित प्रतिशत की गणना की जाती है और ट्रेन आने से ठीक पहले प्लेटफॉर्म की यात्री सूचना प्रदर्शन प्रणाली स्क्रीन पर इसे प्रदर्शित कर दिया जाता है। चूंकि लाइन-7 एक रिंग (सर्कुलर) कॉरिडोर है, अतः इस पर डेटा इंटरलिंकिंग को लागू करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। दयाल ने बताया कि सुगम और सटीक बोर्डिंग निर्णय के तहत इन डिस्प्ले बोर्ड की सहायता से यात्री पहले से ही कम भीड़ भाड़ वाले कोचों की पहचान कर प्लेटफार्म पर उनकी ओर जा सकते हैं। जिससे अत्यधिक भीड़ वाले डिब्बों में खड़े रहने की विवशता काफी हद तक कम होगी। उन्होंने बताया कि इससे सभी कोचों में यात्रियों का संतुलन बेहतर होता है, जिससे समग्र यात्रा आरामदायक बनती है और किसी एक डिब्बे में अनावश्यक भीड़ नहीं होती। खासकर सुबह और शाम के व्यस्ततम समय में यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, जब कुछ विशिष्ट कोच अन्य कोचों की तुलना में तेजी से भर जाते हैं। इससे ट्रेन आने के बाद यात्रियों को खाली जगह खोजने के लिए पूरे प्लेटफॉर्म पर भाग दौड़ की आवश्यकता नहीं होगी।

बेगुनाह सिखों के कत्लेआम के लिए माफी मांगे राहुल: मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ त्योहारी सीजन के नुकसान की भी कांग्रेस को परवाह नहीं

देश का सिख समाज चाहता है कि कांग्रेस राहुल गांधी को 1 नवम्बर 2026 को री-लांच करने से पहले 1 नवम्बर 1984 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बेगुनाह सिखों के किए कत्लेआम के लिए माफी मांगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर के 4 दिन भारत के इतिहास में विशेष कर सिख समाज के जीवन की यादों में बेहद काले दिन हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 31 अक्टूबर 1984 की शाम से लेकर 3 नवम्बर 1984 तक हजारों बेगुनाह सिखों का कत्लेआम किया था, उनके घर दुकान लूटे एवं जलाए थे। हर्ष मल्होत्रा ने कहा है कि ऐसे में कांग्रेस द्वारा अपने हारे हताश युवराज राहुल गांधी को राजनीतिक रूप से री-लांच करने के लिए 1 नवम्बर 2026 को दिल्ली में रैली का आयोजन करके सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्ली के अनेक सिख नेताओं ने, सिख संस्थानों के प्रबंधकों ने पिछले दस दिन से भाजपा नेताओं से मिलकर उनकी भावनाओं को सर्वसमाज के समक्ष रखने में सहयोग की मांग की है। इसके अलावा दिवाली सप्ताह में कांग्रेस द्वारा एक बड़ी रैली रखने से दिल्ली के व्यापारी त्रस्त हैं, उन्हे लगता है कि शनिवार और रविवार को हजारों बाहरी वाहन आने से ट्रैफिक जाम होगा और उनका व्यापार ठप्प हो जायेगा। दिल्ली के व्यापारी लगातार कांग्रेस नेताओं से अपील कर रहे हैं की वह रैली दिवाली बाद तक स्थगित कर दें पर वह टस से मस नहीं हो रहे।

लोक सेवा में ईमानदारी और जवाबदेही जरूरी: विजेंद्र गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ दिल्ली विधानसभा में भ्रष्टाचार मुक्त शासन के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता

लोक सेवा में ईमानदारी और जवाबदेही जरूरी है। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आहवान करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमें स्वयं से यह प्रश्न करना चाहिए कि हमारे कार्यों का कितना हिस्सा हमारे विवेक, हमारी प्रतिबद्धता और हमारी ईमानदारी से प्रेरित होता है। इस दौरान 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' थीम के तहत शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का आयोजन, भ्रष्टाचार मुक्त शासन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि संस्थानों की मजबूती केवल व्यक्तियों से नहीं, बल्कि उनमें कार्यरत सभी लोगों की सामूहिक प्रतिबद्धता से आती है।

व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर आधारित सत्यनिष्ठा की संस्कृति विकसित करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि लोक सेवा में ईमानदारी केवल निर्धारित प्रक्रियाओं के पालन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह व्यक्ति की आंतरिक प्रतिबद्धता और दृढ़ विश्वास का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने आचरण का ईमानदारीपूर्वक आत्ममूल्यांकन करने का आग्रह करते हुए कहा कि व्यक्तिगत प्रतिबद्धता, निष्ठा और जवाबदेही में निरंतर सुधार से ही संस्थागत सत्यनिष्ठा को और सुदृढ़ किया जा सकता है।

किसान सम्मान निधि की किस्त जारी होने पर कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली के उजवा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ने 24वीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त जारी होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कुल 180 प्रतिभागियों, जिनमें किसान, महिला किसान एवं कृषि विस्तार अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ केवीके में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. डी के राणा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ हुआ। अपने स्वागत संबोधन में डॉ. राणा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं कृषि तकनीकी प्रसार कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना।

दूसरे दिन भी झमाझम होती रही बारिश, 63 मिमी बरसा पानी, आज से लग सकता है ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी राजधानी दिल्ली में बारिश का दौर जारी रहा। जिसके चलते जहां एक तरफ कई जगह जलभराव से जाम जैसे हालात देखने को मिले वहीं प्रदूषण के साथ साथ पारे में और गिरावट दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार सुबह सफदरजंग वेधशाला ने 61.4 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि सबसे ज्यादा पानी लोधी रोड में 63.4 मिमी बरसा। जबकि शाम साढ़े पांच बजे तक के आंकड़े देर रात तक जारी नहीं हुए। आईएमडी ने बारिश को लेकर जहां बीते कल ग्रीन अलर्ट जारी किया था, उसे बाद में येलो अलर्ट किया गया। गुरुवार की पूरी रात रह रहकर होने वाली बारिश का शुक्रवार को भी पूरे दिन ऐसा ही हाल रहा। शाम साढ़े चार बजे के करीब आसमान साफ हुआ और सूरज ने बादलों से झांक कर देखा। आईएमडी ने ताजा अनुमान में कहा है कि शनिवार को बारिश होने की संभावना नहीं है। यानी की एक बार फिर बारिश पर ब्रेक लग सकता है। आईएमडी के जारी आंकड़ों के अनुसार सफदरजंग वेधशाला ने अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 5.6 डिग्री की भारी गिरावट है। वहीं न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो गुरुवार की तुलना में दो डिग्री से अधिक की गिरावट दर्शाता है।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रवीण, पुत्र:** श्याम लाल, **निवासी:** सी–207, सेक्टर–1, अवंतिका, रोहिणी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 896/2014 U/s 356/379/411 IPC, थाना: साउथ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रवीण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रवीण** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 896/2014 U/s 356/379/411 IPC, थाना: साउथ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रवीण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री जितेन्द्र
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
कमरा नं. 208, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15002/RD/2026
(Court Matter)

दो महीनों में 30 एनफोर्समेंट ड्राइव चलाए, जांच और सैंपलिंग लेने की प्रक्रिया को किया तेज

दिल्ली में खाद्य सुरक्षा विभाग ने की बड़ी कार्रवाई: डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में पिछले दो महीनों में खाद्य सुरक्षा विभाग ने 30 एनफोर्समेंट ड्राइव के दौरान बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 290 खाद्य पदार्थ के नमूनों में से 85 खाद्य नमूने असुरक्षित या निर्धारित मानकों से कम गुणवत्ता के पाए गए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विभाग ने खाद्य पदार्थों की जांच और सैंपलिंग लेने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। विशेष रूप से नवरात्रि और आगामी त्योहारी सीजन के दौरान मिठाइयों, दूध से बने उत्पादों और अन्य खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को देखते हुए निगरानी बढ़ाई गई है। इस दौरान फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने खाने-पीने की चीजों के 290 नमूने एकत्र किए, जिनमें से 85 नमूने असुरक्षित या निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। विभाग ने विशेष रूप से घी, पनीर, खोया और मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच पर विशेष ध्यान दिया। इसके लिए दिल्ली के मोरी गेट खोया मंडी, ओखला और जनकपुरी समेत संवेदनशील इलाकों और थोक बाजारों में बार-बार जांच अभियान चलाए गए। विभाग ने अपने प्रमुख प्रवर्तन अभियानों के दौरान खोया, पनीर और मिठाइयों सहित 4000 किलोग्राम से अधिक खराब गुणवत्ता वाले खाद्य सामग्री को नष्ट किया। हाल ही में दिल्ली के निहाल विहार में बिना लाइसेंस के चल रही मिठाई बनाने वाली इकाइयों पर छापेमारी की गई। इस दौरान 12 जगहों की पहचान करने के साथ 400 किलोग्राम तैयार मिठाइयां नष्ट की गईं और जांच के लिए 14 सैंपल एकत्र किए गए।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग दिल्ली भर में प्रवर्तन, निगरानी और नमूना लेने की प्रक्रिया जारी रखेगा। इस दौरान उन खाद्य उत्पादों और प्रतिष्ठानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिनकी अधिक गहन जांच की आवश्यकता है। खाद्य व्यवसाय संचालकों से आग्रह किया गया है कि वे तय स्वच्छता मानकों का पालन करें और खाद्य सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि राजधानी दिल्ली में खाद्य पदार्थों की जांच, सैंपल लेने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। विशेष रूप से उन खाद्य उत्पादों और प्रतिष्ठानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां अधिक सतर्कता की आवश्यकता है। विभाग ने सभी खाद्य व्यवसाय कारोबारियों से निर्धारित स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने और खाद्य सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

ई-कॉमर्स ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म और रेस्तरां भी जांच के दायरे में

मंत्री डॉ. पंकज के अनुसार, खाद्य सुरक्षा विभाग की यह कार्रवाई केवल थोक बाजारों और खाद्य निर्माण इकाइयों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें रेस्तरां, क्लब, बैंक्वेट हॉल, खुदरा दुकानें और ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म से जुड़े डार्क स्टोरों का भी बारीकी से निरीक्षण किया गया। इनमें स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, अमेजन और रिलायंस जैसे प्लेटफॉर्म से जुड़े ई-कॉमर्स 'डार्क स्टोर' भी शामिल थे। इसके अलावा यूट्यूब और इंस्टाग्राम के जरिए खाद्य पदार्थ बेचने वाले थोक विक्रेताओं की भी जांच की गई।

अस्पतालों की रसोई में खाद्य सुरक्षा का निरीक्षण

सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच के लिए अस्पतालों की रसोई में खाद्य सुरक्षा और साफ-सफाई से जुड़े नियमों के पालन का आकलन करने के लिए निरीक्षण किए गए। इसके अलावा नवरात्रि के दौरान व्रत में इस्तेमाल होने वाले खाद्य पदार्थों की विशेष निगरानी रखी गई। इसके तहत कुट्टू का आटा, समा के चावल, सिंघाड़े का आटा और साबूदाना जैसे उत्पादों पर विशेष ध्यान दिया गया। विभाग ने 'सीएम जन-सुनवाई' और अन्य सार्वजनिक जनशिकायत निवारण माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर भी कार्रवाई की।

बेकरी इकाइयों का निरीक्षण, दो को सुधार का नोटिस देने की सिफारिश

स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि हाल ही में चलाए गए एक विशेष निरीक्षण अभियान के तहत सात बेकरी निर्माण और खुदरा इकाइयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जांच के लिए खाद्य पदार्थों के 10 सैंपल एकत्र किए गए। साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा नियमों के पालन से संबंधित जांच के बाद दो प्रतिष्ठानों को सुधार संबंधी नोटिस जारी करने की सिफारिश की गई।

खाद्य सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग को खास तौर पर निर्देश दिया गया है कि वह खाद्य आपूर्ति चेन में खाद्य पदार्थों के निर्माण से लेकर थोक बाजारों, खुदरा दुकानों, रेस्तरां और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक हर स्तर पर कड़ी निगरानी रखे। विशेष रूप से त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम में निरीक्षण और सैंपलिंग लेने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि खाद्य कारोबारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके और उपभोक्ताओं को असुरक्षित खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके।

उत्तर रेलवे

इ–निविदा (इ–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ–निविदा आमंत्रण।

1	कार्य का नाम	वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/नई दिल्ली के अंतर्गत ट्रैक के निरीक्षण और ठंड के मौसम में ट्रैक की गश्त (पेट्रोलिंग) के लिए दो साल की अवधि हेतु आउटसोर्स किए गए पेट्रोलमैन को काम पर रखना।
2	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)	Rs. 3,04.96,477.18 ((रुपये तीन करोड़ चार लाख छियानवे हजार चार सौ सतहतर और अठारह पैसे मात्र।
3	बयाना राशि (रुपये)	Rs. 3,02,490/- (रूपये तीन लाख दो हजार चार सौ नब्बे मात्र)
4	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये)	Rs. 0.00
5	निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय	18.11.2026 को 15:00 बजे तक।
6	वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	निविदा www.gem.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध।
7	आवंटन	04–11–249

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए साइट यानी www.gem.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। सं.: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/2026–27/W-1 दिनांक : 29.10.2026 3801/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आप के नेता प्रवीण कुमार ने मिड डे मील का मुद्दा उठाते हुए बच्चों को घटिया आहार परोसने से लेकर पूरी योजना को भ्रष्टाचार की जननी बताया

बैठक में विपक्ष ने मिड डे मील सहित अन्य मुद्दों पर घेरा, भाजपा पार्षदों ने भी सुनाया दुखड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में जहां विपक्ष ने कई मुद्दों पर सत्ता पक्ष को घेरा, वहीं सत्ता पक्ष के पार्षदों ने भी अधिकारियों की अनसुनी व अन्य मुद्दों पर अपना दुखड़ा रोया। बैठक में आम आदमी पार्टी के नेता प्रवीण कुमार ने मिड डे मील का मुद्दा उठाते हुए बच्चों को घटिया आहार परोसने से लेकर पूरी योजना को ही भ्रष्टाचार की जननी बताया। प्रवीण ने स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा से पूछा कि मिड डे मील योजना इस तरह से बनाई गई है कि कोई भी संस्था निगम के 1555 स्कूलों में पढ़ने वाले 6 लाख से अधिक बच्चों को पौष्टिक आहार दे ही नहीं सकती। वहीं भाजपा पार्षद शशी यादव ने मांग की कि 22 अक्टूबर को हाउस की बैठक में विपक्ष द्वारा जो तोड़फोड़ की गई उसका पूरा हर्जाना दोषी पार्षदों से वसूलना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने दिवाली को लेकर सफाई व्यवस्था की क्या क्या तैयारियां की गई है उसको लेकर सवाल पूछे। वहीं स्थायी समिति उपाध्यक्ष सतपाल ने देश के बंटवारे के समय भारत आए रिफ्यूजियों के मकानों का मुद्दा उठाते हुए उनको जल्द से जल्द मालिकाना हक देने की वकालत की। जबकि भाजपा के ही हेमचंद गोयल ने समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा की हर वार्ड में महिला पार्क की योजना पर ही सवाल उठाते हुए पूछा कि जिस वार्ड में कूड़ा घर की तक जगह नहीं, वहां महिला पार्क कैसे बनाया जाएगा। गोयल ने अनेक निगम पार्कों में पानी की कमी का मुद्दा भी उठाया। आप की राफिया माहिर ने सिविक सेंटर के पास निगम के शहनाई बैंक्वेट हॉल का मुद्दा उठाया।



बैठक से गायब रहने वाले अधिकारियों से अध्यक्ष सहित पार्षद नाराज

बैठक में आला अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी यह ने समझे कि उनका कुछ नहीं हो सकता। सत्या शर्मा ने ऐसे अधिकारियों को चेताया कि वह शायद स्थायी समिति की ताकत को जानते नहीं है। उन्होंने कहा कि अगली बार से जो भी अधिकारी बैठक में मौजूद नहीं होगा उसे पहले इसकी जानकारी देनी होगी। ऐसा नहीं कि बैठक में पार्षद सवाल पूछे रहे है और संबंधित आला अधिकारी गायब है।

सड़कों की सफाई के लिए करोड़ों का फंड, बैरियर मुक्त टोल व्यवस्था को मंजूरी

बैठक में सत्या शर्मा ने प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 924 करोड़ की सड़क सफाई योजना और बैरियर मुक्त टोल व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। एमसीडी की 70 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें 10 साल तक सड़कों की सफाई करेगी। वहीं दिल्ली के 126 प्रवेश बिंदुओं पर लागू होगी मल्टी लेन फ्री फ्लो तकनीक यानी बैरियर मुक्त टोल वसूली व्यवस्था लागू करने को मंजूरी दी गई है। जबकि जन-स्वास्थ्य विभाग के 1066 रिक्त पद भरने की प्रक्रिया भी शुरू करने के निर्देश दे दिए गए। सत्या शर्मा ने सभी जोनों के उपायुक्तों को अपने कार्यालयों का औचक निरीक्षण के आदेश दिए।

खबर संक्षेप

एसआईआर के तहत अब 25 नवंबर तक कर सकते है दावे व आपत्तियां दर्ज

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की समय सीमा एक बार फिर 30 अक्टूबर से बढ़ाकर 25 नवंबर 2026 कर दी गई है। चुनाव आयोग के इस फैसले से ऐसे लोगों को राहत मिली है जो विभिन्न कारणों से अभी तक अपना जुड़वाने या सुधारने के लिए फार्म जमा नहीं कर सके थे। इस बारे में दिल्ली के मुख्य चुनाव कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अब मतदाता सूची संशोधन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 नवंबर तक बढ़ा दी गई है, यानी कोई भी वैध मतदाता अपनी आपत्ति व दावे दर्ज कर सकता है। इसके बाद दावे और आपत्तियों का निस्तारण 15 दिसंबर 2026 तक होगा। जबकि आयोग अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 दिसंबर 2026 को करेगा।

लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा : सूद

नई दिल्ली। गत दिनों न्यू सीमापुरी में इमारत गिरने की दुखद घटना मामले में किसी भी दोषी व्यक्ति या लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने इस दुखद घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश देने के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी तत्काल प्राथमिकता प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना है। इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की जान चली गई है। इस घटना की जांच उत्तर-पूर्वी जिले के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) करेंगे।

'एक घंटे में बुक हुए सभी 1,648 अतिरिक्त फ्लैट'

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की आवास निवेश योजना-2026 को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। योजना के तहत उपलब्ध कराए गए सभी 1,648 अतिरिक्त निम्न आय वर्ग (एलआईजी) फ्लैटों की ऑनलाइन बुकिंग 29 अक्टूबर, 2026 को दोपहर 12 बजे शुरू होने के महज एक घंटे के भीतर पूरी हो गई। डीडीए प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रशासन के अनुसार, दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू द्वारा योजना की लगातार निगरानी की गई। योजना की इस सफलता से किफायती आवास उपलब्ध कराने की डीडीए की प्रतिबद्धता के प्रति जनता का विश्वास एक बार फिर सामने आया है।

दिव्यांगजनों के लिए सुगम बुनियादी ढांचा और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्धः रेखा

मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों के लिए 'दिवाली बाजार' का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिव्यांगजनों के लिए सुगम बुनियादी ढांचा और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन के परिसर में आयोजित प्रसिद्ध 'दिवाली बाजार 2026' के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की शारीरिक चुनौती उसकी प्रतिभा, क्षमता और सपनों की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए। दृष्टिबाधित नागरिकों में भी अपार हुनर, रचनात्मकता और आत्मनिर्भर बनने की क्षमता है। आवश्यकता इस बात की है कि समाज उनके हुनर को पहचाने, उन्हें प्रोत्साहित करे और उनके उत्पादों को अपनाकर उनके आर्थिक सशक्तीकरण में भागीदार बने। दिल्ली सरकार भी राजधानी के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह सुगम और सुलभ बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है, ताकि दिव्यांगजनों को सम्मानजनक जीवन और समान अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने बाजार में लगे विभिन्न स्टॉलों का दौरा किया, खरीदारी की और दृष्टिबाधित व्यक्तियों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन के कार्यों की सराहना भी की।

किसी भी व्यक्ति की शारीरिक चुनौती उसकी प्रतिभा, क्षमता और सपनों की राह में बाधा नहीं बननी चाहिए : रेखा गुप्ता



दृष्टिबाधित व्यक्तियों के हुनर को करे प्रोत्साहित

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे इस दिवाली बाजार में आएं, यहां के उत्पाद खरीदें और दृष्टिबाधित व्यक्तियों के हुनर को प्रोत्साहित करने में अपनी भूमिका निभाएं। दिवाली बाजार में खरीदारी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार मुख्यमंत्री जनसेवा सदन के लिए आवश्यक सजावटी और उपयोगी सामान इस मेले से भी खरीदा जाएगा। यहां दृष्टिबाधित कारीगरों और युवाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद उनकी मेहनत, कला और रचनात्मकता का परिचय देते हैं। ऐसे उत्पादों को खरीदना केवल खरीदारी नहीं, बल्कि इन प्रतिभाशाली लोगों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने का प्रयास है।

'बढ़ाया दृष्टिबाधित युवाओं का उत्साह'

मुख्यमंत्री संस्था के दृष्टिबाधित युवाओं द्वारा संचालित 'कैफे मस्त' में भी पहुंची और वहां भोजन किया। यह कैफे संस्था के मल्टी-स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम से जुड़े युवाओं द्वारा संचालित किया जाता है, जहां वे भोजन तैयार करने से लेकर ग्राहक सेवा और लेन-देन तक की जिम्मेदारियां स्वयं संभालते हैं। उन्होंने युवाओं के इस आत्मविश्वास और कार्यकुशलता की सराहना की। ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन द्वारा आयोजित दिवाली बाजार पिछले 45 वर्षों से अधिक समय से दिल्ली की दिवाली परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है। इस वर्ष 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाले सात दिवसीय बाजार में 250 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

'पंजाब में पराली जलाने के कारण दिल्ली में हवा की गुणवत्ता हो रही प्रभावित'

नई दिल्ली। दिल्ली में मिली राजनीतिक हार का बदला अब आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल दिल्ली की जनता से ले रहे हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने पंजाब में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं को लेकर आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि पंजाब में पराली जलाने की 1,007 घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें से 672 घटनाएं तरनतारन, अमृतसर और फिरोजपुर में दर्ज की गई हैं। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, तब वे और उनकी पार्टी के नेता बार-बार पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं को दिल्ली के प्रदूषण का प्रमुख कारण बताते थे। आज पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, लेकिन पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार किसानों पर पराली जलाने के लिए दबाव बना रही है, जिससे दिल्ली की हवा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए व्यापक और तकनीक आधारित रणनीति पर काम कर रही है। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) के माध्यम से प्रदूषण से संबंधित गतिविधियों की लगातार निगरानी की जा रही है। विभिन्न विभागों और प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े उपायों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सहजता, सरलता और आत्मीयता भारतीय जीवन मूल्यों की सुंदर अभिव्यक्ति है। सेवा, समरसता और अंत्योदय के प्रति उनका समर्पण तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बहुमूल्य समय प्रदान करने तथा स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद के लिए राष्ट्रपति के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की।



यमुना को लेकर खोली भाजपा के झूठ की पोल : सौरभ

नई दिल्ली। भाजपा सांसद मनोज तिवारी के यमुना नदी को साफ सुथरा बताने व उसमें डुबकी लगाने को आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक बार फिर गलत बताते हुए दावा किया इस बार भी व्रतधारी गंदे पानी में डुबकी लगाएंगे। भारद्वाज ने कहा कि आप ने भाजपा के झूठ की पोल खोल दी है। अगर भाजपा के मंत्री प्रवेश वर्मा व सांसद मनोज तिवारी के दावे सही है तो वह आएं और कालिंदी कुंज स्थित यमुना में डुबकी लगाकर दिखाए।

सीएम ने चाणक्यपुरी में नवीनीकृत गोवा निवास का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली वास्तव में भारत का एक 'मिनी इंडिया' है, जहां हर राज्य की सहभागिता स्पष्ट दिखाई देती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को चाणक्यपुरी स्थित नवीनीकृत गोवा निवास के औपचारिक उद्घाटन के अवसर पर यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि गोवा के अनेक परिवार भी वर्षों से दिल्ली में रहकर इसकी प्रगति में योगदान दे रहे हैं। राजधानी में विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस और प्रमुख त्योहार सामूहिक रूप से मनाए जाते हैं, ताकि देश की विविध संस्कृतियों को एक साझा और सशक्त मंच मिल सके। मुख्यंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं, गोवा की पारंपरिक स्थापत्य कला और सांस्कृतिक पहचान के बेहतरीन समन्वय से तैयार यह भवन राजधानी दिल्ली में गोवा की समृद्ध विरासत और परंपराओं की एक जीवंत झलक प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गोवा सरकार और भवन के जीर्णोद्धार से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह भवन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और 'विकास भी, विरासत भी' के विजन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस कार्यक्रम में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, गोवा सरकार के मंत्री दिगंबर वी. कामत सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वुमेन के पास विशेष पिंक बूथ का उद्घाटन

सुरक्षित दिल्ली ही विकसित दिल्ली की नींवः उपराज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सुरक्षित दिल्ली ही विकसित दिल्ली की नींव है। महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता बनी हुई है। दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधु ने शुक्रवार को इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वुमेन की छात्राओं के अनुरोध पर उत्तरी जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कॉलेज के पास एक विशेष पिंक बूथ के उद्घाटन पर यह बात कही।

उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करना तथा महिलाओं की शिकायतों का आसानी से और त्वरित निवारण सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस और आम जनता के बीच निर्बाध एवं प्रभावी संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया। उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक छात्रा स्वयं को सुरक्षित महसूस करे, उसे आवश्यक सहयोग मिले और उसकी बात को गंभीरता से सुना जाए। वहीं, उपराज्यपाल संधू ने दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव स्थित दिल्ली पुलिस पब्लिक स्कूल के सम्मान समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित किया तथा उनसे संवाद किया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।



सांसदों के साथ संधु ने की बैठक

दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधु ने शुक्रवार को लोक निवास में दिल्ली में दिल्ली के सांसदों से मुलाकात की। इस दौरान दिल्ली के विकास की प्राथमिकताओं और अब तक हुई प्रगति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। साथ ही, राजधानी के लोगों की सेवा में मिलकर काम करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

खबर संक्षेप

प्रदर्शनी और मेडिकल कैंप का आयोजन



फरीदाबाद। पुलिस शहीदी दिवस एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में फरीदाबाद पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 30 अक्टूबर को पुलिस लाइन फरीदाबाद में हथियारों की प्रदर्शनी एवं पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को पुलिस बल की आधुनिक कार्यप्रणाली एवं हथियारों की जानकारी देने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूक करना रहा। पुलिस ने बताया कि पुलिस महानिदेशक कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के तहत 21 से 31 अक्टूबर तक पुलिस शहीदी दिवस एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

5 पेटी रॉयल स्टेग, 1 पेटी गोल्फर शॉट बरामद

फरीदाबाद। जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर कार्रवाई के चलते क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने 4 पेटी बियर, 5 पेटी



रॉयल स्टेग, 1 पेटी गोल्फर शॉट शराब बरामद की हैं, अपराध शाखा की टीम ने छांयसा निवासी दीपक व गांव जाजरु वासी शिवम को अवैध शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 29 अक्टूबर 2026 को क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम क्षेत्र में गश्त एवं धरपकड़ के लिए मौजूद थी। इसी दौरान टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि दो लडके दीपक व शिवम सेक्टर-59 जीटी रोड से सुभाष कालोनी में स्कूटी पर बिना किसी वैध लाइसेंस अथवा परमिट के अवैध रूप से शराब बेचने जा रहे है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर रेड कर नियमानुसार कार्रवाई की। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान 4 पेटी बियर, 4 पेटी रॉयल स्टेग हाफ, 1 पेटी रॉयल स्टेग पव्वा, 1 पेटी गोल्फर शॉट हाफ शराब बरामद हुई है।

बीपीएल कार्ड धारकों को मुफ्त मिलेंगी सेवाएं

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में 'मनो-सुकून' क्लीनिक शुरू मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के साथ दो नए शोध केंद्र भी लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को बेहतर परामर्श सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में गुरुग्राम विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. संजय कौशिक ने शुक्रवार को परिसर में 'मनो-सुकूनः मानसिक कल्याण क्लिनिक' का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने दो नए शोध केंद्रों'सेंटर फॉर प्रिवेंशन एंड इंटरवेंशन ऑफ सब्स्टेंस एब्यूज' और 'सेंटर फॉर वुमेन्स हेल्थ एंड वेलबीइंग' का भी शुभारंभ किया। क्लिनिक का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान, परामर्श और मनोसामाजिक सहायता उपलब्ध कराना है।



दो झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों के निवासियों को मुफ्त सेवाएं मिलेगी

परामर्श लेने के इच्छुक व्यक्ति विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से देश के अनुभवी मनोचिकित्सकों तथा क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट से अपॉइंटमेंट ले सकते हैं। बीपीएल कार्ड धारकों के साथ-साथ मनोविज्ञान विभाग द्वारा गोद लिए गए दस गांवों और दो झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों के निवासियों को क्लिनिक में निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो.गायत्री रैना ने इस अवसर पर कहा कि मनोवैज्ञानिक समस्याओं और मादक द्रव्यों के सेवन का स्थायी समाधान केवल उपचार तक सीमित नहीं हो सकता। समय पर पहचान, प्रभावी परामर्श, पारिवारिक सहयोग और सामाजिक जागरूकता भी समान रूप से आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि नए केंद्र इस दिशा में शोध और प्रभावी हस्तक्षेप को बढ़ावा देंगे। विश्वविद्यालय की यह पहल आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में मददगार होगी। इसके अलावा मनोविज्ञान विभाग द्वारा गोद लिए गए 10 गांवों और दो झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों के निवासियों को भी मुफ्त सेवाएं मिलेंगी।

टीम सेवाएं प्रदान करेगी

इस मौके पर कुलगुरु प्रो. संजय कौशिक ने कहा कि मानसिक समस्याओं का समाधान केवल इलाज प्रदान करना है। यह क्लिनिक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं की शीघ्र पहचान, परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने तथा विश्वविद्यालय समुदाय व आम जनमानस में भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहेगा। क्लिनिक में अनुभवी मनोचिकित्सक तथा क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट की टीम सेवाएं प्रदान करेगी।

राजनीतिक एवं व्यक्तिगत मतभेद भुलाकर महापंचायत में शामिल होने की अपील

दहेज मुक्त विवाह, नशा मुक्त और शिक्षित समाज के संकल्प के साथ 1 नवंबर को होडल में वाल्मीकि समाज की महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

दहेज मुक्त विवाह, नशा मुक्त एवं शिक्षित समाज की स्थापना के उद्देश्य से आगामी 1 नवंबर को होडल में पूर्व विधायक जगदीश नायर के आवास के सामने स्थित पार्क में वाल्मीकि बिरादरी की महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर आज समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, बुजुर्गों एवं चौधरियों ने विचार-विमर्श किया तथा प्रेस वार्ता के माध्यम से समाज के सभी वर्गों से महापंचायत में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। आज स्थानीय कान्फ्रेंस हाल में वाल्मीकि बिरादरी के जिला सरदार चौ. सितारा ने की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई प्रैस वार्ता में दिल्ली, उत्तरप्रदेश व एनसीआर के लोगों ने भाग लिया। इस पंचायत का आयोजन नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महा सचिव सुनील चिंडालिया, सचिव अजय शास्त्री आदि।

समाज के सभी वर्गों से महापंचायत में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की



गरीब परिवार पिछड़ेपन से जूझ रहेः नरेश शास्त्री

नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि शिक्षा और रोजगार के अवसरों की कमी के कारण समाज के अनेक परिवार गरीबी एवं पिछड़ेपन से जूझ रहे हैं। सफाई एवं सीवर के असुरक्षित कार्यों के दौरान होने वाली मौतें भी गंभीर चिंता का विषय हैं। श्रमिकों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के साथ नई पीढ़ी के लिए बेहतर शिक्षा तथा विविध रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने पर सामूहिक विचार-विमर्श जरूरी है। जगदीश नायर एवं नरेश कुमार शास्त्री ने स्पष्ट किया कि यह महापंचायत किसी व्यक्ति का राजनीतिक कद बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि समाज को नई दिशा देने और सामाजिक सुधार की साझा पहल के लिए आयोजित की जा रही है।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री एवं होडल के पूर्व विधायक जगदीश नायर ने कहा कि महापंचायत का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना, शिक्षा को बढ़ावा देना तथा दहेज, नशाखोरी एवं अंधविश्वास जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक जनजागरण की दिशा तय करना है। उन्होंने कहा कि दहेज की मांग और विवाह में दिखावे व अनावश्यक खर्च के कारण अनेक परिवार कर्ज तथा आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। नशाखोरी युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। इन समस्याओं से मुक्ति के लिए समाज को एकजुट होकर सादगीपूर्ण और दहेज मुक्त विवाह अपनाने तथा बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने का संकल्प लेना होगा।

प्रेस वार्ता यह लोग उपस्थित रहे

इस अवसर पर अजय शास्त्री, एडवोकेट राहुल नायर, संजीव पार्षद, सुनील मांडोत, वीर वाल्मीकि सरपंच, बलदेव मित्रोल, ओमप्रकाश थानेदार, बनवारी लाल, सतीश मंडोतिया, धर्मेन्द्र प्रधान होडल, प्रकाश सौंध, श्रीचंद दिल्ली, विनोद जिला पार्षद सौंध, दयाचंद, जीतपाल, ठेकेदार, विजय सिकरौना, टेकचंद पुन्हाना, कृपाल सिंह, बालकिशन नवादा, सुरेंद्र दूधवाला, चंद्रवीर पूर्व पार्षद प्रत्याशी, सुभाष बामणी खेड़ा, सुनील चिंडालिया, निकेश सरपंच डकोरा, दिलीप बोहत, अनिल चंडालिया, बलवीर बाल गुहेर, मुकेश सरपंच, जिले सिंह दीघोट, सतीश वाल्मीकि, विशाल वाल्मीकि पार्षद कोसी आदि।

लाइव किचन स्टूडियो में ग्राहक शेफ के साथ ले सकेंगे उपकरणों का प्रत्यक्ष अनुभव

गुरुग्राम में शुरू हुआ जर्मन ब्रांड का नया शोरूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



जर्मनी की प्रीमियम घरेलू उपकरण निर्माता कंपनी मील्ह ने गुरुग्राम के सुशांत लोक फेज-1 स्थित प्लाजा मॉल में अपना नया एक्सक्लूसिव शोरूम शुरू किया है। इस शोरूम में ग्राहकों को किचन, लॉन्ड्री और अन्य जरूरतों के लिए कंपनी के प्रीमियम बिल्ट-इन होम अप्लायंसेज की विस्तृत रेंज देखने और इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा।

शोरूम का उद्घाटन मील्ह यूएई एवं इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सवाया सवाया, मील्ह इंडिया के कंट्री मैनेजर सुनील पुनिया तथा डावर्स ओपन वर्ल्ड के वीरेंद्र और मानव डावर ने किया। कंपनी के अनुसार, यह शोरूम दिल्ली-एनसीआर के प्रीमियम होम अप्लायंसेज बाजार में उसकी उपस्थिति को और मजबूत करेगा। शोरूम में सिंगल ओवन, स्टीम ओवन, माइक्रोवेव, हॉब, कुकर हुड, डिशवॉशर, कॉफी मशीन, रेफ्रिजरेटर, फ्रीजर और वाइन कंडीशनर सहित कई आधुनिक किचन उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। वॉशिंग मशीन, टम्बल ड्रायर, आयरनर और वैक्यूम क्लीनर की रेंज भी उपलब्ध है। इस शोरूम का खास आकर्षण लाइव किचन स्टूडियो है। यहां मील्ह के शेफ लाइव कुकिंग डेमो के जरिए ग्राहकों को उपकरणों की कार्यप्रणाली और खासियतों से रूबरू कराएंगे। ग्राहक स्वयं भी उपकरणों का इस्तेमाल करके उनकी सुविधाओं और तकनीक का अनुभव कर सकेंगे।

जरूरतमंद छात्राओं की मदद को आगे आई संवेदना फाउंडेशन

22 छात्राओं को साइकिल और 40 को मिले स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

शिक्षा को बढ़ावा देने और जरूरतमंद छात्राओं की मदद करने के उद्देश्य से संवेदना फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को तिगांव स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मेधावी और उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओं को साइकिल और स्कूल बैग वितरित किए गए। फाउंडेशन की इस पहल से छात्राओं के चेहरे खिल उठे।



उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता करना

कार्यक्रम में फाउंडेशन के फाउंडर आकाश जय नागर ने दसवीं कक्षा में अव्वल स्थान हासिल करने वाली 22 छात्राओं को साइकिल प्रदान की। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस वितरण कार्यक्रम में पीएमश्री कन्या गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल तिगांव की छात्राएं भी शामिल रहीं। छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने भी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर आकाश जय नागर ने कहा कि संवेदना फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन पुत्रः ब्रह्मपाल पताः झुग्गी नं. 260, मीरा बाग, पश्चिम विहार, दिल्ली** ने case **FIR No. 469/2021 U/s 392/397/411/34 IPC & 25 Arms Act, थानाः पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 469/2021 U/s 392/397/411/34 IPC & 25 Arms Act, थानाः पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सचिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 07.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री धीरज मित्तल
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–04
पश्चिम जिला, रूम नं. 216, दूसरी मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15642/OD/2026 (Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 (2)(ii) Cr.P.C./84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **दलजीत, पुत्रः** श्री भूपेंद्र @ श्री भूपिंदर, **पताः** मकान नं. सी–333, रघुबीर नगर, नई दिल्ली, में **FIR: 294/2024, U/s: 307/506/34 IPC & 25/27/57/54/59ARMS ACT, थानाः ख्याला, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **दलजीत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **दलजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR: 294/2024, U/s: 307/506/34 IPC & 25/27/57/54/59ARMS ACT, थानाः ख्याला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **दलजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 09.12.2026 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री राजिंदर कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–03
कमरा नं. 35, पश्चिम जिला न्यायालय
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/15666/WD/2026 (Court Matter)

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 283 दिनांक 27.10.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना HSIIDC बड़ी जिला सोनीपत।



गुमशुदा की पहचान

नाम - राजेश।
पिता का नाम -प्यारे लाल।
पता - गाँव दातौली जिला सोनीपत
उम्र - 60 वर्ष।
कद-5 फुट 6 इंच।
हुलिया - रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला-फुर्तिला शरीर, सफेद बाल, काली आँखे।
पहनावा - कुर्ता-पायजामा पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.09.2025 को राजेश पुत्र प्यारे लाल वासी गाँव दातौली जिला सोनीपत घर से बिना किसी को कुछ बताये कहीं पर चला गया है जो अभी तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410541
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9991863360
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5549/2027/50668/88/7 दि. 30.10.26

क्राइम ब्रांच सेंट्रल व थाना तिगांव की टीमों को मिली सफलता

12 साल से फरार हत्या के मामले के दो आरोपी सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस द्वारा फरार आरोपियों एवं उद्घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच सेंट्रल और थाना तिगांव की टीमों ने वर्ष 2014 में गांव सिढौला में हुई हत्या के मामले में करीब 12 साल से फरार चल रहे दो सगे भाइयों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप निवासी गांव सिढौला, वर्तमान निवासी खोरी, तावडू, मेवात तथा विजय कुमार निवासी गांव सिढौला, वर्तमान निवासी हरफली, पलवल के रूप में हुई है। इस मामले में इनके दो अन्य भाइयों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर



चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वर्ष 2014 में थाना तिगांव क्षेत्र के गांव सिढौला में लड़ाई-झगड़े के दौरान सुमित नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में थाना तिगांव में मामला दर्ज किया गया था। वारदात के बाद से ही संदीप और विजय कुमार गिरफ्तारी से बचते हुए फरार चल रहे थे, जबकि मामले में शामिल इनके दो अन्य भाइयों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। लंबे समय तक गिरफ्तारी से बचने के चलते दोनों को माननीय न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया गया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए फरीदाबाद पुलिस की टीमें लगातार प्रयास कर रही थीं। पुलिस टीमें मेवात, पलवल, भिवाड़ी और गुरुग्राम सहित विभिन्न स्थानों पर दबिश दे रही थीं। इसी दौरान 29 अक्टूबर को पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने संदीप को अदालत परिसर सेक्टर 12 से गिरफ्तार किया, जबकि थाना तिगांव की टीम ने विजय कुमार को पलवल के हरफली गांव से काबू किया। पूछताछ में सामने आया कि हत्या के मामले के बाद दोनों आरोपी फरीदाबाद से फरार हो गए थे।

चाची की हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड

गाजियाबाद। चाची की हत्या कर शव को घर के भूसे वाले कमरे में छिपाने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कविनगर थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव में 10 अप्रैल 2020 को 75 वर्षीय तुलसा देवी की हत्या की गई थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितेंद्र कुमार की कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। शुक्रवार को सजा के आदेश में दोषी सुधीर कुमार को हत्या के मामले में आजीवन कारावास और 30 हजार रुपए अर्थदंड तथा साक्ष्य छिपाने के मामले में तीन साल के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। शासकीय अधिवक्ता गिरिराज भाटी एवं अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता नरेश त्यागी ने बताया कि तुलसा देवी घर के चबूतरे पर झाड़ू लगा रही थीं।

4 पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई

आयुक्त कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में स्मृति-चिह्न व उपहार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



पुलिस विभाग में वर्षों तक ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाले फरीदाबाद पुलिस परिवार के 4 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बुधवार को भावभीनी विदाई दी गई। सेक्टर-21सी स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को स्मृति.चिह्न, उपहार एवं शुभकामना भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घकालीन सेवाकाल को याद करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं खुशहाल भविष्य की कामना की। समारोह में सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय वरुण दहिया, भलाई निरीक्षक सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह का माहौल एक ओर जहां सम्मान और गौरव से भरा रहा, वहीं लंबे समय तक साथ काम करने वाले सहकर्मियों से विदाई के दौरान भावुक क्षण भी देखने को मिले। सेवानिवृत्त होने वालों में इंस्पेक्टर जयपाल, ईएसआई सुरेंद्र कुमार व ईएचसी महिपाल शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान आमजन की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नगर आयुक्त ने पुरबिया जनकल्याण परिषद तथा पूर्वांचल समाज की संस्थाओं के सदस्यों से की बैठक

छठ पर्व की तैयारी में जुटा नगर निगमः नगर आयुक्त ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम ने अब छट पर्व की तैयारिया शुरू कर दी हैं। नगर आयुक्त ने अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी है। पुरबिया जनकल्याण परिषद तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। जिनके द्वारा छठ पर्व की व्यवस्थाओं को करने के लिए अपने-अपने सुझाव भी दिए गए मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उपस्थित रहे।

छठ पर्व को ओर अधिक बेहतर बनाने के लिए मांगे सुझाव

श्रद्धालुओं की सुविधाओं का रखा जाएगा विशेष ध्यान- नगर आयुक्त



नगर आयुक्त ने समितियों के सदस्यों की बैठक की

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने पूर्वांचल समाज की समितियों के सदस्यों से बैठक की गई जिसमें पुरबिया जनकल्याण परिषद के सदस्यों ने मुलाकात की। छठ पर्व को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी और अधिक बेहतर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर और सुविधाजनक बनाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा पूर्वांचल समाज की समितियां के सदस्यों से सुझाव मांगे, पुरबिया जन कल्याण परिषद से रीता सिंह राकेश तिवारी जय दीक्षित मनोज द्वारा नगर आयुक्त को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेहतर व्यवस्थाओं को करने के लिए धन्यवाद किया गया साथ ही आकर्षक लाइटों से सभी घाटों को सुसज्जित करने का सुझाव दिया गया, उपस्थित जनों को नगर आयुक्त द्वारा बताया गया हिंडन नदी छठ घाट के अलावा 75 से अधिक छठ घाट नगर निगम द्वारा व्यवस्थित किया जा रहे हैं जहां प्रकाश व्यवस्था जल व्यवस्था साफ सफाई की व्यवस्था विशेष रूप से रहेगी, आकर्षक लेजर लाइट शो तो रहेगा ही इसके अलावा अन्य समस्त घाटों पर आकर्षक लिए भी लगाई जाएगी वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश नरेंद्र कुमार चौधरी को कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

घाटों पर रंग बिरंगी लाइट लगाने के दिए निर्देश

नगर आयुक्त द्वारा आकर्षक लाइटों को लगाने के लिए प्रकाश विभाग को निर्देश दिए गए जिसमें हिंडन नदी छठ घाट के अलावा अन्य प्रमुख घाटों पर रंग बिरंगी लाइट लगाई जाएं निर्देश दिए गए, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को विशेष रूप से छठ घाटों तथा छठ घाटों को जाने वाले मार्ग की सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए कहा गया वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी भी छठ घाटों पर लगाई गई।

गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

यूपी में भाजपा सरकार अंगद का पैर, कोई हटा नहीं सकता, यूसीसी लागू करने का भी किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में होने वाली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में संगठन की ताकत, सरकार के कामकाज और आगामी चुनावी एजेंडे पर चर्चा हुई। बैठक में पार्टी तीसरी बार जीत दर्ज करने की रणनीति का खाका तैयार...

भाजपा कार्यसमिति की लखनऊ में आयोजित बैठक के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश की।

उन्होंने दावा किया कि यूपी में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि यूपी में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में यूसीसी लागू हो चुका है और यूपी में भी इसे लागू करेंगे। योगी सरकार की तारीफ करते हुए अमित शाह ने कहा कि कठोर शासन के जरिए प्रदेश को माफियाओं से मुक्त किया गया



30 साल तक दूसरी सरकार नहीं आने वाली

वहीं, राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव हारने के बाद विपक्ष अंपायर यानी चुनाव आयोग पर दोष मढ़ता है। वोट चोरी के आरोपों पर उन्होंने संसद का विशेष सत्र बुलाकर चर्चा करने की चुनौती दी। अमित शाह ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है और अगले 30 साल तक प्रदेश में दूसरी सरकार नहीं आने वाली।

बड़ी देर कर दी मेहरबां आते-आते...

यूसीसी लागू करने वाले बयान पर अखिलेश का पलटवार

गृह मंत्री अमित शाह के यूपी में यूसीसी लागू करने वाले बयान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पलटवार किया। कहा कि बड़ी देर कर दी मेहरबां आते-आते...। दरअसल, इससे पहले लखनऊ में आयोजित भाजपा कार्यसमिति की बैठक के दौरान अमित शाह ने कहा कि 2027 में तीसरी बार सरकार बनने पर यूपी में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि यूपी में भाजपा की सरकार 'अंगद के पांव' की तरह अडिग है। इसे कोई हिला नहीं सकता। इस पर प्रेसवार्ता के दौरान अखिलेश पलटवार करते हुए जवाब दिया। अखिलेश ने नव



निर्वाचित विधान परिषद सदस्यों कांती सिंह, मान सिंह, आशुतोष सिन्हा, आकाश अग्रवाल, लाल बिहारी यादव का सपा कार्यालय में स्वागत किया। अखिलेश ने कहा कि विधान परिषद चुनाव में महिला शिक्षकों ने शत-प्रतिशत भाजपा के खिलाफ वोट किए हैं। ये जनादेश इस बात का है कि शिक्षक व स्नातक भाजपा के खिलाफ है।

नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 18 ट्रेनें रद

चक्रधरपुर। दक्षिण पूर्व रेलवे के झारखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत बागडिही व झारसुगुड़ा स्टेशनों के बीच चौथी रेल लाइन को मेन लाइन से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। इसलिए 1 से 3 नवंबर के बीच प्री-नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के साथ यार्ड रिमॉडलिंग का काम किया जाएगा। जिससे रेलवे ने चक्रधरपुर मंडल से गुजरने वाली लंबी दूरी की 18 ट्रेनों को रद करने की घोषणा की है।

पूर्व डीन की पत्नी का शव कब्र से निकाला

अलीगढ़। एएमयू के पूर्व डीन प्रो. शब्बीर की पत्नी डॉ. नूर अफरोज का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया। शव पूरी तरह सड़-गल चुका था। हालांकि कोई ऊपरी चोट का निशान नहीं मिला। डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम के बाद डीएनए सुरक्षित कर लिया है, जिसे जांच के लिए भेजा जाएगा। पूर्व डीन के भतीजे ने हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी।

सीएम योगी ने दिए अधिकारियों निर्देश

बारिश से आर्थिक व पशुहानि पर पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ



उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अतिवृष्टि से हुई आर्थिक क्षति और पशुहानि का तत्काल आकलन कर प्रभावितों को अनुमन्य मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि बारिश के कारण जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं या गिर गए हैं, उन्हें तत्काल नियमानुसार मुआवजा दिया जाए।

फसलों को हुए नुकसान का भी शीघ्र सर्वेक्षण कराकर प्रभावित किसानों को यथाशीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के घर गिरने से वे बेघर हो गए हैं, उन्हें तत्काल राहत केंद्रों और शरणालय केंद्रों में पहुंचाया जाए। वहां उनके रहने, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को स्वयं फील्ड में रहकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने और पीड़ित परिवारों से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सुको के आदेश पर वापस जेल जाएंगे अनंत सिंह

पटना। सुप्रीम कोर्ट ने विधायक अनंत सिंह को दुलारचंद यादव मर्डर केस में 1 दिसंबर तक आत्मसमर्पण कर जेल जाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अनंत को बेटी शिवांगी की 25 नवंबर को तय शादी के लिए एक महीने की मोहलत दी है। जस्टिस एमएम सुंदरेश व जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने राज्य सरकार को 4 माह में जांच पूरी करने को कहा है। जिसके बाद अगली सुनवाई होगी।

पेज एक का शेष...

वे मोदी को बदनाम ...

क्योंकि वे मोदी को बदनाम करना चाहते थे। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा किसानों के कल्याण को प्राथमिकता दी है और उन्हें सशक्त बनाया है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच खाद की कीमतों में भारी उछाल आया, लेकिन हमारी सरकार ने इसका बोझ किसानों पर नहीं पड़ने दिया।

देश के नए ...

एक बयान में बताया कि एयर मार्शल वालिया वर्तमान में वायुसेना की पूर्वी कमांड के प्रमुख (एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ) के रूप में कार्यरत हैं।

1988 में लड़ाकू शाखा में कमीशन हुए: वायुसेना के मुताबिक, एयर मार्शल वालिया राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र रहे हैं। वह 11 जून 1988 को देश के हवाई रक्षा बल की लड़ाकू शाखा में कमीशन हुए थे। अपने करीब चार दशक लंबे करियर में उन्होंने वायुसेना के विभिन्न प्रकार लड़ाकू विमानों को उड़ाने का व्यापक अनुभव हासिल किया है। जिनमें मिग-21, मिग-23, मिग-27, जगुआर और सुखोई-30-एमकेआई जैसे कई विमान शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने कमांड से लेकर स्टाफ नियुक्तियों में भी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वाह किया है। वायुसेना के एक अग्रिम पंक्ति के एयरबेस में तैनात लड़ाकू विमानों की स्क्वाड्रन को भी वह कमांड कर चुके हैं। जबकि टैक्टिक्स एंड एयर कॉम्बेट डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट (टीएसीडीई) और एयरफोर्स स्टेशन बरेली को एयर मार्शल वालिया ने अपनी कमांड के जरिए नेतृत्व प्रदान किया है।

इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से हुए सम्मानित : नए उप-वायुसेनाप्रमुख ने भारत के बाहर विदेशों से भी अपनी अकादमिक डिग्रियां हासिल की हैं। जिनमें ब्रिटेन से एडवांस कमांड एंड स्टाफ कोर्स करना और बांग्लादेश से एनडीसी करना मुख्य रूप से शामिल है। वह वायुसेना के एयर स्टाफ इंस्पेक्शन निदेशालय (डीएएसआई) के प्रमुख के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। साथ ही जापान तथा दक्षिण कोरिया में भारतीय दूतावासों में एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया रक्षा अताशे की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। अकादमिक डिग्रियों की बात करें तो उनके पास रक्षा-सामरिक विषयों से जुड़ी परास्नातक की तीन डिग्रियां हैं। दूसरी ओर वायुसेना में अपने शानदार करियर के दौरान उन्हें कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है। जिसमें 2008 में वायुसेना मेडल, 2018 में अति विशिष्ट सेवा मेडल से उन्हें नवाजा जा चुका है।

वाराणसी से नई दिल्ली ...

के बाद, ये नई सेवाएं इस अगली पीढ़ी की ट्रेन के लाभों का अन्य क्षेत्रों में विस्तार करेंगी। बेहतर ऑन-बोर्ड सुविधाओं, उन्नत सुरक्षा सुविधाओं और सोच-समझकर डिजाइन किए गए स्लीपर आवास के साथ, भारतीय रेलवे लंबी दूरी के रात्रिकालीन सफर को अधिक आरामदायक, विश्वसनीय और यात्री-केंद्रित बनाने की दिशा में काम कर रही है। वाराणसी और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा शुरू होने से भारत के प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्रों में शामिल वाराणसी का राष्ट्रीय राजधानी से संपर्क और मजबूत होगा। यह ट्रेन वाराणसी से चलकर प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ और गाजियाबाद होते हुए नई दिल्ली पहुंचेगी। ये स्टेशन महत्वपूर्ण शहरी केंद्रों को जोड़ते हैं और आसपास के जिलों को भी रेल संपर्क उपलब्ध कराते हैं। इससे आधुनिक रेल यात्रा की सुविधा अधिक से अधिक यात्रियों तक पहुंच सकेगी।

यह ट्रेन वाराणसी से रात 8 बजकर 50 मिनट पर रवाना होगी और अगले दिन सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में यह नई दिल्ली से रात 9 बजकर 40 मिनट पर रवाना होकर अगले दिन सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर वाराणसी पहुंचेगी।

मौजूदा शिव गंगा एक्सप्रेस की तुलना में वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस वाराणसी से नई दिल्ली की यात्रा में 55 मिनट और नई दिल्ली से वाराणसी की यात्रा में 35 मिनट की बचत करेगी। इससे दोनों दिशाओं में यात्रियों को रात के सफर के लिए तेज विकल्प मिलेगा।

यह सेवा सप्ताह में छह दिन चलेगी। वाराणसी से चलने वाली ट्रेन शुक्रवार को और नई दिल्ली से चलने वाली ट्रेन शनिवार को नहीं चलेगी। रात के समय यात्रा और अगली सुबह गंतव्य पर पहुंचने की सुविधा से यात्रियों को अपने समय का बेहतर उपयोग करने में मदद मिलेगी। यह सेवा विशेष रूप से श्रद्धालुओं, पर्यटकों, विद्यार्थियों, कामकाजी लोगों और उन परिवारों के लिए उपयोगी होगी, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बीच अक्सर यात्रा करते हैं।

फ्रांस से मिलेंगे 26...

की नौसेना को 2028 के अंत से डिलीवरी की शुरुआत हो जाएगी और इसके 2030-2031 तक पूरा होने की संभावना है। गौरतलब है कि इस समझौते से पहले भारत ने 2016 में फ्रांस से वायुसेना के लिए 36 राफेल विमानों की खरीद के लिए 59 हजार करोड़ रुपए का समझौता किया था। विमानों की यह संख्या लड़ाकू विमानों की दो स्क्वाड्रन (प्रत्येक में 16 विमान) के बराबर मानी जाती है। एक स्क्वाड्रन पाकिस्तान से लगी सीमा के करीब अंबाला एयरबेस पर और दूसरी चीन सीमा के लगे हाशीमारा एयरबेस पर तैनात की गई है।

पोत संग अनुकूलता जांचने की कवायद : नौसेना विमान के परीक्षणों को गोवा स्थित हंसा अड्डे पर मौजूद शोर बेस्ड टेस्ट फैसिलिटी (एसबीटीएफ) या शॉर्ट टेक ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी (एसटीओबीएआर) में पूरा करने में लगी हुई है। दरअसल यह सुविधा जमीन पर बनाया गया एक ऐसा प्लेटफार्म है। जो नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल दोनों युद्धपोतों (विक्रांत, विक्रमादित्य) के डेक का ही प्रतिरूप है। पायलट विमानवाहक युद्धपोत पर किसी विमान की अधिकृत रूप से टेकऑफ और लैंडिंग करने से पहले एसबीटीएफ पर ही व्यापक रूप से अभ्यास करते हैं। विक्रांत कैटापुल्ट से नहीं बल्कि एसटीओबीएआर सुविधा से लैस है।

ये दो गतिविधियां हैं अहम : यहां एक ध्यान देने वाली एक महत्वपूर्ण बात ये भी है कि युद्धपोत पर विमान की दो प्रमुख गतिविधियां होंगी। जिनमें एक शॉर्ट टेक ऑफ और दूसरी अरेस्टेड लैंडिंग है। शॉर्ट टेक ऑफ के दौरान कोई विमान बिना किसी कैटापुल्ट के अपने इंजन की ताकत की मदद से युद्धपोत के डेक से कम समय में उड़ान भरता है। जबकि अरेस्टेड लैंडिंग में विमान के नीचे उतरने के दौरान युद्धपोत पर पहले से लगी स्टील की तार में फंस जाता है। जिसका सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि अत्यधिक तेज गति से लौटता विमान युद्धपोत के डेक पर 100 मीटर के दायरे में रुक जाता है।





राघव की इकाई का बीटीएस वीडियो हुआ वायरल

नई दिल्ली। विकास बहल की आगामी फिल्म 'इकाई' की शूटिंग का एक बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, जिसमें राघव जुयाल और फिल्म से हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहीं कोमल पावस्कर नजर आ रहे हैं। यह वीडियो फिल्म की शूटिंग की एक झलक पेश करता है।'किल और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अभिनय से पहचान बनाने वाले राघव जुयाल लगातार अलग-अलग तरह के किरदारों के साथ प्रयोग कर रहे हैं। अब वह इस आगामी प्रोजेक्ट में कोमल पावस्कर के साथ एक नई ऑन-स्क्रीन जोड़ी के रूप में नजर आएंगे। लीक हुए बीटीएस वीडियो में राघव और कोमल को एक पारंपरिक बाजार जैसे माहौल में सीढ़ियों पर बैठे देखा जा सकता है।

लाइफ Style

श्रीनिधि

सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साउथ की मशहूर अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी ने साल 2018 में कन्नड़ फिल्म केजीएफ: चैप्टर 1 से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद वह घर-घर में पहचानी जाने लगीं। केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि शेट्टी ने हिट: द थर्ड केस, कोबरा और तेलुसु कडा जैसी फिल्मों में काम किया।

8 साल के कॅरियर में उनकी चुनिंदा फिल्में आईं। ऐसे कयास लगाए जाते हैं कि केजीएफ की सफलता के बाद श्रीनिधि ने अपनी फीस 7 से 8 करोड़ रुपए प्रति फिल्म कर दी थी। अब खुद श्रीनिधि शेट्टी ने इन अफवाहों पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। एक बातचीत में एक्ट्रेस ने कहा कि पैसा उनके लिए मायने नहीं रखता है। केजीएफ फिल्मों (चैप्टर 1 और चैप्टर 2) की सफलता के बाद कहा जा रहा है कि मैं 7 से 8 करोड़ रुपए मांग रही हूं। मैंने अब तक कुछ ही फिल्मों में काम किया है। ऐसे में मैं इतनी बड़ी रकम कैसे मांग सकती हूं? इसलिए, यह सिर्फ एक अफवाह है। अगर पैसा कमाना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य होता तो मैं पिछले कुछ सालों में 30 से 40 फिल्मों में काम कर सकती थी, लेकिन मैं सिर्फ पैसों के लिए फिल्में साइन नहीं करती। मैं अच्छी कहानियों और बेहतरीन किरदारों को प्राथमिकता देती हूं। श्रीनिधि शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आदर्श कुटुंबम हाउस नंबरः 47 - एके47' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म का निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। फिल्म में श्रीनिधि के अलावा लीड रोल में वेंकटेश हैं। वहीं, नारा रोहित, निवेथा पेथुराज और युविना पार्थवी सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।



हॉलीवुड मसाला



'लव इन वेन' में मिला लीड रोल

लॉस एंजिल्स। फैंस के 'आइरन मैन' और हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर के तो हम सभी दीवाने हैं। हर सिनेमा दर्शक को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। लेकिन, इस बीच एक बड़ी खबर ये है कि उनके 33 साल के बेटे इंडियो फाल्कनर डाउनी भी जल्द ही बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। इंडियो को बतौर लीड हीरो उनकी पहली फीचर फिल्म 'लव इन वीन' में काम मिला है। विल डी लॉस सैंटोस के निर्देशन में बनने वाली यह इंडिपेंडेंट फिल्म राइटर रयान लियोन के नॉवल 'वेस्टिंग टैलेंट' पर बेस्ड है।



ऑस्कर की रेस में भारतीय फिल्म का देंगी साथ

लॉस एंजिल्स। फिल्ममेकर प्रणव भसीन की फिल्म 'वी वर हीअर' को अब ऑस्कर की दौड़ के लिए तैयार किया जा रहा है। उनकी मदद के लिए अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाथ आगे बढ़ाया है। प्रियंका चोपड़ा एक बार फिर भारतीय सिनेमा को इंटरनेशनल लेवल पर पहचान दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाती नजर आ रही हैं। प्रणव भसीन के निर्देशन और लेखन में बनी शॉर्ट फिल्म 'वी वर हीअर' को अब तक 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जा चुका है। फिल्म से जुड़ने को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक प्रेस नोट में कहा, 'यह फिल्म एक ऐसे विषय को नए और मजेदार अंदाज में पेश करती है, जो आज के समय में काफी प्रासंगिक है।



35 हजार फीट ऊंचाई पर तोड़ा व्रत

नई दिल्ली। परिणीति चोपड़ा ने भी पति की लंबी उम्र के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था। जहां तमाम फिल्म स्टार्स की पत्नियों और एक्ट्रेसेस ने एकसाथ मिलकर इसे सेलिब्रेट किया वहीं एक्ट्रेस ने इसे अलग अंदाज में मनाया है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट कर बताया कि एक्ट्रेस ने अपना व्रत 35 हजार फीट ऊपर पहुंचकर आसमान में तोड़ा। इसी के साथ परिणीति की इन झलकियों नें उनकी बहन प्रियंका चोपड़ा के उस किस्से को ताजा कर दिया है जब चांद न निकलने पर करवाचौथ का व्रत तोड़ने के लिए निक प्रियंका को लेकर प्राइवेट प्लेन से बादलों के पार पहुंच गए थे। परिणीति चोपड़ा ने आज 30 अक्टूबर को इंस्टाग्राम पर ये मजेदार वीडियो शेयर किया है। इन झलकियों में कपल एक एयरक्राफ्ट केबिन के अंदर नजर आ रहे हैं।



ओम चैप्टर 1 में आईपीएस ऑफिसर बनीं साई

मुंबई। अगले महीने 5 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली 'रामायणम' में सीता का किरदार निभाने के बाद, साई पल्लवी अब 'ओमः चैप्टर 1 – उधिरमः द ब्लड वुड' में एक बिल्कुल अलग रोल में नजर आएंगी। इस आने वाली एक्शन थ्रिलर के मेकर्स ने उनके किरदार, नित्या रेड्डी, से पर्दा उठाया है। फिल्म में वह एक सीबीआई ऑफिसर की भूमिका में हैं, जिन्हें लाल चंदन की अवैध तस्करी की जांच करने का काम सौंपा गया है। फिल्म की पहली झलक में उनके किरदार के अतीत और उस निजी नुकसान की झलक मिलती है, जो उन्हें इस जांच के लिए प्रेरित करता है। इसी वजह से वह धनुष और ममूटी के किरदारों के संपर्क में आती हैं। प्रमोशनल वीडियो में नित्या को 'ईमानदारी, समझदारी और युवा जोश के साथ अनुभव' का एक बेहतरीन मिश्रण बताया गया है।

टीवी मसाला

'फैमिली फुल हाउस' में पहुंचे राजपाल, कॉमेडी से सबको हंसाया



नई दिल्ली। रोहित शर्मा इन दिनों 'फैमिली फुल हाउस' के चलते चर्चा में हैं। क्रिकेटर और होस्ट रोहित शर्मा के शो में हाल ही में राजपाल यादव पहुंचे थे जहां उन्होंने बताया कि कैसे राजपाल यादव की फिल्मों ने उन्हें मैदान पर मुश्किल दिनों से उबरने में मदद की। रोहित शर्मा ने अपनी कुछ पुरानी यादों को शेयर करते हुए कहा, 'जब मैं खेलता हूं, आउट हो जाता हूं या हम मैच हार जाते हैं, तो होटल जाकर मैं काफी दुखी होता हूं। ऐसे में मैं आपकी फिल्में देखता हूं। फिल्म देखने के बाद, जब मैं सुबह उठता हूं, तो मुझे ऐसा लगता है जैसे कल कुछ हुआ ही नहीं। जैसे मैं जल्दी आउट हुआ ही नहीं।' रोहित शर्मा ने इस बात का सबूत भी दिया कि उन्हें राजपाल यादव की कॉमेडी कितनी पसंद है। उन्होंने अभिनेता से पूछा, 'क्या आप सबूत देखना चाहेंगे?' इसके बाद 2016 का एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें रोहित ने एक ऐप का इस्तेमाल करके राजपाल यादव के डायलॉग्स वाले वीडियो बनाए थे।

यंग और स्काउट की दोस्ती में दरार

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का दर्शकों के बीच अच्छा खासा बज देखने को मिल रहा है। जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच इक्वेशन भी बदलते नजर आ रहे हैं। अब हाल ही में घर में कैप्टेंसी टास्क के दौरान जमकर हंगामा देखने को मिला। टास्क के बीच यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हो गई, जिसके बाद घर का माहौल गरमा गया। इस झगड़े ने उस वक्त और तूल पकड़ लिया, जब स्काउट ने दोनों के बीच हुए विवाद पर अपनी राय रखी। हालांकि, स्काउट की बात यंग को बिल्कुल पसंद नहीं आई और देखते ही देखते दोनों के बीच भी बहस शुरू हो गई। दरअसल, जब यंग और गुल्लू के बीच धक्का-मुक्की हुई, उस वक्त स्काउट वहां मौजूद नहीं था। वह वॉशरूम गया हुआ था। वापस लौटने के बाद जब उसे पूरे मामले की जानकारी मिली तो उसने गुल्लू से कहा कि लड़ाई मुंह से करनी चाहिए, हाथ-पैर से नहीं।



नाचते हुए मरी तो मिसाल बन जाऊंगी, विठाबाई बन छाईं श्रद्धा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की अपकमिंग फिल्म 'ईठा' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में श्रद्धा कपूर एक बिल्कुल अलग और दमदार अवतार में नजर आ रही हैं। यह फिल्म 4 दिसंबर, को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'स्त्री' के जरिए दर्शकों को डराने और एंटरटेन करने वाली श्रद्धा इस बार महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारने जा रही हैं। फिल्म के ट्रेलर में लोककला, संघर्ष, जुनून और एक कलाकार की जिंदगी के कई रंग देखने को मिलते हैं। 3 मिनट 2 सैकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक जबरदस्त डॉयलॉग के साथ होती है, जिसमें सुनने को मिलता है कि तुम्हीं ने कहा था ना कि देखते हैं क्या टूटता है? मेरा भरोसा या मेरा घमंड, मेरा भरोसा ही मेरा घमंड था रे, जब वो टूट गया ना सब टूट गया। इसके बाद ट्रेलर में विठाबाई की जिंदगी के संघर्ष को दिखाया गया है।



प्रोफेसर चार्ल्स बनकर दिमाग पर छाए, आखिरी बार 'एवेंजर्स-डूम्सडे में नजर आएंगे पैट्रिक

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज कलाकार पैट्रिक स्टीवर्ट का बुधवार को 86 साल की उम्र में निधन हो गया। अभिनेता ने एक्स-मेन सीरीज में अपने किरदार प्रोफेसर चार्लस जेवियर से दर्शकों का दिल जीता है। उन्होंने एक्स-मेन' फिल्मों में प्रोफेसर एक्स के अलावा कई दूसरे प्रोजेक्ट में यादगार किरदार निभाए हैं। यहां उनके कुछ किरदारों का जिक्र है। पैट्रिक स्टीवर्ट की आखिरी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' होगी, जो 17 दिसंबर को भारत में रिलीज होने वाली है।

नोबलमैन : मिस्टर स्टीवर्ट अपने देश ब्रिटेन में मंच (स्टेज) के एक मशहूर अभिनेता थे। उन्होंने 1966 में रॉयल शेक्सपियर कंपनी के साथ काम करना शुरू किया। उनके सबसे चर्चित किरदारों में 'मैकबेथ' में मुख्य किरदार यानी परेशान कुलीन व्यक्ति (नोबलमैन) शामिल है। मिस्टर स्टीवर्ट ने इस किरदार



के बारे में कहा था, 'मैंने पूरे 365 दिनों तक मैकबेथ का किरदार निभाया। यह किरदार मेरे अंदर इतनी गहराई तक उतर गया था कि उस समय इसने मेरी पूरी जिंदगी पर कब्जा कर लिया था'

प्रोफेसर एक्स : मिस्टर स्टीवर्ट ने कई 'एक्स-मेन' फिल्मों में चार्ल्स जेवियर, यानी प्रोफेसर एक्स का किरदार निभाया। इसमें वह व्हीलचेयर पर बैठे एक अमीर टेलीपैथ (जो दिमाग से दूसरों से जुड़ सकता है) के रूप में नजर आए। उनका यह किरदार काफी मशहूर हुआ।

प्रोफेसर एक्सः हाल ही में मिस्टर स्टीवर्ट ने 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में फिर से यही किरदार निभाया है, जो दिसंबर में रिलीज होने वाली है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि 'मुझे अभी भी दिलचस्प ऑफर मिलते रहते हैं और मुझे नए काम की चुनौतियों का सामना करना अच्छा लगता है। मैं कभी भी आधिकारिक तौर पर रिटायर होने के बारे में सोच भी नहीं सकता। मैं हमेशा और हमेशा के लिए एक एक्टर ही रहूंगा।'

कैप्टन पिकार्ड : कैप्टन पिकार्ड 20वीं सदी के टेलीविजन के सबसे मशहूर किरदारों में से एक हैं। मिस्टर स्टीवर्ट ने 'स्टार ट्रेकः द नेक्स्ट जेनरेशन' में इस किरदार को बहुत ही शांत और गंभीर अंदाज में निभाया।

पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी

सिनेमा की तकदीर बदलेगा 'सनातन' का नया फॉर्मूला

मुंबई। पौराणिक कहानियों पर आधारित फिल्मों को बड़े बजट में बनाने के जोखिम पर ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन कहते हैं कि हर तरह की फिल्म में जोखिम होता है। फिल्म अच्छी बनेगी तो कमाई होगी और अच्छी नहीं बनी तो नुकसान उठाना पड़ेगा। निर्माता भी समझ रहे हैं कि दर्शक बॉलीवुड के पुराने फार्मूले से ऊब रहे हैं।ऐसे में उन्हें पौराणिक कहानियों के रूप में एक नया फार्मूला नजर आ रहा है। हर कोई जल्द से जल्द इस तरह की फिल्म बनाने और अपनी घोषणा को बड़ा दिखाने में जुटा है। वहीं, ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श का मानना है कि पौराणिक फिल्मों पर बड़ा दांव लगाने के पीछे वैश्विक बाजार में भारतीय सिनेमा की बढ़ती पहुंच एक अहम वजह है।

हाल के वर्षों में मूल रुप से कन्नड़ में बनी ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म कांतारा की सफलता ने साबित किया कि स्थानीय लोककथाओं, परंपराओं और आस्था से जुड़ी कहानियां भी देशभर के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं। अब रामायणम , वाराणसी, जय हनुमान , नाम ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव और महावतार जैसी बड़े बजट की फिल्मों के जरिए मेकर्स पौराणिक कथाओं को बड़े पर्दे पर भव्य रूप में पेश करने की तैयारी में हैं।



कमाई के खुल रहे हैं नए रास्ते

वह कहते हैं, 'कोई निर्माता बड़े पैमाने पर फिल्म बनाना चाहता है, तो उसे रोका नहीं जा सकता। भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए बड़े स्तर पर सोचने और कोशिश करने की जरूरत है। फिल्म का बजट कितना होगा, यह उसकी कहानी की मांग पर निर्भर करता है।

रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे?

पौराणिक फिल्मों का यह दौर भारतीय सिनेमा के विस्तार के लिहाज से अच्छी बात है। जब तक हम एक रिस्क नहीं लेंगे तब तक आगे कैसे बढ़ेंगे? रामायणम से शुरुआत हो रही हो, उसके बाद कई और फिल्में आएंगी और ये बहुत अच्छी निशानी है क्योंकि हमें कहीं न कहीं ग्रो होना चाहिए। एक दायरे में रहकर हम अपनी सोच बड़ा नहीं करते हैं। 'फिल्मों के बढ़ते बजट पर पूर्ण पुरुषोत्तम कृष्णावतारम : पार्ट 1 द हार्ट (हृदयम) फिल्म के निर्देशक हार्दिक गज्जर कहते हैं- सबसे पहले यह समझने की जरूरत है कि फिल्में इतनी महंगी क्यों दिखाई देती हैं

4000 करोड़ की रामायण

नए कलाकारों के साथ इस तरह के विषय को कम बजट में बनाया जा सकता है, और तब फिल्म के सफल होने की उम्मीद और उसकी विश्वसनीयता, दोनों कहीं ज्यादा होती हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नई तकनीक की मदद से अब फिल्म निर्माण की लागत को अधिक कुशलता से नियंत्रित करना भी संभव हुआ है। दो पार्ट में बन रही रामायणम का चार हजार करोड़ रुपये का बजट काफी चर्चा में रहा है। हालांकि फिल्म के निर्माता और अभिनेता यश ने स्पष्ट किया कि यह एक गलतफहमी है। चार हजार करोड़ रुपए का बजट दोनों फिल्मों का संयुक्त बजट है। इसमें फिल्म की रिलीज और प्रमोशन का खर्च भी शामिल है। हॉलीवुड में भी इसी तरह बजट की गणना की जाती है। निर्माता नमित मल्होत्रा ने सभी खर्चों को जोड़कर यह आंकड़ा बताया है। वहां फिल्म के निर्माण पर खर्च होने वाली रकम के बराबर, और कभी-कभी उससे भी ज्यादा पैसा प्रमोशन पर खर्च किया जाता है, क्योंकि फिल्म को वैश्विक स्तर पर रिलीज किया जाना होता है, लेकिन उससे होने वाली कमाई भी वैश्विक होती है। हालांकि बड़ा बजट होने पर दर्शकों की अपेक्षाएं भी बढ़ जाती है।

एशियन गेम्स विजेताओं को प्रदेश सरकार की सौगात

खिलाड़ियों का सम्मान, 132 को दिए 189 करोड़ के इनाम

भिवानी में सीएम बोले, खिलाड़ियों को हर सुविधा देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एशियाई और पैरा एशियाई खेलों में पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भिवानी में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने 132 खिलाड़ियों को कुल 189 करोड़ 38 लाख रुपये के नकद पुरस्कार बांटे। इसके साथ ही भीम स्टेडियम में आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित करने के लिए 50 करोड़ रुपये देने का भी ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भीम स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने जापान में आयोजित एशियाई और पैरा एशियाई खेलों में देश और हरियाणा का गौरव बढ़ाने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि एशियाई खेलों में भारत ने कुल 85 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों का योगदान 32 पदकों का रहा, जिनमें 14 स्वर्ण पदक शामिल हैं। वहीं, पैरा एशियाई खेलों में भारत ने 114 पदक जीतकर अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

हरियाणा के पैरा खिलाड़ियों ने इन खेलों में 9 स्वर्ण पदकों सहित कुल 31 पदक अपने नाम किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कुश्ती में भी भारत का प्रदर्शन वर्ष 1962 के बाद एशियाई खेलों में सबसे बेहतर रहा।

बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं

मुख्यमंत्री सैनी ने हरियाणा की बेटियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पात्र खिलाड़ियों को हरियाणा की खेल नीति के तहत सरकारी नौकरियों के ऑफर लेटर भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, राज्य सरकार खेल नर्सरियों, प्रशिक्षण सुविधाओं और प्रशिक्षकों की व्यवस्था को मजबूत करने के साथ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पर भी काम कर रही है।

भिवानी की धरती ने दी मुक्केबाजी को पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि भिवानी की धरती पर इस समारोह का विशेष महत्व है। मिनी क्यूबा कहलाने वाले भिवानी ने भारतीय मुक्केबाजी को उसकी पहचान दी है। विजेंद्र सिंह, अखिल कुमार, जितेंद्र कुमार, नीतू घणघस, जैस्मिन लम्बोरिया, प्रीति पंवार, साक्षी चौधरी और प्रिया घणघस जैसे मुक्केबाजों ने दुनिया के मंच पर भिवानी का नाम रोशन किया है। इन सफलताओं के पीछे यहां के प्रशिक्षकों और उन परिवारों की साधना है, जिन्होंने खेतों में पसीना बहाते हुए भी बच्चों के सपनों को पंख दिए।

89 विधायकों के निज सहायक शामिल हुए

मप्र विस की डिजिटल ट्रेनिंग में 2 दिन में पहुंचे 59 विधायक

भोपाल। मप्र विधानसभा को पूरी तरह पेपरलेस बनाने के लिए नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय कार्यशाला में अब तक सिर्फ 59 विधायक ही शामिल हुई हैं। वहीं 89 विधायकों के निज सहायक इस प्रशिक्षण में शामिल हुए है। इस तरह अब तक कुल 148 विधायकों का प्रतिनिधित्व प्रशिक्षण में दर्ज हुआ है। अब 52 विधायकों के बराबर प्रतिनिधित्व का आंकड़ा बाकी है।

करना है तैयारी

दरअसल, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विधायकों को डिजिटल माध्यम से सदन की कार्यवाही में भागीदारी के लिए तैयार करना है। पहले दिन 28 अक्टूबर को 38 विधायक खुद प्रशिक्षण लेने पहुंचे, जबकि 60 निज सहायकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। दूसरे दिन 29 अक्टूबर को 21 विधायक और 29 निज सहायक प्रशिक्षण में शामिल हुए। दोनों दिनों को मिलाकर 59 विधायक स्वयं पहुंचे और 89 निज सहायक शामिल हुए है। 30 अक्टूबर कार्यशाल का अंतिम दिन है।

केंद्रीय मंत्री यादव से मिले सीएम



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। मध्यप्रदेश प्राकृतिक संपदा, समृद्ध वन संपदा और जैव-विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। राज्य में पर्यावरण संरक्षण, वन क्षेत्रों के संवर्धन, वन्य जीवों के संरक्षण तथा सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

2 से 4 नवंबर तक होगा बैठक का आयोजन

आरएसएस की अभा कार्यकारी मंडल की बैठक इंदौर में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक का आयोजन इंदौर में किया जाएगा। यह बैठक इंदौर के डेली कॉलेज मैदान में 2 से 4 नवंबर तक आयोजित होगी। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ मौजूदा सामाजिक और वैश्विक परिस्थितियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। इस बैठक में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित सभी छह सह सरकार्यवाह और अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ देशभर के 46 प्रांतों और 11 क्षेत्रों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में शताब्दी वर्ष के दौरान हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वर्तमान समय की सामाजिक चुनौतियों और महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा प्रस्तावित है।

180 डिग्री का यू-टर्न आरओबी बना ब्लाइंड स्पॉट, दुर्घटना का डर

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) के बिलासपुर मंडल अंतर्गत जयरामनगर-गतौरा स्टेशनों के बीच समपार-361 (परसदा फाटक) पर बन रहा नया रोड ओवरब्रिज (आरओबी) अपनी अजीबोगरीब डिजाइन को लेकर विवादों में है। रेलवे ने भारी-भरकम क्रेन की मदद से गर्डर लॉन्च कर निर्माण कार्य तेज करने का दावा तो किया है, लेकिन ड्रोन तस्वीरों ने इंजीनियरिंग के मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके पहले भोपाल के ब्रिज की डिजाइन को लेकर सवाल खड़े हुए थे। **खतरनाक 'ब्लाइंड स्पॉट' से बढ़ेगा खतराः** तैयार नक्शे के अनुसार रेलवे ट्रैक पार करते ही वाहनों को सीधा रास्ता मिलने के बजाय लगभग 180 डिग्री के हेयरपिन यू-टर्न से गुजरना पड़ेगा। यह संकरा मोड़ बेहद खतरनाक 'ब्लाइंड स्पॉट' में तब्दील हो रहा है। इसके चलते विपरीत दिशा से आने वाले वाहन चालकों को सड़क का दूसरा छोर बिल्कुल दिखाई नहीं देगा, जिससे तेज रफ्तार वाहनों के बीच आमने-सामने की भिड़ंत और भीषण हादसों का अंदेशा बना रहेगा। सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (सेतु) एसके जैन के मुताबिक, किसी भी टू-लेन आरओबी की चौड़ाई कम से कम 12 मीटर होनी चाहिए, जिसमें साढ़े 7 मीटर का कैरिज-वे शामिल हो। ब्रिज से उतरते ही वाहनों को कुछ दूर तक सीधी सड़क मिलनी अनिवार्य है।

अमले ने दुकानदारों का सामान येलो लाइन के कराया अंदर

दिन में निगम कमिश्नर अहिरवार पहुंचे शाम को न्यू मार्केट से हॉकर्स को हटाया



न्यू मार्केट में अमले के साथ निरीक्षण करते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार ने न्यू मार्केट के बाजार का निरीक्षण किया।

जिसके बाद शाम को निगम की टीम पहुंची और फुटपाथ पर दुकानें लगाने वालों को हटा दिया। टीम ने अंदर जाकर देखा तो कई दुकानदारों ने येलो लाइन के बाहर सामान रख रखा था, जिसे अंदर कराया गया। कमिश्नर सुबह न्यू मार्केट पहुंचे थे, जहां उन्होंने हॉकर्स को हटाकर टीटी नगर स्टेडियम के पास भेजने के निर्देश दिए थे।

सड़कों के लेफ्ट टर्न होंगे क्लीयर

निगम आयुक्त ने सड़कों के लेफ्ट टर्न सहित अन्य मोड़ों को क्लीयर रखकर रोड मार्किंग लगाने की बात कही। उन्होंने फुटपाथ, सेन्ट्रल वर्ज, साइड वर्ज के किनारों से धूल-मिट्टी उठाकर बेहतर साफ-सफाई कराने की बात भी कही। उन्होंने चार इमली प्रणामी मंदिर के लेफ्ट टर्न पर दुर्घटना से बचाव के लिए टर्निंग की साफ-सफाई कराने और नाले पर जाली लगाने के निर्देश दिए।

गांजा तस्करी रोकने के लिए बड़ा

गांजा तस्करों पर 3 साल का वार, संपत्ति, वाहन होंगे

रायपुर। राज्य में गांजा तस्करी रोकने के लिए पुलिस मुख्यालय ने बड़ी तैयारी की है। ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से छत्तीसगढ़ होकर होने वाली तस्करी को रोकने के लिए तीन वर्षीय कार्ययोजना बनाई गई है।

नारकोटिक्स कंट्रोल विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029 के तहत अब उत्पादन से लेकर परिवहन, आपूर्ति और बिक्री तक जुड़े पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई की जाएगी।

ओडिशा से 15 राज्यों तक फैला ड्रग्स कॉरिडोर

पुलिस मुख्यालय के अनुसार ओडिशा से महासमुंद-रायपुर और गरियाबंद-धमतरी रूट होते हुए गांजा देश के 15 से अधिक राज्यों तक पहुंचाया जा रहा है। इनमें महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, गुजरात, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, दमन दीव, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं। वर्ष 2026 में रायपुर ग्रामीण, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और बलौदाबाजार जिलों में 11,068.988 किलो गांजा जब्त किया गया है।

डेढ़ साल में 32 टन गांजा जब्त

गृह विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 1 जनवरी 2025 से 15 जून 2026 के बीच राज्य में गांजा तस्करी के 970 मामले दर्ज हुए और 1,975 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 32,249.81 किलोग्राम यानी करीब 32.25 टन गांजा जब्त किया गया। जिलों में महासमुंद सबसे संवेदनशील जिला रहा, जहां सबसे ज्यादा जब्ती हुई। पिछले पांच साल में गांजा, ड्रग्स समेत सूखे नशे के कुल 5,058 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02563	बरौनी जं.	07:40	नई दिल्ली	05:10	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
02569	दरभंगा जं.	06:30	नई दिल्ली	04:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	30.11.2026 तक
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00		गुरु, शुक्र, शनि	01.12.2026 तक
05579	पूर्णिया कोर्ट	16:30	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, रविवार	29.11.2026 तक
05580	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	पूर्णिया कोर्ट	13:45		रविवार, मंगलवार	01.12.2026 तक
05575	सहरसा जं.	20:00	आनंद विहार टर्मिनल	01:05	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05576	आनंद विहार टर्मिनल	05:15	सहरसा जं.	10:30		गुरुवार	26.11.2026 तक
02397	शेखपुरा जं.	11:30	आनंद विहार टर्मिनल	11:40	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
02398	आनंद विहार टर्मिनल	13:30	शेखपुरा जं.	14:45		सोमवार	30.11.2026 तक
03639	धनबाद जं.	18:30	शकूर बस्ती	18:40	सप्ताह में 2 दिन	सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
03640	शकूर बस्ती	21:10	धनबाद जं.	23:45		मंगलवार, शनिवार	01.12.2016 तक
05219	मुजफ्फरपुर जं.	13:30	आनंद विहार टर्मिनल	10:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
05220	आनंद विहार टर्मिनल	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45		शनिवार	28.11.2026 तक
05193	छपरा जं.	14:00	पठानकोट	22:15	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
05194	पठानकोट	00:30	छपरा जं.	09:15		बुधवार	25.11.2026 तक
02417	प्रयागराज जं.	21:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में 4 दिन	रवि, सोम, गुरु, शुक्र	14.12.2026 तक
02418	शकूर बस्ती	21:30	प्रयागराज जं.	09:15		बुध, गुरु, शनि, रवि	17.12.2026 तक
04163	नारायणपुर बाजार	18:00	शकूर बस्ती	10:05	सप्ताह में 3 दिन	मंगल, बुध, शनि	16.12.2026 तक
04164	शकूर बस्ती	21:30	नारायणपुर बाजार	12:25		सोम, मंगल, शुक्र	15.12.2026 तक
03257	दानापुर	07:30	आनंद विहार टर्मिनल	00:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
03258	आनंद विहार टर्मिनल	05:00	दानापुर	20:45		सोमवार	30.11.2026 तक
05301	मऊ जंक्शन	04:40	अंबाला कैंट जं.	03:55	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
05302	अंबाला कैंट जं.	05:45	मऊ जं.	04:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक
05085	छपरा जं.	13:05	आनंद विहार टर्मिनल	09:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
05086	आनंद विहार टर्मिनल	10:50	छपरा जं.	07:00		बुधवार	25.11.2026 तक
03435	मालदा टाउन	09:30	आनंद विहार टर्मिनल	13:40	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
03436	आनंद विहार टर्मिनल	14:50	मालदा टाउन	22:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
02877	रांची जं.	16:25	आनंद विहार टर्मिनल	18:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
02878	आनंद विहार टर्मिनल	19:30	रांची जं.	19:10		रविवार	29.11.2026 तक
04123	प्रयागराज जं.	14:50	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	सप्ताह में 2 दिन	बुधवार, रविवार	29.11.2026 तक
04124	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		गुरुवार, सोमवार	30.11.2026 तक
05101	गोरखपुर जं.	16:00	शकूर बस्ती	11:05	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
05102	शकूर बस्ती	13:15	गोरखपुर जं.	08:30		सोमवार	30.11.2026 तक
03107	कोलकाता	23:50	आलमनगर	19:45	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
03108	आलमनगर	01:45	कोलकाता	22:30		शनिवार	28.11.2026 तक
04183	प्रयागराज जं.	15:25	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:35	साप्ताहिक	मंगलवार	01.12.2026 तक
04184	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	प्रयागराज जं.	09:10		बुधवार	02.12.2026 तक
03437	मालदा टाउन	10:00	हरिद्वार जं.	17:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
03438	हरिद्वार जं.	18:35	मालदा टाउन	23:55		रविवार	29.11.2026 तक
01705	जबलपुर जं.	19:40	अयोध्या धाम जं.	11:25	साप्ताहिक	मंगलवार	29.12.2026 तक
01706	अयोध्या धाम जं.	13:30	जबलपुर जं.	06:45		बुधवार	30.12.2026 तक
09309	इंदौर जं.	17:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, रविवार	27.11.2026 तक
09310	हज़रत निज़ामुद्दीन	08:20	इंदौर जं.	21:00		शनिवार, सोमवार	28.11.2026 तक
09257	भावनगर टर्मिनस	14:20	शकूर बस्ती	10:55	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
09258	शकूर बस्ती	13:15	भावनगर टर्मिनस	08:50		शनिवार	28.11.2026 तक
09203	वेरावल जं.	16:05	हरिद्वार जं.	20:40	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09204	हरिद्वार जं.	21:30	वेरावल जं.	09:45		बुधवार	25.11.2026 तक
09523	ओखा	10:20	शकूर बस्ती	10:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09524	शकूर बस्ती	13:15	ओखा	13:00		बुधवार	25.11.2026 तक
09425	साबरमती बीजी	18:45	हरिद्वार जं.	20:30	साप्ताहिक	सोमवार	23.11.2026 तक
09426	हरिद्वार जं.	21:45	साबरमती बीजी	22:30		मंगलवार	24.11.2026 तक
04811	बाड़मेर	04:15	हरिद्वार जं.	04:10	सप्ताह में 2 दिन	सोमवार, गुरुवार	30.11.2026 तक
04812	हरिद्वार जं.	05:15	बाड़मेर	06:35		मंगलवार, शुक्रवार	01.12.2026 तक
09611	अजमेर जं.	19:45	योग नगरी ऋषिकेश	12:50	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09612	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	अजमेर जं.	09:55		गुरुवार	26.11.2026 तक
09639	मदार जं.	04:30	रोहतक जं.	12:50	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल बुध	30.11.2026 तक
09640	रोहतक जं.	13:20	मदार जं.	22:35		गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
09609	उदयपुर सिटी	13:45	योग नगरी ऋषिकेश	10:15	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09610	योग नगरी ऋषिकेश	17:55	उदयपुर सिटी	15:30		बुधवार	25.11.2026 तक
01703	जबलपुर जं.	15:30	हरिद्वार जं.	14:20	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
01704	हरिद्वार जं.	15:10	जबलपुर जं.	16:20		शुक्रवार	20.11.2026 तक
01707	जबलपुर जं.	20:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:25	साप्ताहिक	शनिवार	14.11.2026 तक
01708	हज़रत निज़ामुद्दीन	15:45	जबलपुर जं.	09:30		रविवार	15.11.2026 तक
09093	उधना जं.	07:25	अयोध्या कैंट जं.	10:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	13.11.2026 तक
09094	अयोध्या कैंट जं.	14:45	उधना जं.	17:15		शनिवार	14.11.2026 तक
09097	उधना जं.	06:45	अयोध्या कैंट जं.	11:30	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
09098	अयोध्या कैंट जं.	13:30	उधना जं.	17:30		बुधवार	25.11.2026 तक
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में 4 दिन	सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02455	कानपुर सेंट्रल	15:00	नई दिल्ली	20:20		सोम, बुध, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
02458	आनंद विहार टर्मिनल	07:20	कानपुर सेंट्रल	13:15	सप्ताह में 3 दिन	मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
02457	कानपुर सेंट्रल	15:00	आनंद विहार टर्मिनल	20:10		मंगल, गुरु, रवि	29.11.2026 तक
05005	बढ़नी	15:10	जालंधर सिटी जं.	08:30	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
05006	जालंधर सिटी जं.	10:50	बढ़नी	04:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
01483	खडकी	17:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:10	सप्ताह में 2 दिन	मंगलवार, शुक्रवार	20.11.2026 तक
01484	हज़रत निज़ामुद्दीन	22:10	खडकी	22:15		बुधवार, शनिवार	21.11.2026 तक
01941	आगरा कैंट	06:30	पलवल	09:45	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध	31.10.2026 तक
01942	पलवल	10:00	आगरा कैंट	13:00		गुरु, शुक्र, शनि	31.10.2026 तक
07621	हज़ूर साहिब नांदेड़	08:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	14:00	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
07622	हज़रत निज़ामुद्दीन	21:40	हज़ूर साहिब नांदेड़	00:35		रविवार	29.11.2026 तक
07021	चर्लपल्ली	19:20	हज़रत निज़ामुद्दीन	02:00	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
07022	हज़रत निज़ामुद्दीन	04:00	चर्लपल्ली	13:50		बुधवार	02.12.2026 तक
07023	चर्लपल्ली	19:45	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:00	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
07024	हज़रत निज़ामुद्दीन	07:15	चर्लपल्ली	17:45		गुरुवार	26.11.2026 तक
09617	उदयपुर सिटी	21:15	दिल्ली सराय रोहिल्ला	11:15	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
09618	दिल्ली सराय रोहिल्ला	13:45	उदयपुर सिटी	04:00		गुरुवार	26.11.2026 तक
01045	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	07:35	अयोध्या कैंट जं.	10:15	सप्ताह में 2 दिन	सोमवार, शुक्रवार	27.11.2026 तक
01046	अयोध्या कैंट जं.	13:50	लोकमान्य तिलक टर्मिनस	17:15		मंगलवार, शनिवार	28.11.2026 तक
01913	खजुराहो	22:15	हज़रत निज़ामुद्दीन	11:00	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	18.11.2026 तक
01914	हज़रत निज़ामुद्दीन	12:30	खजुराहो	03:30		मंगल, गुरु, रवि	19.11.2026 तक
06073	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	14:00	हज़रत निज़ामुद्दीन	23:50	साप्ताहिक	सोमवार	02.11.26 से 16.11.26 तक
06074	हज़रत निज़ामुद्दीन	05:45	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ	16:30		गुरुवार	05.11.26 से 19.11.26 तक
04412	हज़रत निज़ामुद्दीन	18:50	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं.	06:00	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि	05, 06 एवं 07.11.2026
04411	वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं.	06:30	हज़रत निज़ामुद्दीन	16:00		शुक्र, शनि, रवि	06, 07 एवं 08.11.2026
04414	गाजियाबाद	20:05	अलीगढ़ जं.	22:30	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि	05, 06 एवं 07.11.2026
04413	अलीगढ़ जं.	23:30	गाजियाबाद	02:00		शुक्र, शनि, रवि	06, 07 एवं 08.11.2026
01903	आगरा कैंट	20:00	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	12:20	साप्ताहिक	रविवार	01.11.26 से 29.11.26
01904	शहीद कैप्टन तुषार महाजन	16:05	आगरा कैंट	08:40		सोमवार	02.11.26 से 30.11.26
04022	नई दिल्ली वाया लखनऊ (एनआर)	14:30	गोरखपुर	04:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	06.11.26 एवं 13.11.26
04021	गोरखपुर	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	07.11.26 एवं 14.11.26
04058	आनंद विहार टर्मिनल	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में दो दिन	शुक्रवार मंगलवार	03.11.26 से 17.11.26
04057	छपरा	22:10	आनंद विहार टर्मिनल	17:20			
05087	मऊ	22:30	आनंद विहार टर्मिनल	17:00	साप्ताहिक	मंगलवार	03.11.26 एवं 10.11.26
05088	आनंद विहार टर्मिनल	19:15	मऊ	14:00		बुधवार	04.11.26 एवं 11.11.26
04209	वाराणसी जं. वाया लखनऊ (एनआर)	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट जं. वाया लखनऊ (एनआर)	18:20	आनंद विहार ट.	06:10	सप्ताह में 2 दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार ट.	09:00	अयोध्या कैंट जं.	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. वाया लखनऊ (एनआर)	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

चिंतन

डिजिटल करंसी की बड़ी कमजोरी उजागर



एसआईआर

ओ. पी. चौधरी

डिजिटल अर्थव्यवस्था के दौर में क्रिप्टोकरेंसी को भविष्य की मुद्रा और वित्तीय लेन-देन की नई क्रांति के रूप में पेश किया जाता रहा है। दावा किया जाता है कि ब्लॉकचेन तकनीक पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था से अधिक पारदर्शी, तेज और सुरक्षित है। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बाइनेंस से महज 20 मिनट में 6.3 अरब डॉलर यानी करीब 60 हजार करोड़ रुपये की क्रिप्टो संपत्ति चोरी होना डिजिटल करेंसी की गंभीर खामियों को उजागर करता है। यदि इतनी बड़ी डिजिटल व्यवस्था में सेंध लग सकती है तो छोटे निवेशकों की पूंजी की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? यह घटना केवल एक कंपनी की सुरक्षा में चूक का मामला नहीं, बल्कि तेजी से फैलते क्रिप्टो बाजार की संरचनात्मक कमजोरियों का संकेत है। खबरों के मुताबिक, साइबर हमलावरों ने बाइनेंस के ट्रांजेक्शन वॉयलेट्स को निशाना बनाया। कंपनी ने एहतियातन निकासी पर रोक लगाई और ग्राहकों को संभावित नुकसान की भरपाई का भरोसा दिया है। सुरक्षा जांच के लिए अंतरराष्ट्रीय पुलिस और साइबर विशेषज्ञों की भी मदद ली जा रही है। ब्लॉकचेन रिसर्च फर्म टीआरएम लैब्स ने इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया से जुड़े हैकरों की भूमिका का दावा किया है। बाइनेंस ने करीब तीन अरब डॉलर यानी लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की डिजिटल संपत्तियां फ्रीज करने की जानकारी दी है। यह कार्रवाई बताती है कि डिजिटल दुनिया में चोरी की गई संपत्ति को रोकना संभव है, लेकिन उसे वापस हासिल करना आसान नहीं। वर्ष 2025 में बायबिट एक्सचेंज से 1.5 अरब डॉलर और 2022 में रोनिन नेटवर्क से 62.5 करोड़ डॉलर की चोरी हुई थी। इसके अलावा वजीरएक्स में भी करोड़ों की चोरी हो चुकी है। बाइनेंस से कथित 6.3 अरब डॉलर की चोरी इन दोनों घटनाओं से कहीं बड़ी है। यदि यह आंकड़ा जांच में पुष्ट होता है तो इसे क्रिप्टो बाजार की सबसे बड़ी सेंधमारी में गिना जाएगा। इस घटना के बाद बिटकॉइन सहित कुछ क्रिप्टोकरेंसी में पांच प्रतिशत से अधिक गिरावट भी दर्ज होने की खबर है। बाइनेंस के 100 से अधिक देशों में 30 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। इनमें अनुमानित दो से ढाई करोड़ भारतीय भी शामिल हैं। कंपनी का आश्वासन अहम है, लेकिन निवेशक का भरोसा केवल बयान से नहीं, पारदर्शी जांच और नुकसान की वास्तविक भरपाई से कायम होगा। निवेशकों को यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि डिजिटल संपत्ति होने के कारण उनका पैसा सुरक्षित हो जाता है। क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट, नियमित खुलासा, पर्याप्त रिजर्व, मजबूत साइबर सुरक्षा और आपात स्थिति में ग्राहकों के हितों की रक्षा के स्पष्ट नियम जरूरी हैं। एक्सचेंजों को अपनी संपत्तियों और ग्राहकों की देनदारियों का नियमित सत्यापन कराना चाहिए। तकनीक अपने आप में न सुरक्षित होती है, न असुरक्षित; उसकी विश्वसनीयता उसे संचालित करने वाली व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और जवाबदेही से तय होती है। क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया में विकेंद्रीकरण और स्वतंत्रता के बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन संकट के समय निवेशक उसी एक्सचेंज और उसकी व्यवस्था पर निर्भर हो जाता है। बाइनेंस प्रकरण का सबसे बड़ा सबक यही है कि डिजिटल मुद्रा का भविष्य केवल तकनीकी नवाचार से नहीं, बल्कि मजबूत सुरक्षा, पारदर्शिता और निवेशक संरक्षण से तय होगा। सरकारों और नियामक संस्थाओं को भी इसे केवल निवेश का नया विकल्प मानने के बजाय वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी चुनौती के रूप में देखना होगा। भरोसा टूटने पर दोबारा बनाने में वर्षों लगते हैं।

संवैधानिक प्रक्रिया से परहेज क्यों

> लोकतंत्र में जनता के आदेश को ही सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस चुनाव आयोग और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाकर एक गलत परिपाटी की शुरुआत कर रही है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। संविधान के अनुच्छेद 324 में मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण आयोग को सौंपा गया है। अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारत का नागरिक, जो 18 वर्ष का हो और अयोग्य न हो, मतदाता सूची में दर्ज होने का हकदार है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) आयोग को विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती है।

लोकतंत्र में जनता के आदेश को ही सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस चुनाव आयोग और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाकर एक गलत परिपाटी की शुरुआत कर रही है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना चुनाव आयोग का संवैधानिक दायित्व है। संविधान के अनुच्छेद 324 में मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण आयोग को सौंपा गया है। अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारत का नागरिक, जो 18 वर्ष का हो और अयोग्य न हो, मतदाता सूची में दर्ज होने का हकदार है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) आयोग को विशेष पुनरीक्षण का अधिकार देती है, और धारा 16 गैर-नागरिकों को सूची से बाहर रखती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने बिहार एसआईआर को अनुच्छेद 324 और धारा 21 (3) के तहत वैध ठहराया।

पीठ ने कहा कि यह प्रक्रिया संवैधानिक अधिदेश को जीवंत करती है। बाद में अदालत ने एसआईआर की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए कहा कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है। जब देश की सर्वोच्च अदालत ने प्रक्रिया को वैध माना है, तब उसे 'लोकतंत्र पर हमला' बताना जनता को भ्रमित करने की कोशिश भर है। मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) भारतीय चुनावी व्यवस्था का पुराना हिस्सा है। आजादी के बाद 1952 से अब तक देश में ऐसे 8 बार मतदाता सूची पुनरीक्षण हो चुके हैं। इनमें से अधिकांश उस दौर में हुए जब केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं। तब न इन्हें असंवैधानिक कहा गया, न 'वोट चोरी' का नाम दिया गया। पिछला गहन पुनरीक्षण 2002-04 में हुआ था। दो दशक से अधिक समय में तेज शहरीकरण, बड़े पैमाने पर पलायन, मृत मतदाताओं के नाम न हटने और एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों जैसी समस्याएं बढ़ीं।

ऐसे में सूची की शुद्धता के लिए नया पुनरीक्षण स्वाभाविक कदम था। सवाल यह है कि जो पार्टी पहले ऐसी प्रक्रियाओं की साक्षी रही, वह आज इसे संदिग्ध क्यों बता रही है। कांग्रेस आज निष्पक्षता की दुहाई देती है, लेकिन चुनाव आयोग के साथ उसका अपना इतिहास सवालों से भरा है। 1989 तक चुनाव आयोग एकल सदस्यीय हुआ करता था। राजीव गांधी सरकार ने आम चुनाव की घोषणा से महज एक महीने पहले उसे तीन सदस्यीय बना दिया। आज ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस के शासन में पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन से लेकर आगे तक आयोग के कई शीर्ष अधिकारियों के राजनीतिक सफर पर भी नजर डालिए। टी.एन. शेषन बाद में कांग्रेस के टिकट पर गांधीनगर में लालकृष्ण आडवाणी के खिलाफ चुनाव लड़े। एम.एस. गिल सेवानिवृत्ति के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय मंत्री बने।

नवीन चावला की नियुक्ति और कार्यकाल को लेकर विवाद रहा, और आपातकाल की ज्यादतियों की जांच करने वाले शाह आयोग ने उनके क्रियाकलापों पर आपत्ति भी जताई थी। एसआईआर का उद्देश्य स्पष्ट है। मृत, स्थानांतरित और दोहरे नाम हटें, अपात्र या गैर-नागरिक सूची में न रहें, और हर पात्र नागरिक का नाम



दर्ज हो। लेकिन कांग्रेस सबसे बड़ा झूठ फैला रही है कि 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काट दिए गए। जबकि यह संख्या अंतिम सूची से हटाए गए नामों की नहीं, बल्कि मसौदा सूची बनाते समय अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या दोहरी प्रविष्टि (एएसडीडी) की श्रेणी में रखे गए मतदाताओं की है। इनमें लगभग 2.8 करोड़ मृत, लगभग 3 करोड़ अनुपस्थित या खोजे न जा सके, लगभग 6.3 करोड़ स्थायी रूप से अन्यत्र बसे और लगभग 1 करोड़ एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाता हैं। यानी इस आंकड़े का हर हिस्सा मृतकों, पलायन कर चुके लोगों और दोहरी प्रविष्टियों का है। जिस सूची में 2.8 करोड़ दिवंगत लोग मतदाता बने हुए थे, उसे वैसे ही चलने देना चुनाव की शुचिता के साथ न्याय कैसे होता? और जिनके नाम एक से अधिक जगह थे, उन्हें दोबारा वोट डालने का मौका देना किसके हित में होता? कांग्रेस ने 2014 के बाद से हार के कारण खोजने की जगह आरोपों की राजनीति चुनाव-दर-चुनाव प्रदर्शन में गिरावट का ईमानदार आत्मविश्लेषण करने के बजाय बहाने खोजे। कभी ईवीएम पर सवाल उठाए, कभी 'वोट चोरी' का आक्षेप लगाया। लेकिन अपने किसी भी आरोप को वह न कानून की अदालत में प्रमाणित कर सकी, न जनता की अदालत में। जनता ने बार-बार अपने मत से इन आरोपों को खारिज किया है। राहुल गांधी भलीभांति समझते हैं कि संगठन की कमजोरी, नेतृत्व को लेकर असमंजस और जमीनी कार्यकर्ताओं से दूरी जैसे असली कारणों पर बात करने के बजाय संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करना सरल रास्ता है। लेकिन इसकी कीमत लोकतंत्र चुकाता है। जब हर हार के बाद चुनावी प्रक्रिया पर अविश्वास पैदा किया जाता है, तो नुकसान किसी एक दल का नहीं, पूरी व्यवस्था की साख का होता है। राहुल गांधी जिस प्रकार नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका की भांति रेजिम चेंज यानी सत्ता परिवर्तन की बातों को हवा दे रहे हैं और विदेशी समर्थन के सहारे भारत की चुनावी प्रक्रिया को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं, वह उनकी राजनीतिक छटपटाहट को दर्शाता है। जनता का विश्वास और जनाधार खो चुकी कांग्रेस अब चुनाव आयोग से लेकर न्यायपालिका व अन्य संवैधानिक संस्थाओं तक, हर संस्था की विश्वसनीयता पर संदेह खड़ा कर रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता परिवर्तन का रास्ता जनता का जनादेश है, न कि युवाओं को उकसाकर देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल पैदा करना। आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंटने और 1984 के सिख विरोधी दंगों में हुई भयावह हिंसा के दौर में कांग्रेस की भूमिका का इतिहास देश भूला नहीं है। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार सबको है, और किसी भी प्रक्रिया की खामियां उजागर करना विपक्ष का दायित्व भी है। लेकिन शिकायत और दुष्प्रचार में फर्क होता है। शिकायत के लिए कानूनी रास्ते खुले हैं, और जहां कमी हो वहां सुधार की गुंजाइश भी, लेकिन बिना प्रमाण के संवैधानिक संस्था को बदनाम करना जनादेश का अपमान है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची का रखरखाव उसके निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी द्वारा किया जाता है, जो एक वैधानिक प्राधिकरण है। चुनाव आयोग का कहना कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए मसौदा तैयार करने के चरण के दौरान आयोग के सदस्यों द्वारा उठाए गए परिचालन संबंधी प्रश्न या सुझाव मानक प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं। कांग्रेस को चाहिए कि वह आत्ममंथन करे, जनता के बीच लौटे और मुद्दों की राजनीति करे। संस्थाओं पर सवाल उठाकर जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता।

(लेखक छत्तीसगढ़ राज्य के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



राष्ट्रीय एकता व अखंडता के सुदृढ़ स्तंभ सरदार पटेल

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर कृषक परिवार में हुआ था। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत इन्होंने स्वाध्याय के माध्यम से ही शिक्षा प्राप्त की। 1910 में वे मिडिल टेबल लंदन में अध्ययन करने के लिए गए। उच्च सम्मान के साथ वहां पर दो वर्ष तक रहकर परीक्षा उत्तीर्ण की। 1913 में पुनः भारत लौटे। अहमदाबाद में रहकर वकालत के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े। अपनी योग्यता तथा दृढ़ परिश्रम के बल पर आपराधिक कानून के अग्रणी बैरिस्टर बनकर उभरे। 1917 से 1924 तक पटेल जी अहमदाबाद नगर पालिका के आयुक्त रहे तथा 1924 से 1928 तक नगर पालिका अहमदाबाद के अध्यक्ष भी रहे। सन 1928 में बारडोली सत्याग्रह में वल्लभ पटेल ने जमींदारों और किसानों के आंदोलन का दृढ़तापूर्वक नेतृत्व किया, जिससे उनकी ख्याति पूरे भारत में राष्ट्रवादी नेता के रूप में होने लगी। अंग्रेज सरकार ने किसानों के लगान में 22% की वृद्धि की थी, जिसके विरोध में पटेल के नेतृत्व में यह बारडोली का किसान आंदोलन विराट रूप लेकर उभरा। अंग्रेज सरकार ने आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए परंतु लौह पुरुष पटेल के आगे अंग्रेज सरकार को झुकना पड़ा। इस सत्याग्रह आंदोलन की सफलता के बाद वहां की महिलाओं ने वल्लभभाई पटेल को किसानों का 'सरदार' की उपाधि दी, जो हमेशा के लिए उनके नाम के साथ जुड़ गई। बारडोली के आंदोलन के सफल नेतृत्व तथा सरदार की उपलब्धि ने पटेल जी को गांधी के बाद भारत का दूसरा प्रसिद्ध राष्ट्रीय नेता बना दिया। अंग्रेज सरदार पटेल को अपने सबसे खतरनाक शत्रु के रूप में मानते थे। पटेल को स्वावलंबन, दृढ़ परिश्रम, आत्म संयम जैसे गुण बचपन से ही परिवार की विरासत में मिले थे। अपनी कार्यशैली तथा फौलादी व्यक्तित्व के कारण सरदार पटेल भारतीय जनमानस की पहली पसंद थे। सरदार पटेल का नाम तीन बार कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए प्रांतीय समितियों के माध्यम से भेजा गया परंतु महात्मा गांधी ने जवाहरलाल नेहरू के प्रति अपना स्नेह होने के कारण सरदार पटेल को पीछे रखकर नेहरू को अध्यक्ष बनाया। सरदार पटेल



निष्काम, निस्वार्थ भाव से भारत वर्ष की स्वतंत्रता को समर्पित थे। उन्होंने सदैव गांधी के द्वारा चलाए गए सभी आंदोलन में अपना योगदान दिया। सरदार पटेल एक प्रतिष्ठित वकील, दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे। दृढ़ इच्छा शक्ति, साहस, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा ठोस व्यक्तित्व उनके विशेष गुण थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि के बल पर इन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी प्रतिष्ठा प्राप्त की। वल्लभ जी ऐसे मुकदमे लड़ते थे जिनमें निर्दोष को फंसाया गया हो तथा जिसे अपने अकाट्य तर्कों से काटा जा सके। महात्मा गांधी भी सरदार पटेल के फौलादी व्यक्तित्व से प्रभावित थे इसलिए उन्होंने वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की थी। इतिहासकारों ने पटेल को बिस्मार्क ऑफ इंडिया का नाम दिया है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वल्लभ जी भारत के पहले उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री जैसे पदों पर सुशोभित रहे। सन 1947 में भारत तो आजाद हो गया था परंतु सबसे बड़ी समस्या जो अंग्रेज चालाकी से छोड़ गए थे, वह थी बिखरी हुई 562 रियासतें। इन सभी रियासतों को भारतीय गणराज्य में विलय करना एक चुनौती पूर्ण कार्य था। वल्लभ भाई पटेल ने इस कार्य को अपने हाथों में लिया और अपने सचिव बीपी मेनन के साथ मिलकर राजवाड़ों की रियासतों का अंतिम समाधान करने का निश्चय किया। अपनी सूझबूझ और विवेक के द्वारा राजवाड़ों को पेंशन तथा अन्य लाभ देकर इन्होंने हटा दिया परंतु प्रतिरोध करने वाली रियासतों में मुख्य रूप से जूनागढ़, कश्मीर तथा हैदराबाद यह तीन प्रमुख थे। जूनागढ़ में जनमत संग्रह करवा कर इन्होंने भारत में शामिल करवाया। कश्मीर के शासक महाराजा हरि सिंह स्वतंत्र रूप से अलग रहना चाहते थे परंतु पाकिस्तानी कव्वाली सुना ने अचानक आक्रमण कर देने पर सरदार पटेल ने सेना भेजकर उनकी सहायता की और फिर कश्मीर को भारत में मिला दिया गया। हैदराबाद के निजाम में वल्लभ जी का प्रतिरोध किया तथा अंत में वहां पर भी सेना भेज कर हैदराबाद रियासत को भारत वर्ष में मिला लिया गया। विश्व के इतिहास में एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं हुआ, जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। सरदार पटेल मनसा, वाचा, कर्मणा पूर्ण रूप से भारतवर्ष को समर्पित थे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्या आप पूर्ण रूप से सुखी है



संकलित

दर्शन

वर्ष 1920 में योगानंद जी जब अमेरिका गए थे, तो उस समय अमेरिका पूरे उत्साह में था। उस समय वह पूंजीवाद के अपने दर्शन को लेकर तेजी से प्रगति कर रहा था। योगानंद जी अनेक सफल व्यवसायियों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों इत्यादि से मिले और उन सबने यह स्वीकार किया कि योगानंद जी उनके मध्य उस वस्तु को लेकर आए थे, जिसकी उनके जीवन में कमी थी। मैं आपको एक छोटा-सा मनोरंजक वृत्तांत सुनाता हूं : जब वे न्यू यार्क नगर में व्याख्यान दे रहे थे तो एक व्यक्ति ने उनसे भेंट करने की अनुमति मांगी। वह व्यक्ति उनके होटल के कमरे में आया और इससे पूर्व कि योगानंद जी कुछ कहते, उसने एक चुनौतीपूर्ण ढंग से कहा, 'मैं अत्यधिक धनवान हूं, मैं पूर्ण रूप से स्वस्थ हूं,' जिसका अर्थ यह था कि 'आप यहां किसलिए आए हैं?' योगानंद जी ने उसे तुरंत उत्तर दिया, 'हां, किंतु क्या आप पूर्ण रूप से सुखी हैं?' बाद में उस व्यक्ति ने कहा, 'मैं निरुत्तर हो गया था!' उस व्यक्ति ने अपना शेष जीवन एक क्रियायोगी के रूप में व्यतीत किया। बाह्य रूप से वह करोड़पति उद्योगपति था, परंतु अंदर से वह एक प्रबुद्ध योगी था। यह कह पाना और एक अद्भुत अनुभूति है कि ईश्वर की इच्छाशक्ति से सशक्त हुई मेरी इच्छाशक्ति मेरे लक्ष्य को पूरा करेगी। यदि आप आलसवश सब कुछ दिव्य शक्ति पर छोड़ देते हैं और ईश्वर द्वारा आपको दी गई अपनी इच्छाशक्ति की अवहेलना करते हैं तो परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लेना चाहिए



संकलित

प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

धुएं वाली दिवाली से बचें

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास व रिश्तों के अपनत्व के साथ मनाई जाती थी। आज भी यह परिदृश्य कहीं-कहीं देखा जा सकता है। लेकिन अब समय बदल चुका है और लोग दिवाली के दिन खूब पटाखे जलाते हैं। इससे चारों ओर प्रदूषण फैल जाता है। महानगर में तो सांस लेना भी कठिन हो जाता है। कुछ हद तक पटाखे जलाने की छूट है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि थोक में ही पटाखे जला दिए जाएं। हमें दिवाली इस तरह मनानी चाहिए कि बूढ़े और बीमार लोगों को कोई तकलीफ न हो।

- रविंद्र जोशी, बिलासपुर

ट्रेंड

उद्देश्यपूर्ण नवाचार



बनासकांठा स्थित 'भारत बोवाइन ब्रीडिंग एंड रिसर्च सेंटर' पशुपालन के क्षेत्र में मौजूद अपार संभावनाओं को दर्शाता है। यह वास्तव में एक उद्देश्यपूर्ण नवाचार है, जो हमारे किसानों के लिए अधिक समृद्धि सुनिश्चित करता है! -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सांस्कृतिक विरासत



राष्ट्रीय राजधानी में स्थित गोवा सदन, गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विशिष्ट पहचान का एक सुंदर प्रतीक है। यह इमारत दिल्ली और गोवा के बीच गहरे संबंधों, प्रशासनिक समन्वय और आपसी सहयोग को और अधिक मजबूत करेगी। -रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का हिस्सा



चुनाव में हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन हार के बाद अराजकता फैलाना और संवैधानिक संस्थाओं को दोष देना दुर्भाग्यपूर्ण है। यही कारण है कि आज देश की जनता ने राहुल गांधी और कांग्रेस को नकार दिया है, और भविष्य में भी जनता ही उनसे जवाब मांगेगी।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

सिन्हा का निधन दुःखद



वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद आर. के. सिन्हा का निधन अत्यंत दुःखद है। वे भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक, संगठन की विचारधारा और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहे। दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, भाजपा

करंट अफेयर

किम ने दिया ड्रोन तकनीक के तेजी से विस्तार का निर्देश



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश की ड्रोन तकनीक का तेजी से विस्तार करने का आह्वान किया है, साथ ही विभिन्न हथियारों के परीक्षणों का जायजा भी लिया। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच भारी सैन्य किलेबंदी वाली सीमा पर तनाव है। उन्नत ड्रोन तकनीक हासिल करना किम की प्राथमिकताओं में शामिल है और वह अब उत्तर कोरिया की पारंपरिक सैन्य क्षमता के साथ-साथ परमाणु हथियारों की ताकत भी बढ़ाना चाहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में सहयोग के लिए भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना और युद्धक्षेत्र के अनुभवों से ड्रोन युद्ध की महत्वपूर्ण जानकारी और विशेषज्ञता हासिल हुई होगी। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के मुताबिक, किम ने बृहस्पतिवार को विभिन्न प्रकार के हमलावर और अन्य ड्रोन की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में मानवरहित विमानन तकनीक के क्षेत्र में हालिया उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया था। प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए किम ने ड्रोन तकनीक में 'पूर्ण श्रेष्ठता' हासिल करने की जरूरत पर जोर दिया।

ऑफ बीट

डॉक्टर से पहले चैटजीपीटी से पूछते है सेहत संबंधी सवाल



स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए चैटजीपीटी या अन्य बड़े भाषा मॉडल अथवा चैटबॉट का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह चलन लगातार बढ़ रहा है। भले ही आप एआई चैटबॉट का इस्तेमाल न करते हों, लेकिन गूगल पर कुछ खोजने पर भी अक्सर आपको एआई की ओर से तैयार किया गया सारांश दिखाई देता है। ऐसे में सवाल उठता है कि इसका मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं पर क्या असर पड़ रहा है? और इस प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित तथा प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है? लोग स्वास्थ्य संबंधी सवालों के लिए एआई चैटबॉट का इस्तेमाल क्यों करते हैं। ब्रिटेन में हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि कुछ लोग अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए चैटबॉट से स्वास्थ्य संबंधी सवाल पूछते हैं, लेकिन एक-तिहाई से अधिक लोग यह तय करने के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं कि उन्हें डॉक्टर के पास जाने की जरूरत है या नहीं। करीब आधे लोगों ने चैटबॉट को सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना में अधिक सुविधाजनक पाया। चैटबॉट का इस्तेमाल करने वाले आधे से अधिक लोगों का मानना था कि इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

उत्तर प्रदेश में एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया चुनाव आयोग को निर्देश

याचिकाकर्ता उन मामलों का ब्योरा चुनाव आयोग को दें, जिनमें कथित गड़बड़ियों की शिकायतों का अब तक निपटारा नहीं किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा करने और इनके जरिए वोटरों के नाम हटाने की कोशिश के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय पीठ ने आयोग से शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई करने और उसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे उन मामलों का ब्योरा चुनाव आयोग को दें, जिनमें कथित गड़बड़ियों की शिकायतों का अब तक निपटारा नहीं हुआ है।

सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिया निर्देश

बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा करने और इनके जरिए वोटरों के नाम हटाने की कोशिश के आरोप लगाए गए

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट



एक विधानसभा क्षेत्र में जमा हुए थे 32 फॉर्म 7

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के एक विधानसभा क्षेत्र में एक खास समुदाय के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने के लिए 32 फॉर्म-7 जमा किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि कुछ फॉर्म पर बूथ लेवल ऑफिसर के हस्ताक्षर भी मौजूद हैं।याचिकाकर्ताओं ने चुनाव आयोग के हलफनामे में दी गई जानकारी पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि आयोग की ओर से दी गई जानकारी में कई अंतर हैं।

जांच में ये गलत पाया

चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डीएस नायडू ने स्वीकार किया कि बड़ी संख्या में फॉर्म-7 जमा किए गए थे। उन्होंने अदालत को बताया कि आयोग के अधिकारियों ने इन फॉर्म की जांच की थी और उन्हें गलत पाया था।

तेलंगाना और कर्नाटक का भी दिया हवाला

याचिकाकर्ताओं ने तेलंगाना और कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। उनका आरोप था कि कार्रवाई नहीं होने से इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा मिला। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को लंबित शिकायतों का विवरण चुनाव आयोग को देने और आयोग को उनकी जांच कर जरूरी सुधार तथा कार्रवाई करने का निर्देश दिया।कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने को कहा।

चुनाव आयोग ने 6 राज्यों में बढ़ाई एसआईआर की डेडलाइन



देशभर में एसआईआर को लेकर जारी विवाद और इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सवालों की बौछार के बाद अब चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने एसआईआर के तहत फॉर्म भरने और अंतिम मतदाता सूची जारी करने की तारीख बढ़ा दी है। आयोग ने दिल्ली में जारी प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाने के साथ-साथ 5 राज्यों, नगालैंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और हरियाणा में दावे और आपत्तियां दर्ज करने की खिड़की भी फिर से खोल दी है। राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर इन राज्यों के लिए अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख 30 नवंबर और दिल्ली के लिए 22 दिसंबर तय की है।

केरल की समयसीमा बढ़ाने से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने केरल में एसआईआर की जांच प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम लंबित हैं, वे अपनी शिकायत चुनाव आयोग के सामने रख सकते हैं।

खबर संक्षेप

बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेष आज आएंगे अरुणाचल

तवांग। भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपरहवा अवशेष पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में 3 सप्ताह तक



चलने वाली प्रदर्शनी के लिए लाए जाएंगे। प्रदर्शनी की शुरुआत शनिवार को तवांग से होगी। ये अवशेष दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में हैं। शनिवार को प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद ये रविवार तक प्रसिद्ध तवांग स्मारक में रखे जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने मणिपुर का दौरा नहीं कियाः उइके

इंफाल। मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उइके ने राज्य में हिंसा को लेकर बड़ा बयान दिया था।



उन्होंने कहा कि लोग प्रधानमंत्री को पसंद करते हैं पर हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा करने नहीं पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को लेकर कहा था कि ऐसे कड़े फैसले नहीं लिए जिनसे स्थिति में कोई सकारात्मक बदलाव हो।

सोमनाथ के पास नॉन-वेज की बिक्री पर बैन रद्द

सोमनाथ। गुजरात हाईकोर्ट ने सोमनाथ मंदिर के आसपास नॉन-वेज खाने की बिक्री पर राज्य



सरकार की ओर से लगाई गई पाबंदियों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने रोक लगाने की राज्य की मांग खारिज कर दी है। सरकार ने मंदिर के 500 मीटर के दायरे में मांसाहारी भोजन की बिक्री और भंडारण पर बैन का बचाव किया था।

शिवसेना के विधायक गायकवाड़ ने मांगी माफी

मुंबई। शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने कहा कि मैंने किसानों के खिलाफ कोई विवादित



बयान नहीं दिया है। आप मेरे रिकॉर्ड किए गए बयान को बार-बार सुन सकते हैं। मैं अपने ही परिवार में हुई एक आत्महत्या का जिक्र कर रहा था। मेरे मन में किसानों के लिए गहरी संवेदना है।

प्रधानमंत्री ने गुजरात के बनासकांठा से 14000 हजार करोड़ की सौगात दी

आपके आलू का कोई सोना नहीं बना सकता किसानों को आधुनिक खेती से मिल रहा लाभ



एजेंसी ▶▶ बनासकांठा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गुजरात के 2 दिन के दौरे पर पहुंचे। पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से राज्य को 14000 हजार करोड़ की सौगात दी। विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और विपक्ष पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आलू से सोना बनाने वाले बयान पर चुटकी ली। प्रधानमंत्री ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि आज बनासकांठा के आलू दुनिया भर में मशहूर हैं। और कोई भी बनासकांठा के किसी व्यक्ति के पास आकर यह दावा करने की हिम्मत नहीं करेगा कि वह आलू को सोने में बदल सकता है। यहां हमारे पास 'बनास डेयरी' जैसा एक सहकारी ब्रांड है, जो सहकारी आंदोलन को न केवल यहां, बल्कि काशी सहित देश के में भी आगे बढ़ा रहा है।

'बनास डेयरी' जैसा सहकारी ब्रांड देश के कई हिस्सों में आगे बढ़ रहा

पीएम मोदी का राहुल गांधी पर तंज

विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया



परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री मोदी

12 क्लस्टरों से बागवानी को मिलेगा बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने फल और सब्जियां उगाने वाले किसानों के लिए क्लस्टर विकास कार्यक्रम का भी जिक्र किया। टमाटर, आलू, मिर्च, अंगूर, केला, प्याज, संतरा, अनार और कोको जैसी फसलों के लिए 12 क्लस्टरों को मंजूरी दी गई है। इस योजना का मकसद किसानों को खेती के आधुनिक तरीके अपनाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद करना है। किसान नए बाग लगा सकेंगे और पुराने बागों को भी दोबारा बेहतर बना सकेंगे।

बनासकांठा और साबरकांठा के आलू किसानों को मिलेगा लाभ

मोदी ने बताया कि उत्तर गुजरात के लिए दो क्लस्टर मंजूर किए गए हैं। इनका सीधा फायदा बनासकांठा और साबरकांठा के आलू किसानों को मिलने की उम्मीद है। इससे किसानों को उत्पादन के साथ-साथ खेती से जुड़े दूसरे कामों में भी मदद मिलेगी।

पशुपालन को वैज्ञानिक बनाने के प्रयास

पीएम मोदी ने कहा कि पशुपालन हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है और इसमें महिलाओं की बड़ी भागीदारी है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत देशी नस्लों के वैज्ञानिक प्रजनन और संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। बनासकांठा का रिसर्च सेंटर इस मिशन को और मजबूती देगा। आईवीएफ जैसी आधुनिक तकनीक भी इसमें मदद कर रही है। पशुओं के मुफ्त टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 150 करोड़ टीके लगाए जा चुके हैं। इससे 8 करोड़ से अधिक किसानों के पशुओं को मुफ्त टीके लगे है और इससे उनका खर्च का बोझ भी कम हुआ है।

बनास डेयरी के सहकारी मॉडल की भी तारीफ

प्रधानमंत्री ने बनास डेयरी की तारीफ करते हुए कहा कि उसने सहकारी आंदोलन को गुजरात से बाहर भी आगे बढ़ाया है। काशी सहित देश के दूसरे हिस्सों को भी इसके अनुभव और सेवाओं का लाभ मिल रहा है। किसानों और पशुपालकों को लाभ है रहा है।

बनासकांठा में रोड शो में उमड़ा जन-सैलाब



शुरुआत में बनासकांठा में एक रोडशो के साथ करने वाले मोदी ने किसानों की एक सभा में कहा कि जब देश खाड़ी क्षेत्र में अनिश्चितताओं और तनाव का सामना कर रहा था, तब उनके विरोधियों ने अफवाहें फैलाईं। उन्होंने खाद की बढ़ती कीमतों पर बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया के एक बैग की कीमत 3,000 रुपए है, जबकि भारतीय किसानों को यह उस कीमत के दसवें हिस्से से भी कम, यानी 300 रुपए प्रति बैग से भी कम दाम पर मिल जाता है। मोदी ने बताया कि डाई-अमोनियम फॉस्फेट की अंतरराष्ट्रीय कीमत 5,000 रुपए प्रति बैग है, लेकिन भारतीय किसानों को यह 1,350 रुपए में ही मिल रही है।

विधानसभा चुनाव से पहले शाह बोले

अगर भाजपा यूपी में सत्ता में लौटी तो यूसीसी लागू करेंगे



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर बड़ा बयान दिया है। शाह ने भाजपा कार्यसमिति की बैठक में लखनऊ में कहा कि कई प्रदेशों में यूसीसी लागू हो चुका है, अगर पार्टी अगले साल विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापस आती है तो वह उत्तर प्रदेश में यूसीसी लागू करेगी। शाह ने लखनऊ में दिन भर चली यूपी भाजपा स्टेट एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग में पार्टी नेताओं से कहा कि इस बार, जब सरकार सत्ता में आएगी, तो उत्तर प्रदेश में यूसीसी लागू किया जाएगा। कई राज्यों में यह पहले ही लागू हो चुका है। अगर आप उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाते हैं, तो हम इसे लागू करेंगे। इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के पूरे मंत्रिमंडल, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों तथा पार्टी की क्षेत्रीय और जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। गृह मंत्री शाह इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं।

मोदी चौथी बार भी पीएम बनेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने ऐलान कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2029 के लोकसभा चुनाव के बाद चौथी बार भी देश के पीएम बनेंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक में शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम बड़े नेताओं की मौजूदगी में लखनऊ से देश को एक तरह से संदेश दिया है कि नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं और आगे भी सरकार का नेतृत्व उनके ही पास होगा। पीएम मोदी के बाद भाजपा से प्रधानंत्री कौन को लेकर अटकलों के मद्देनजर अमित शाह का यह बयान काफी अहम और इच्छुक लोगों की जिज्ञासा शांत करने वाला दो टूक मैसेज है।

यह विनाश बनाम विकास और जातिवाद बनाम राष्ट्रवाद की लड़ाईः पंकज चौधरी

इससे पहले उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आगामी चुनावी मुकाबले को विनाश बनाम विकास और जातिवाद बनाम राष्ट्रवाद के बीच एक निर्णायक लड़ाई बताया। चौधरी ने पार्टी के सहयोगियों से रक्षात्मक रुख न अपनाने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें विपक्ष के आरोपों का जवाब तथ्यों और ठोस प्रमाणों के साथ देना चाहिए। चुनावों की तैयारी के मद्देनजर रणनीति और आगे की रूपरेखा तैयार करने के लिए यह पूरे दिन चलने वाला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

500 करोड़ के ऑडियो क्लिप पर बवाल

सच्चाई दबाने में जुटीं भाजपा शिवसेना, सही जांच होः जरांगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने 500 करोड़



रसे जुड़े कथित ऑडियो क्लिप को लेकर राज्य की सियासत में हलचल तेज कर दी है। उन्होंने भाजपा और शिवसेना पर इस मामले की सच्चाई दबाने का आरोप लगाया। जरांगे का दावा है कि ऑडियो क्लिप पूरी तरह असली है और इसे फर्जी साबित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की जांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों या किसी जज की निगरानी में कराई जाए। जालना जिले के अंकुशनगर में जरांगे ने कहा कि कुछ लोग इस ऑडियो को फर्जी बताकर मामले को दबाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सच्चाई सामने आने से कुछ नेताओं को परेशानी हो रही है। रिकॉर्डिंग को झूठा साबित करने की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने दावा किया कि सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे साजिश रच रहे हैं।

राष्ट्रीय एआई चैलेंज लॉन्च

आयुर्वेद ने 2 संस्थानों के साथ किया समझौता, आईपीआर शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने आयुर्वेद के क्षेत्र में तकनीक



आधारित समाधान विकसित करने को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय एआई चैलेंज लॉन्च किया है। पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान, नवाचार और व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ये घोषणाएं इनक्यूबेशन सेंटर के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर की गईं। आयुर्वेद के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार सुविधा की शुरुआत भी की गई। उद्यमिता और डिजाइन थिंकिंग पर कार्यशाला आयोजित हुई। 'आयुषटेक इनोवेटः नेशनल ओपन आयुर्वेद एआई चैलेंज' का आयोजन आईआईटी बॉम्बे के टेकफेस्ट ने आयुष मंत्रालय और संस्थान के सहयोग से किया है। आईआईटी बॉम्बे के ओपन-सोर्स आयुर्वेद लार्ज लैंग्वेज मॉडल 'आयुपराम' का इस्तेमाल का उद्देश्य आयुर्वेद को प्रोत्साहित करना है।

सिंहस्थ कुंभ का आज से आगाज



नासिक-त्र्यंबकेश्वर में ध्वजारोहण से होगी शुरुआत

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक-त्र्यंबकेश्वर में होने वाले 'सिंहस्थ कुंभ मेला' के लिए एक एकीकृत आधिकारिक वेब पोर्टल तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं और आने वाले लोगों को उनकी कुंभ यात्रा की योजना बनाने और मार्गदर्शन के लिए एक विश्वसनीय और एकल स्रोत जानकारी देना है। नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेला प्राधिकरण' इस वेबसाइट को विकसित कर रहा है। इसका शुरुआती (स्टैटिक) संस्करण शनिवार को ध्वजारोहण समारोह के दौरान जारी किया जाएगा।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री यादव ने वायु प्रदूषण शमन उपायों की समीक्षा के लिए सीएक्यूएम के 'पवन-आई3सी' एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र का दौरा किया

क्षेत्रीय वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सबसे पहली प्राथमिकता सटीक अति-स्थानीय स्तर के डेटा और पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करनाः भूपेंद्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को नई दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के नवनिर्मित एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र (आई3सी) का दौरा किया। इस केंद्र का नाम 'पवन' (पीएवीएएन – प्लेटफॉर्म फॉर एयर क्वालिटी विजिलेंस एंड एनालिटिक्स फॉर एनसीआर) रखा गया है। मंत्री ने इसकी तकनीकी संरचना और संचालन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। एकल-खिड़की डिजिटल नियंत्रण केंद्र के रूप में विकसित पवन-आई 3सी विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त 30 से अधिक एपीआई और डेटा स्रोतों को एकीकृत करता है। इनमें वायु गुणवत्ता, उत्सर्जन, मौसम संबंधी जानकारी, उपग्रह, कैमरा, आवागमन, शिकायत और अनुपालन से जुड़े डेटा शामिल हैं। यह दिल्ली-एनसीआर में संचालित 111 निरंतर परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों (सीएएक्यूएमएस), 2,300 से अधिक उद्योगों, 3,200 से अधिक सक्रिय निर्माण स्थलों और यातायात जाम वाले प्रमुख स्थानों से प्राप्त डेटा को भी एकीकृत करता है।

डेटा के अलग-अलग स्रोतों के बीच की बाधाएं दूर होंगी

समीक्षा के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि क्षेत्रीय वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सबसे पहली प्राथमिकता सटीक, अति-स्थानीय स्तर के डेटा और पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पवन-आई3सी की शुरुआत एक निर्णायक बदलाव है, क्योंकि इससे परिचालन संबंधी देरी समाप्त होगी, डेटा के अलग-अलग स्रोतों के बीच की बाधाएं दूर होंगी और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों (एसपीसीबी) को जानकारी के एक साझा और सत्यापित स्रोत पर काम करने की सुविधा मिलेगी। इससे प्रदूषण फैलाने वालों को कुछ ही मिनटों में



जवाबदेह ठहराया जा सकेगा।

बिना देरी समय में कार्रवाई कर सकेंगे

इस पहल की सराहना करते हुए यादव ने कहा, स्वच्छ हवा किसी एक एजेंसी या किसी एक राज्य के अकेले प्रयास से सुनिश्चित नहीं की जा सकती। आई3सी हर महत्वपूर्ण डेटा स्रोत को एक ही स्क्रीन पर उपलब्ध कराता है, ताकि खेतों में लगाई गई आग, प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक चिमनी या बिना ढके निर्माण स्थल की पहचान हो सके, उसे चिह्नित किया जा सके और उस पर वास्तविक समय में कार्रवाई की जा सके। यह प्रदूषण पर प्रतिक्रिया देने से आगे बढ़कर उसका पूर्वानुमान लगाने की दिशा में एक बड़ा बदलाव है और अब प्रत्येक कार्यान्वयन एजेंसी को इन अलर्ट पर बिना किसी देरी के वास्तविक समय में कार्रवाई करनी होगी।

पूरे एनसीआर क्षेत्र में 5 से 20 नवंबर तक सीएंडडी गतिविधियों पर रोक

मंत्री ने आगे कहा कि पवन-आई3सी प्लेटफॉर्म के कारण मानकों का पालन नहीं करने वाले उद्योगों, नियमों का पालन न करने वाले प्रदूषणकारी स्रोतों और यातायात जाम वाले स्थानों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पूरे एनसीआर क्षेत्र में 5 से 20 नवंबर तक निर्माण एवं विध्वंस (सीएंडडी) गतिविधियां रोक दी जाएंगी।

विभिन्न एजेंसियों के डेटा अब एक मंच पर

यादव ने बताया कि 'पता लगाना, विश्लेषण करना और कार्रवाई करना' के सिद्धांत पर काम करने वाला पवन-आई3सी विभिन्न एजेंसियों के डेटा को एक साझा मंच पर लाता है। इससे प्रदूषण के स्तर का वास्तविक समय और ऐतिहासिक विश्लेषण, प्रदूषण के स्रोतों की पहचान, रुझानों और उपायों की प्रभावशीलता का आकलन तथा निर्धारित मानकों और कार्ययोजनाओं के अनुरूप जमीनी स्तर पर अनुपालन की निगरानी संभव होती है। यह व्यापक, वास्तविक समय वाली वायु गुणवत्ता निगरानी और डेटा-आधारित अंतरराज्यीय नियामक कार्रवाई की दिशा में एक बदलाव है। इस दौरान ओखला, भलस्वा, गाजीपुर, ग्रेटर नोएडा और भांडवारी सहित प्रमुख लैंडफिल स्थलों से लाइव फीड, वाहन पोर्टल और यातायात जाम वाले स्थानों से वाहन संबंधी डेटा, ग्रीन दिल्ली व समीर ऐप से नागरिकों की शिकायतें, मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की लाइव निगरानी तथा हरियाणा और पंजाब में ईंट भट्ठों द्वारा निर्धारित बायोमास ईंधन संबंधी आवश्यकताओं के अनुपालन की भी समीक्षा की।

सेंसेक्स में 308 व निफ्टी में 116 अंक की तेजी

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और खुदरा कंपनी ट्रेंट के शेयरों में जोरदार लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 308 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 116 अंक की तेजी रही। वैश्विक बाजारों में कमजोर संकेतों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेजी का रुख रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार की बढ़त सीमित रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 308.49 अंक चढ़कर 74,459.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 591.55 अंक बढ़कर 74,742.59 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 116.35 अंक के साथ 23,053.10 अंक पर बंद हुआ।

चांदी 8,300 रुपये टूटकर 11 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत 8,300 रुपये लुढ़ककर करीब 11 महीने के निचले स्तर 1.90 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेज गिरावट के कारण कीमती धातुओं में बिकवाली से चांदी के दाम टूटे। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,300 रुपये टूटकर 1,45,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर रहा। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

- सोना 1,300 रुपये फिसलकर 1,45,200 रुपये प्रति दस ग्राम

हाजिर सोना 4000 डॉलर प्रति औंस ने नीचे आया

पिछले कारोबारी सत्र में मामूली बढ़त दर्ज करने के बाद चांदी में गिरावट आई। चांदी का भाव 8,300 रुपये गिरकर 1,90,200 रुपये प्रति किलोग्राम रहा, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,98,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। चांदी का भाव इससे पहले 10 दिसंबर, 2025 को इस स्तर के आसपास था। उस समय इसकी कीमत 1.92 लाख रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 4,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर से नीचे फिसल गया। यह 53.15 डॉलर यानी 1.32 प्रतिशत गिरकर 3,968.24 डॉलर प्रति औंस रहा। वहीं, चांदी की कीमत भी चार प्रतिशत टूटकर 50.12 डॉलर प्रति औंस रही।



1 नवंबर से डायरेक्ट म्यूचुअल फंड होगा पहला विकल्प, निवेशकों को होगा लाभ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए 1 नवंबर से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अब डायरेक्ट म्यूचुअल फंड प्लान डिफॉल्ट ऑप्शन होंगे। यानी निवेश करते समय निवेशकों को सबसे पहले डायरेक्ट प्लान का ऑप्शन दिखेगा। वहीं, रेगुलर प्लान चुनने वालों को उसके ज्यादा एक्सपेंस रेश्यो की जानकारी भी देनी होगी। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने यह जानकारी दी। सेबी के इस कदम का मकसद निवेशकों को निवेश की लागत समझने और बेहतर फैसला लेने में मदद करना है। डायरेक्ट प्लान में निवेशक बिना किसी डिस्ट्रीब्यूटर के म्यूचुअल फंड खरीदते हैं। वहीं, रेगुलर प्लान में डिस्ट्रीब्यूटर से जुड़ा खर्च भी शामिल होता है। निवेश करना आसान होना ही काफी नहीं है, बल्कि निवेशकों को यह भी समझना चाहिए कि वे किस चीज में पैसा लगा रहे हैं, उसका खर्च कितना है और उसमें कितना जोखिम है। उन्होंने सेबी के निवेशक सर्वे का हवाला देते हुए बताया कि 63 प्रतिशत परिवारों को सिक्योरिटीज मार्केट के कम से कम एक प्रोडक्ट की जानकारी है। हालांकि, इनमें से सिर्फ करीब 9.5 प्रतिशत परिवार ही बाजार में निवेश करते हैं।

ट्राई ने व्यापक दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया

दूरसंचार कंपनियों को एआई नीति की निदेशक मंडल से लेनी होगी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क और सेवाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए शुक्रवार को व्यापक दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किए। इसके तहत दूरसंचार कंपनियों को निदेशक मंडल से स्वीकृत एआई नीति बनानी होगी, विशेष निगरानी एवं सुरक्षा समितियां गठित करनी होंगी और एआई से जुड़ी गंभीर घटनाओं की जानकारी ट्राई को देनी होगी।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने संबंधित पक्षों से सुझाव मांगने के लिए जारी मसौदे में कहा है कि कंपनियां अपने नेटवर्क और सेवाओं में इस्तेमाल होने वाली एआई प्रणालियों के परिणामों के लिए जवाबदेह होंगी।

यह जिम्मेदारी इस बात से प्रभावित नहीं होगी कि एआई प्रणाली कंपनी ने खुद विकसित की है या आउटसोर्स की है। ट्राई ने मसौदा दिशानिर्देशों पर हितधारकों से 27 नवंबर तक सुझाव मांगे हैं।

एआई प्रणालियों को तीन श्रेणियों में बांटना होगा

मसौदा दिशानिर्देशों के मुताबिक, एआई का इस्तेमाल करने वाली दूरसंचार कंपनियों और अन्य अधिकृत इकाइयों को अपनी एआई प्रणालियों को उच्च, मध्यम और निम्न जोखिम वाली श्रेणियों में बांटना होगा। यह वर्गीकरण नेटवर्क परिचालन, वित्तीय एवं परिचालन परिणामों और उपभोक्ताओं पर संभावित प्रभाव के आधार पर किया जाएगा।

खास बातें

- विशेष निगरानी एवं सुरक्षा समितियां गठित करनी होंगी
- गंभीर घटनाओं की जानकारी ट्राई को देनी होगी
- कंपनियां एआई प्रणालियों के परिणामों के लिए जवाबदेह होंगी



शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था शामिल होगी : प्रत्येक कंपनी को अपने निदेशक मंडल या समकक्ष संचालन निकाय से मंजूर एक आंतरिक एआई नीति बनानी होगी। इसमें जोखिम का वर्गीकरण, एआई प्रणाली को इस्तेमाल की मंजूरी, घटनाओं का प्रबंधन, मानवीय निगरानी, डेटा का प्रबंधन और उपभोक्ता शिकायतों के निपटारे की व्यवस्था शामिल होगी।

मानवीय निगरानी होगी अनिवार्य : मसौदे में कहा गया है कि जोखिम कम करने के लिए सभी एआई प्रणालियों पर पहले से तय व्यवस्था के तहत उचित मानवीय निगरानी अनिवार्य होगी। ट्राई ने एआई से जुड़ी घटनाओं को गंभीरता के आधार पर चार श्रेणियों-गंभीर, उच्च, मध्यम और निम्न में बांटने का प्रस्ताव किया है।

उपभोक्ताओं के नुकसान व शिकायतों का रखना होगा रिकॉर्ड

गंभीर और उच्च श्रेणी की घटनाओं की जानकारी निर्धारित प्रारूप, तरीके और समयसीमा के भीतर ट्राई को देना अनिवार्य होगा। दूरसंचार कंपनियों को एआई से जुड़ी घटनाओं और इसके कारण उपभोक्ताओं को हुए नुकसान की शिकायतों का केंद्रीय रिकॉर्ड भी रखना होगा। इसके साथ ही ऐसी घटनाओं की जांच, नुकसान कम करने और समाधान के लिए व्यवस्था बनानी होगी।

पिछले 12 माह में 6.6 करोड़ की वृद्धि

रिलायंस जियो के 5 जी ग्राहक 30 करोड़ पहुंचे

मुंबई। रिलायंस जियो के 5जी ग्राहकों की संख्या 30 करोड़ पहुंच गई है। जियो प्लेटफॉर्म्स के अनऑडिटेड तिमाही नतीजों के मुताबिक, पिछले 12 महीनों यानी 1 अक्तूबर 2025 से 30 सितंबर 2026 तक जियो के 5जी ग्राहकों की संख्या में 6.6 करोड़ की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में भी 3 करोड़ ग्राहकों का आंकड़ा छू लिया है। जियो का कुल ग्राहक आधार 54.2 करोड़ के पार पहुंच गया है। जियो के नेटवर्क पर डेटा का इस्तेमाल भी तेजी से बढ़ा है। प्रति ग्राहक औसत मासिक डेटा खपत 44.2 जीबी पहुंच गई है। कंपनी के कुल वायरलेस डेटा ट्रैफिक में 5जी की हिस्सेदारी अब करीब 56 फीसदी हो गई है। सितंबर तिमाही में जियो का कुल डेटा ट्रैफिक सालाना आधार पर 22.1 फीसदी बढ़कर 71 एक्साबाइट पहुंच गया। ये आंकड़े जियो के नेटवर्क पर डेटा के बढ़ते इस्तेमाल को दिखाते हैं। फिक्स्ड ब्रॉडबैंड के क्षेत्र में जियो एयरफाइबर की भूमिका भी लगातार बढ़ रही है। एयरफाइबर के ग्राहकों की संख्या 1.51 करोड़ हो गई है। पिछले एक साल में जियो के फिक्स्ड ब्रॉडबैंड ग्राहकों की कुल शुद्ध बढ़ोतरी में एयरफाइबर की हिस्सेदारी 75 फीसदी से ज्यादा रही। इस दौरान जियो के कुल ग्राहक आधार में 3.6 करोड़ की शुद्ध बढ़ोतरी हुई, जबकि सितंबर तिमाही में 91 लाख ग्राहक जुड़े। ग्राहकों की बढ़ती संख्या और डिजिटल सेवाओं के विस्तार का असर कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन पर भी दिखाई दिया। जियो प्लेटफॉर्म्स का तिमाही ग्रॉस रेवेन्यू 11.3 फीसदी बढ़कर 47,485 करोड़ और ईबीआईटीडीए 16.6 फीसदी बढ़कर 21,879 करोड़ हो गया। इससे पहले 28 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में शानदार लिस्टिंग हुई थी। कंपनी का 30,188 करोड़ का आईपीओ भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ रहा, जिसे 22 गुना से ज्यादा सब्सक्रिप्शन मिला। लिस्टिंग के बाद जियो प्लेटफॉर्म्स बाजार मूल्यांकन के लिहाज से देश की दूसरी सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनी बन गई है।

जेपी एजेंटिक एआई इंटरनेशनल समिट 2026 का उद्घाटन

नोएडा। जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंफ़ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेआईआईटी), विश टाउन परिसर, सेक्टर 128, नोएडा में 30–31 अक्टूबर 2026 को जेपी एजेंटिक एआई इंटरनेशनल समिट का आयोजन किया जा रहा है। "ह्यूमन इंटेलिजेंस मीट्स एजेंटिक पॉसिबिलिटीज" (मानव बुद्धिमत्ता और एजेंटिक संभावनाओं का संगम) विषय पर आधारित इस समिट में शैक्षणिक शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ, उद्यमी (फ़ाउंडर) और छात्र नवोन्मेषी एक मंच पर एकत्र हुए हैं, ताकि यह समझा जा सके कि स्वायत्त एआई एजेंट वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान कैसे कर सकते हैं। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान, विवेक और नई शुरुआत की खोज का प्रतीक है। समारोह की शोभा प्रति-कुलाधिपति प्रो. एस. सी. सक्सेना, कुलपति प्रो. राजीव कुमार और निदेशक प्रो. विकास सक्सेना ने बढ़ाई। प्रो. विकास सक्सेना ने स्वागत भाषण दिया और मुख्य अतिथि श्री अखिलेश तुतेजा, हेड – क्लाइंट्स एंड इंडस्ट्रीज, केपीएमजी इंडिया, तथा अन्य गणमान्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। इसके बाद जेएआई 2026 के आयोजन अध्यक्ष प्रो. मुकेश सारस्वत ने समिट का परिचय प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने इसकी दृष्टि, उद्देश्यों, प्रमुख गतिविधियों तथा एजेंटिक एआई में चर्चा और नवाचार को आगे बढ़ाने में इसके महत्व को रेखांकित किया।



दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर यात्री प्रतिक्रिया सर्वेक्षण आयोजित

नई दिल्ली। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पाँचवे दिन, 30 अक्टूबर 2026 को, सतर्कता अधिकारियों और निरीक्षकों की टीमों ने दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों दिल्ली जंक्शन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर यात्री प्रतिक्रिया सर्वेक्षण किया। सतर्कता टीमों ने यात्रियों से उनकी शिकायतों, विशेषकर रेलवे में किसी भी प्रकार की अनियमितताएं के बारे में फीडबैक प्राप्त किए । इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के अनुभवों को समझना, उत्तर रेलवे सतर्कता विभाग को प्रक्रियाओं/नीतियों आदि में सुधार लाने हेतु समस्या क्षेत्रों की पहचान करने और भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी रेलवे प्रणाली को बढ़ावा देने के प्रयासों को मजबूत करने में मदद करना है।

सार्वजनिक सूचना

मैं, राकेश पत्नी श्री अजीत सिंह निवासी-मकान नंबर 96, ग्राम शरीफाबाद, राजपुर, पोस्ट फ़रुख़नगर, लोनी, जनपद गाजियाबाद, यू.पी,, ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम राकेश से बदलकर **राकेश्वरी** कर लिया है।

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2025-26-39-RT** के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार हैं।

1.	**कार्य का विवरण:** 'PU (Polyurethane) Painting of WAG9, WAP7 & WAP5 Electric Locomotives' at Electric Loco Shed-Ghaziabad.
2.	**कार्य की अनुमानित लागत:** ₹80,20,627.89
3.	**धरोहर राशि:** ₹1,60,400.00
4.	**निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय:** 19.11.2026 (15:00 Hrs.)
5.	**निविदा खोलने की तिथि और समय:** 19.11.2026 (After 15:00 Hrs.)
6.	**वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in

नोट: (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली **(IREPS)** साइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। **(ii)** सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। **(iii)** कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।

सं. 230-TRS-GZB-2025-26-39-RT दिनांक: 27.10.2026 3808/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली दो पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं।

1.	कार्य का नाम व स्थल	तिलक ब्रिज–आनंद विहार रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में तिलक ब्रिज और आनंद विहार रेलवे स्टेशन के बीच तीसरी और चौथी लाइन के काम के सिलसिले में P.way से जुड़े काम, जैसे BG ट्रैक को जोड़ना, टर्नआउट लगाना, ग्लूड जॉइंट्स और SEJ लगाना, मौजूदा ट्रैक और टर्नआउट को हटाना, P.way का सामान संगालना, BNI/NI पीरियड के दौरान काम करना और अन्य संबंधित कार्य।
2.	कार्य पूरा होने की अवधि	12 (बारह) माह
3.	कार्य की अनुमानित लागत	रु. 1013.16 लाख
4.	धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है)	रु. 20,26,300.00/–
5.	ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय	निविदा दस्तावेज 15:00 बजे दिनांक 30.10.2026 से 23.11.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
6.	निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय	23.11.2026 को 15:00 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 09.11.2026 से 23.11.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड को जा सकती है।
7.	ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय	15:00 बजे दिनांक 23.11.2026 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है।

No. 553-ACS-P.Way-3rd-4th line-CSB Dated: 30.10.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3807/26

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

पतंजलि में अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन में जुटे संत



हरिद्वार। सनातन परंपरा, संस्कृति और शास्त्रों की प्रामाणिकता के संरक्षण के लिए देशभर के संतों और विद्वानों ने एकजुट होकर बड़ा कदम उठाया है। पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में आयोजित अखिल भारतीय प्राच्य विद्या महासम्मेलन के दूसरे दिन जगद्गुरु शंकराचार्यों, अखिल भारतीय संत समिति, अखाड़ों, विभिन्न गुरु-परंपराओं के संतों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), विश्व हिंदू परिषद सहित विभिन्न सनातनी संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'सनातन शास्त्र शुद्धिकरण समिति' के गठन के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। सर्वसम्मति से सभी धर्माचार्यों द्वारा समिति के गठन का सुझाव दिया गया। इस पहल के तहत समिति के अंतर्गत एक विद्वत परिषद का गठन किया गया। परिषद में आचार्यों, शास्त्रों के जानकारों और विभिन्न विषयों के विद्वानों को शामिल किया जाएगा। सनातन शास्त्र शुद्धि समिति में सिख, जैन और बौद्ध परंपराओं का भी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। विद्वत परिषद सनातन परंपरा और शास्त्रों में समय-समय पर हुई कथित मिलावट, प्रक्षेपण एवं विकृतियों से जुड़े विषयों का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट संत-संन्यासी परिषद को सौंपेगी। परिषद की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट का परीक्षण सनातन शास्त्र शुद्धि समिति का मार्गदर्शक मंडल करेगा। आवश्यक विचार-विमर्श और संशोधनों के बाद ही इसे अंतिम स्वरूप देकर लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस प्रकार शास्त्रों की प्रामाणिकता और सनातन परंपराओं के संरक्षण से जुड़े विषयों पर विद्वानों के अध्ययन और संतों के मार्गदर्शन के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। संत-संन्यासी परिषद के संयोजक की जिम्मेदारी पूज्य स्वामी परमात्मानंद (आचार्य महासभा) को सौंपी गई है।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

पीएम मोदी ने मेड एक्स एआई इनोवेशंस की स्वास्थ्य तकनीकों की सराहना की

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी), चेन्नई में स्थापित स्वास्थ्य क्षेत्र के नवाचार आधारित स्टार्टअप मेड एक्स एआई इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित स्वास्थ्य तकनीकों की सराहना की। कंपनी के ये स्वदेशी तकनीकी समाधान चिकित्सा जांच को बेहतर बनाने, सर्वाइकल कैंसर की शुरुआती पहचान और नई दवाओं की खोज को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विकसित किए गए हैं।चेन्नई में पोरूर मेट्रो रेल परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शीना सी. प्रवीन और वीआईटी चेन्नई के संकाय सदस्यों से बातचीत की। इस अवसर पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय भी उपस्थित थे। बातचीत के दौरान डॉ. शीना ने कंपनी की कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम संगणकीय बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों की जानकारी प्रधानमंत्री को दी।इस अवसर पर कंपनी के दो प्रमुख तकनीकी मंच प्रस्तुत किए गए। पहला, सर्विलेंस, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक है। इसे सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक जांच में सहायता के लिए विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य जांच सुविधाओं तक पहुंच आसान बनाना और बीमारी की समय रहते पहचान को प्रोत्साहित करना है।



यूके इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल ने मनाया फाउंडेशन डे

नई दिल्ली। यूके इंटरनेशनल लंदन ब्यूटी स्कूल ने ब्राउन कॉर्टिल में अपना फाउंडेशन डे उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर यूके इंटरनेशनल फैशन वीक का शुभारंभ भी किया। यह आयोजन ब्यूटी, फैशन, रचनात्मकता और कौशल विकास के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनके लिए नए पेशेवर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।संस्थान के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रो. अब्दुल हसीब खान तथा सह-संस्थापक एवं चेयरपर्सन डॉ. उज्मा खान के मार्गदर्शन में यूकेआईबीएस का उद्देश्य कौशल आधारित शिक्षा को उद्योग की जरूरतों से जोड़ना और विद्यार्थियों को रोजगार तथा स्वरोजगार के लिए तैयार करना है।

रुपया 50 पैसे उछलकर 94.76 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 50 पैसे उछलकर 94.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में मजबूती और डॉलर के कमजोर होने से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी पूंजी के निवेश से रुपये के साथ-साथ बान्ड बाजार को भी अतिरिक्त समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.21 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.75 के दिन के उच्चतम तथा 95.28 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक आया। रुपया अंत में 94.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 50 पैसे का उछाल है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू पुत्रः मेहराजुद्दीन पताः ई–1635, दूसरी मंजिल, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 359/2019 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 359/2019 U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 14.12.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा जिंदल
अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15307/NW/2026 (Court Matter)

शब्द पहेली - 6394



बाएँ से दाएँ
1. राजीव गांधी की पत्नी का नाम–3,2
4. उदारता, बड़प्पन–4
7. भोजन, खाद्य पदार्थ–2
8. प्रहरी, रक्षा करने वाला–3
9. अपशिष्ट पदार्थ–2
10. कामदेव, चंद्रमा–4
11. नाड़ी, नस–2
13. जबरन, जबरदस्ती–3
14. वायदा, वचन–2
15. भवन, आलय–3
17. आर्ट, हुनर–2
19. ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा–5
22. उद्देश्यहीनता–5
25. परिणाम–2
26. अंजन, नेत्रांजन–3
28. सांझ, संध्या–2
29. अधीन–3
30. निश्चित–2
32. निष्ठावान, सत्तानिष्ठ–4
34. बेइमान, सेंधमार–2
36. दाम, मूल्य–3
37. एक छोटी सवारी गाड़ी–2
38. मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना–4
39. अश्रु, आंसू–5

ऊपर से नीचे
1. स्वर्ण, कनक–2
2. गुजर करना–3
3. धैर्यवान–3,2
4. राशिचक्र की एक राशि–3
5. आंशिक भीगा हुआ–2
6. सामंजस्य–4
7. यायावर, बंजारा–5
10. चुनाव, वोटिंग–4
12. दुख, कष्ट–2
16. यज्ञ, होम–3
17. कमरा, रूम–2
18. उम्मीद, आस–2
20. जुड़वा–3
21. प्याला–2
22. हृदय, हार्ट–2
23. निकृष्टतर–4
24. बलवान, दमदार–5
25. स्वदेशवासी–5
26. आलसी, निठल्ली–4
27. बुरी आदत–2
31. भरोसा, विश्वास–3
33. आंचल, पल्लू–3
35. अंग्रेजी शराब का एक प्रकार–2
37. समय, वक्त–2

शब्द पहेली -6393 का हल

	भ	स्मा	सु	र		दा	न	बी	र	
नौ			ब	स		न	ग			म
ज	प		ह	म	ला	व	र		म	ल
बा	र				न				न	म
न	व	जा	त		त		अ	न	मो	ल
	र		ह	रा	म	खो	र		ह	
अ	दि	श्री	त		ला		ज	मा	न	त
स	ग				म				सिं	ह
मा	र		क	म	त	र	ता		ह	ल
न			मा	ही		ज	ड़			का
	म	स	ल	न		क	ना	ग	त	

सूडोकु नवताल - 6404

कठिन

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
							3	5
	6						7	
4	8							
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

© MANGAL SEN-ACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6403 का हल

4	2	5	8	6	1	9	7	3
7	3	1	9	4	2	8	5	6
6	9	8	7	3	5	4	2	1
1	6	2	3	8	9	5	4	7
9	4	3	5	1	7	6	8	2
8	5	7	4	2	6	3	1	9
2	1	9	6	5	8	7	3	4
5	7	4	1	9	3	2	6	8
3	8	6	2	7	4	1	9	5

फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी से चूके जोकोविच



स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट : जर्मन खिलाड़ी स्ट्रफ से हारे नोवाक

एजेंसी ▶▶| बासेल

नोवाक जोकोविच ने स्विस इंडोर टेनिस टूर्नामेंट में हारने के कारण स्विट्जरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर के करियर के 103 खिताब की बराबरी करने का मौका गंवा दिया। जोकोविच के पास फेडरर के गृहनगर बासेल में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका था लेकिन वह विश्व में 47वें नंबर के जर्मन खिलाड़ी जान-लेनार्ड स्ट्रफ से 6-7 (4), 7-5, 7-6 (5) से हार गए।

रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन जोकोविच ने इस महीने बीजिंग में अपना 102वां टूर खिताब जीता था। एटीपी टूर में सर्वाधिक 109 खिताब जीतने का रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम पर है। उनके बाद फेडरर और जोकोविच का नंबर आता है।

शेल्टन नहीं जीत पाएंगे आठवां खिताब

शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन भी अपना आठवां करियर खिताब नहीं जीत पाएंगे। उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले विश्व में 222वीं रैंकिंग के स्विस खिलाड़ी जेरोम किम से 6-3, 6-7 (4), 7-6 (1) से हार का सामना करना पड़ा। किम का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा, जिन्होंने डेनियल अल्टमायर को 7-5, 6-4 से हराया। इससे पहले दूसरी वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को एक कड़े मुकाबले में 4-6, 6-3, 7-6 (5) से पराजित किया। क्वार्टरफाइनल में फिल्स का सामना एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी छठी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने डेनिस शापोवालोव पर 6-4, 6-3 से आसान जीत दर्ज की।



नंबर वन ताज पर ज्वेरेव का कब्जा

एजेंसी ▶▶| वियना

पिछले कुछ समय से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव आखिरकार सोमवार को दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। सोमवार को जब नई टेनिस रैंकिंग जारी होगी तो 29 वर्षीय ज्वेरेव नंबर एक पर काबिज होंगे। उन्होंने एस्टेंबैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपने लिए नंबर एक रैंकिंग सुनिश्चित की। उन्होंने टैलन ग्रीक्सपोर को 6-4, 7-5 से हराया।

शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत : ज्वेरेव

इस साल फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन जीतने वाले ज्वेरेव ने कहा, 'दुनिया के शीर्ष पर होने का अहसास अद्भुत है। यह किसी टूर्नामेंट या खिताब को जीतने से अलग है, लेकिन यह जानकर बहुत खास अहसास होता है कि जब नई रैंकिंग जारी होगी तो आपका नाम नंबर एक पर लिखा होगा।'

सिनर की लेंगे जगह

इस टूर्नामेंट में आगे के परिणाम कुछ भी रहें ज्वेरेव यानिक सिनर की जगह रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंच जाएंगे ज्वेरेव नंबर एक पर पहुंचने वाले 30वें पुरुष खिलाड़ी और 1974 में 30 वर्षीय जॉन न्यूकोम्ब के बाद शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। एटीपी रैंकिंग की शुरुआत इससे एक साल पहले ही हुई थी।

सीरीज पर कब्जा जमाने उतरेगी भारत 'ए' टीम

आज से न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा अनौपचारिक टेस्ट

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

देवदत्त पडिक्कल की शानदार फॉर्म और अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की वापसी से भारत ए को मजबूती मिली है और वह शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट में न्यूजीलैंड ए को हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय खिलाड़ियों को चार दिवसीय मैच से तैयार होने में मदद मिलेगी।

शानदार फार्म में पडिक्कल

पडिक्कल निस्संदेह अब तक भारत ए के लिए सबसे सकारात्मक पहलू रहे हैं, जिन्होंने पहले मैच में शतक बनाकर टीम को वापसी दिलाई थी। भारत ए की टीम पहली पारी में 39.3 ओवर में केवल 113 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद बाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज पडिक्कल ने शानदार 199 रन बनाकर टीम को दूसरी पारी में 516 रन तक पहुंचाने में मदद की और न्यूजीलैंड ए के सामने 313 रन का लक्ष्य रखा। उन्होंने अपनी स्पिन गेंदबाजी से दो विकेट भी लिए।



तेज गेंदबाजी आक्रमण को मिलेगी मजबूती

सिराज के शामिल होने से तेज गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूती मिलेगी क्योंकि वह आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला में जसप्रीत बुमराह के साथ नई गेंद संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की कोशिश करेंगे। बुमराह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिंकन में होने वाले तीसरे अनौपचारिक टेस्ट में खेलने की संभावना है, जिसमें नीतीश कुमार रेड्डी की भी वापसी होगी। जहां तक न्यूजीलैंड की टीम का सवाल है तो उसने पहले दो दिन तक दबदबा बनाया लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सका। उसकी टीम अब अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

चौथे टी20 में न्यूजीलैंड ने भारत को 87 रन से हराया

न्यूजीलैंड का सबसे बड़ा स्कोर

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक और तेज गेंदबाज जैकब डफी की घातक गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के चौथे मुकाबले में शुक्रवार को भारत को 87 रन से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम शुरुआती तीन मुकाबले जीतकर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने श्रृंखला में हार का अंतर 1-3 कर दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि माइकल ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को 7 विकेट पर 259 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इसके जवाब में भारतीय टीम अतिरिक्त उछाल वाली पिच पर 9 विकेट पर 172 रन ही बना सकी।

फिलिप्स का तूफानी शतक और डफी की घातक गेंदबाजी



शांत रहा ईशान और सैमसन का बल्ला

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत की दरकार थी, लेकिन तेज गेंदबाज डफी ने पहले ही ओवर में संजू सैमसन (चार) और ईशान किशन (शून्य) को आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारत ने पहले ओवर के बाद दो विकेट पर महज चार रन बनाए थे। इस शुरुआती झटके से टीम अंत तक नहीं उबर सकी। भारत की ओर से तीसरे विकेट के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (22) और अभिषेक शर्मा (27) के बीच 46 रन की साझेदारी सबसे बड़ी रही। यह भारतीय बल्लेबाजी की नाकामी को बयां करने के लिए काफी थी। आमतौर पर आक्रामक बल्लेबाजी करने वाले अभिषेक इस बार लय में नहीं दिखे। वह मैथ्यू फिशर की गेंद पर कवर में मिचेल सैंटनर को कैच थमा बैठे। अय्यर ने एडम मिल्ने की गेंद पर जगह बनाकर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन 143 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद उनके बल्ले को छकाती हुई सीधे स्टंप पर जा लगी। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 24 रन देकर दो विकेट लिए।

फिलिप्स ने बनाए 49 गेंदों में 107 रन

फिलिप्स ने 49 गेंदों में 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि ब्रेसवेल ने महज 25 गेंदों में 65 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए केवल 41 गेंदों में 115 रन की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजी की कलई खोल दी। टिम सीफर्ट और डेरिल मिचेल को तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पवेलियन भेजकर न्यूजीलैंड को शुरुआती झटके दिए। इसके बाद फिलिप्स और फिन एलन ने तीसरे विकेट के लिए 59 रन जोड़कर पारी को संभाला। फिलिप्स और ब्रेसवेल ने पारी का रुख बदल दिया। फिलिप्स ने प्रिंस यादव के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए एक ओवर में एक छक्का और तीन चौके लगाए। इसके बाद उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी को भी निशाने पर लिया।

ब्रेसवेल ने 18 गेंदों में किया अर्धशतक पूरा

ब्रेसवेल भी दूसरे छोर से भारतीय गेंदबाजों पर कहर बनकर टूटे। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के एक ओवर में लगातार तीन चौके और एक छक्का जड़ा। ब्रेसवेल ने महज 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत की ओर से मयंक यादव सबसे प्रभावशाली गेंदबाज रहे। उन्होंने 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान किया।

3 महीने बाद मैदान में उतरने को तैयार जेमिमा



नई दिल्ली। बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने घोषणा की कि वह अगस्त में लगी चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं और मुकाबलों के लिए मैदान पर उतरने को तैयार हैं। जेमिमा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए चोट से उबरने के बाद खुद को पूरी तरह फिट घोषित किया। उन्होंने लिखा, 'जीवन से जुड़ा अपडेट, मुझे (हैमस्ट्रिंग) फिट घोषित कर दिया गया है। तीन महीने तक चोट से उबरने (रिहैब) के बाद अब मैं मैदान पर वापसी करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। ' भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अगला दौरा दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका का होगा, जिसमें टीम कई प्रारुपों की सीरीज खेलेगी। इसके अलावा जेमिमा मौजूदा सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी में मुंबई की टीम की ओर से भी खेल सकती हैं।

अन्वय द्रविड़-आर्यवीर सहवाग अंडर 19 भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ियों राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटे अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग को अंडर-19 एशिया कप के लिए शुक्रवार को घोषित भारतीय टीम में शामिल किया गया है। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) पुरुष अंडर-19 एशिया कप का आयोजन वनडे प्रारुप में 5 से 14 नवंबर तक ओमान की राजधानी मस्कट में किया जाएगा। कर्नाटक के अन्वय और दिल्ली के आर्यवीर ने हाल ही में संपन्न वीनू मांकड़ ट्रॉफी में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा था। 17 साल के अन्वय ने इस



महीने की शुरुआत में अंडर-19 प्रतियोगिता में गुजरात के खिलाफ महज 100 गेंदों पर 151 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। उनकी इस पारी की बदौलत कर्नाटक ने 300 से अधिक रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। उन्नीस वर्षीय आर्यवीर सहवाग ने भी वीनू मांकड़ ट्रॉफी में बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विजयनगरम में चंडीगढ़ के खिलाफ 143 गेंदों पर 173 रन की तूफानी पारी खेली थी।

लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी

लक्ष्य रायचंदानी को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है तो वहीं यशवर्धन सिंह चौहान उपकप्तान होंगे। भारत को ग्रुप-ए में पाकिस्तान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ रखा गया है। ग्रुप-बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मलेशिया की टीमें शामिल हैं। दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।

एमआई के बल्लेबाजी कोच बने उथप्पा

नई दिल्ली। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2027 के सत्र से पहले शुक्रवार को अपने कोचिंग स्टाफ में व्यापक फेरबदल करते हुए पूर्व भारतीय बल्लेबाज रोबिन उथप्पा को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया।



उथप्पा के अलावा न्यूजीलैंड के मिशेल मैक्लेनाघन को गेंदबाजी कोच, जबकि पूर्व भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप को इसी भूमिका में नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने धवल कुलकर्णी को विकास गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इस तरह से उथप्पा, मैक्लेनाघन और कुलकर्णी की मुंबई इंडियंस की टीम में वापसी हो रही है, जो पहले खिलाड़ी के तौर पर इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं। यह तीनों नवनियुक्त मुख्य कोच कीरोन पोलार्ड के साथ मिलकर नए कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बनेंगे। उथप्पा 2007 में पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पहले सत्र में मुंबई इंडियंस की तरफ से खेला था।

गर्दन की चोट के कारण हटीं एलेना रिबाकिना

टोकियो। दुनिया की नंबर 1 एलेना रिबाकिना का पैन पैसिफिक ओपन में अभियान शुक्रवार को समय से पहले समाप्त हो गया। कजाकिस्तान की इस खिलाड़ी ने गर्दन की चोट के कारण डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इस वजह से कनाडा की लेयला फर्नांडीज सेमीफाइनल में पहुंच गईं। रिबाकिना ने गर्दन में सूजन और दर्द को नाम वापस लेने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि इस समस्या ने उनके बेस्ट परफॉर्म करने की क्षमता पर असर डाला था। रिबाकिना ने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मुझे अपने अगले मैच से हटना पड़ा है। बदकिस्मती से, मेरी गर्दन में सूजन और दर्द हो रहा है, जिससे मैं अपना बेस्ट नहीं दे पा रही हूं।

अंडर 15 वर्ल्ड कप में भारत ने क्यूबा को हराया: बाकू। भारत ने फीफा अंडर 15 वर्ल्ड कप एंड फेस्टिवल में शुक्रवार को अपने आखिरी मैच में क्यूबा को 6-4 से हराया। भारत 189 देशों की भागीदारी वाले टूर्नामेंट में 87वें स्थान पर रहा।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा सं0	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	08261521	एस एस डी ए सी	64 नग	16.11.2026
02	09262068	बोगी सेंटर पिवोट टॉप	3888 नग	25.11.2026
03	07261454	स्क्रू कपलिंग असेंबली	2591नग	27.11.2026
04	09262305	के टाइप कम्पोजीशन ब्रेक ब्लाक	34916 नग	30.11.2026
05	09262120	स्ट्राइकर कास्टिंग (बी जी) विथ वियर प्लेट	604 नग	01.12.2026
06	09262488	सेंटर पिवोट टॉप फॉर बी एल सी वैगन	3425 नग	16.12.2026

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 55/2026.2027 दिनांक : 30.10.2026 3813/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

(ई–नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज शौचालय MOT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी आईआरईपीएस पोर्टल (http://ireps.gov.in) पर पालम ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No)	ई–नीलामी की तिथि एवं समय	रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट
PaynUse12-2026	दिनांक 16.11.2026 को 12:00 बजे	हजरत निजामुद्दीन (NZM)02, साइट, पानीपत (PNP) 1 साइट, नरवाना (NRW) 01 साइट, मोदी नगर (MDNR) 01 साइट, दिल्ली सराय रोहिल्ला (DEE) 1 साइट, सब्जी मंडी (SZM) 1 साइट, कुल – 07 साइट्स/स्थल।
वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता		https://ireps.gov.in/
ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ		आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्य से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता एक मुश्तपंजीकरण शुल्क का भुगतान भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण फंड का लियन मार्किंग कारोबार का अधतन विवरण जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस खाता नही है वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विकेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई नीलामीलीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉडयलू के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया है जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन माकिंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र है VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नही है उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरितकरने के लिए स्वतंत्र है जो उनहें आईआरईपीएस ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।
सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी		वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084

संख्या 7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 Dated: 30.10.2026 3817/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जमीनी स्तर पर क्रिकेट का वैश्विक उत्सव, जुड़े 10 लाख खिलाड़ी

1 नवंबर को मनाया जाएगा पहला 'क्रिओ डे'

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जमीनी स्तर पर क्रिकेट के वैश्विक उत्सव 'क्रिओ डे' की शुरुआत की घोषणा की, जो 1 नवंबर को आयोजित होगा। यह पहल दुनिया भर में इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों की संख्या 10 लाख पहुंचने की उपलब्धि के मौके पर शुरू की गई है। 'क्रियो' कार्यक्रम ने 2021 में शुरुआत के बाद से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में क्रिकेट के खेल को पहुंचाने में मदद की है। नए दर्शकों और खिलाड़ियों को क्रिकेट से



परिचित कराने के उद्देश्य से तैयार किया गया 'क्रिओ' कार्यक्रम 18 भाषाओं में मुफ्त और आसानी से अपनाए जा सकने वाले पाठ्यक्रम के माध्यम से संचालित होता है। यह आईसीसी का शुरुआती स्तर का और दुनिया भर में सभी के लिए सुलभ क्रिकेट कार्यक्रम है।

क्रिकेट 'कभी भी, कहीं भी'

आईसीसी के अनुसार यह कार्यक्रम इस सिद्धांत पर आधारित है कि क्रिकेट 'कभी भी, कहीं भी और कोई भी खेल सकता है'। वर्ष 2021 से 'क्रिओ' ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय को एकजुट करके इस खेल के विकास में योगदान दिया है। इस वैश्विक अभियान से जुड़ने वाली 10 लाखवीं खिलाड़ी नाइजीरिया की 13 वर्षीय सैदत हमजात बनी हैं। यह कार्यक्रम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंच चुका है। आईसीसी के 65 एसोसिएट सदस्य देशों ने अपने राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम शुरू किए हैं। वहीं, आईसीसी के सभी 12 पूर्ण सदस्य देशों में प्रमाणित 'क्रिओ' प्रशिक्षक मौजूद हैं।



खबर संक्षेप

पाक के लिए जासूसी करने वाला जवान अरेस्ट

सिलीगुड़ी। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारी



साझा करने के आरोप में पंजाब पुलिस, स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सेल ने बंगाल में अलीपुरद्वार जिले के अधीन हासीमारा से एक सेना के जवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजबीर सिंह के रूप में हुई है। वह असम का निवासी है। हासीमारा स्थित 15 जाट रेजिमेंट में कार्यरत था। पंजाब पुलिस की टीम ने उसे हासीमारा से गिरफ्तार करने के बाद सिलीगुड़ी कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसके ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी।

अटलांटा पहुंचे जयशंकर जी20 में शामिल हुए

अटलांटा। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर शुक्रवार को जी20 विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में



शामिल होने के लिए अटलांटा पहुंचे। अमेरिका के अनुसार, इस बैठक में एनर्जी, सप्लाई चेन और समुद्री रास्तों को खुला रखने पर फोकस रहेगा। ये मुद्दे भारत के तेल, एलएनजी और उर्वरक आयात के लिए बेहद अहम हैं। वे इस बैठक के दौरान क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में भी हिस्सा लेंगे और कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। जयशंकर 1 से 4 नवंबर तक राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक के लिए एंटीगुआ और बारबुडा जाएंगे।

19वां संयुक्त आयोग सत्र आयोजित

भारत-बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए हुए सहमत



बैठक को संबोधित करते राजेश अग्रवाल (दाएं)

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत, बेल्जियम और लक्जमबर्ग के बीच व्यापार एवं आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 19वें भारत-बेल्जियम-लक्जमबर्ग आर्थिक संघ (बीएलईयू) संयुक्त आर्थिक आयोग (जेईसी) का लक्जमबर्ग में आयोजित किया गया। बैठक में तीनों देशों के बीच मौजूदा व्यापार और निवेश संबंधों की समीक्षा की गई और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। सत्र की सह-अध्यक्षता भारत सरकार के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल, बेल्जियम के विदेश मामलों, विदेशी व्यापार एवं विकास सहयोग से जुड़े संघीय सार्वजनिक सेवा विभाग के जियो-इकोनॉमी और आर्थिक कूटनीति महानिदेशक फिलिप वैनडेन बुल्के तथा लक्जमबर्ग के विदेश एवं यूरोपीय मामलों, रक्षा, विकास सहयोग और विदेशी व्यापार मंत्रालय के महासचिव हेनरी शूमाकर ने की। तीनों पक्षों ने एयरोस्पेस, अनुसंधान एवं नवाचार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं तलाशने पर भी सहमति जताई।

आर्थिक भागीदारी करेंगे मजबूत

बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, कारोबार को सुगम बनाने तथा आपसी हित के क्षेत्रों में आर्थिक भागीदारी मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा में लॉजिस्टिक्स, हवाई संपर्क, बंदरगाह, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाएं, फिनटेक, डिजिटल बदलाव, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, जीवन विज्ञान, आयुर्वेद एवं पारंपरिक चिकित्सा और कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्र शामिल रहे। तीनों देशों ने अपनी आर्थिक प्राथमिकताओं पर विचार साझा किए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। साथ ही, कारोबार और निवेश साझेदारी को आगे बढ़ाने के रास्तों पर चर्चा की गई।

कंपनियों के सीईओ से की मुलाकात

संयुक्त आर्थिक आयोग के सत्र के बाद वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने लक्जमबर्ग स्थित कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और निवेश की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने वित्तीय सेवाओं, उन्नत विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वाणिज्य सचिव ने लक्जमबर्ग की कंपनियों को भारत में दीर्घकालिक निवेश, प्रौद्योगिकी साझेदारी और भारतीय कंपनियों के साथ जुड़कर वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने के अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा का बड़ा बयान

भारत-ईयू एफटीए पर हस्ताक्षर करने दिसंबर में ब्रसेल्स जाएंगे पीएम मोदी

ऐतिहासिक घोषणा पहले हो चुकी

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

- *पीएम मोदी ब्रसेल्स में ईयू नेताओं की बैठक से ठीक पहले पहुंचेंगे*
- *भारत चौथी और ईयू दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था*
- *वस्तुओं के अलावा सेवाओं के क्षेत्र में भी सहयोग*

यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने गुरुवार को बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी दिसंबर में ब्रसेल्स का दौरा करेंगे। इस दौरान वे भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर करेंगे। दोनों पक्षों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। कनाडा में मॉन्ट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कोस्टा ने कहा कि पीएम मोदी दिसंबर में इस समझौते पर हस्ताक्षर करने आएंगे। यह दौरा ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक से ठीक पहले होने की उम्मीद है, जो 17 दिसंबर से शुरू होगी।

कोस्टा दो दिवसीय ईयू-कनाडा शिखर सम्मेलन के लिए मॉन्ट्रियल में हैं। बता दें, यूरोपीय नेताओं की भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने संयुक्त रूप से भारत-ईयू एफटीए के पूरा होने की घोषणा की थी। यह भारत-ईयू आर्थिक संबंधों और प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ व्यापारिक जुड़ाव में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हुई। इस एफटीए के पूरा होने से भारत और यूरोपीय संघ ऐसे भरोसेमंद साझेदार बन गए हैं, जो खुले बाजार, स्थिरता और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारत-ईयू के बीच 11.5 लाख करोड़ का व्यापार



फाइल फोटो

(बाएं से दाएं) एंटोनियो कोस्टा, पीएम मोदी, उर्सुला लेयेन

यूरोपीय संघ भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में वस्तुओं और सेवाओं के क्षेत्र में दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। 2024-25 में ईयू के साथ भारत का वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 11.5 लाख करोड़ रुपए (136.54 अरब डॉलर) रहा। इसमें 6.4 लाख करोड़ रुपए (75.85 अरब डॉलर) का निर्यात और 5.1 लाख करोड़ रुपए (60.68 अरब डॉलर) का आयात शामिल है। 2024 में दोनों के बीच सेवाओं का व्यापार 7.2 लाख करोड़ रुपए (83.10 अरब डॉलर) तक पहुंच गया।

जीडीपी में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी

भारत और ईयू क्रमशः चौथी और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। ये वैश्विक जीडीपी का 25 प्रतिशत हिस्सा हैं और वैश्विक व्यापार में एक-तिहाई योगदान देती हैं। इन दो बड़ी, विविध और एक-दूसरे की पूरक अर्थव्यवस्थाओं के जुड़ने से व्यापार और निवेश के अभूतपूर्व अवसर पैदा होंगे। यह केवल एक पारंपरिक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि रणनीतिक महत्व वाली व्यापक साझेदारी है। भारत ने ईयू में अपने निर्यात (व्यापार मूल्य के आधार पर) के 99 प्रतिशत से अधिक हिस्से के लिए अभूतपूर्व बाजार पहुंच हासिल की है, जो 'मेक इन इंडिया' पहल को भी मजबूती देगा। वस्तुओं के अलावा सेवाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं हैं। साथ ही, इसमें एक व्यापक मोबिलिटी फ्रेमवर्क शामिल है, जो कुशल भारतीय पेशेवरों की निर्बाध आवाजाही को संभव बनाएगा।

दो अरब लोगों का विशाल बाजार

भारत और यूरोपीय संघ ने इस साल की शुरुआत में व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी कर ली थी। इस समझौते से दो अरब से अधिक लोगों का एक बाजार तैयार होगा, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग एक-चौथाई हिस्सा होगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले हफ्ते कहा था कि यूरोपीय संघ के साथ भारत का प्रस्तावित एफटीए हस्ताक्षर होने के चार से पांच महीने के भीतर लागू हो सकता है।

भारत के एफटीए से वैश्विक जीडीपी के 76 प्रतिशत बाजार तक पहुंचः मंत्री गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत के एफटीए के कारण देश को अब लगभग 115 ट्रिलियन डॉलर की वैश्विक अर्थव्यवस्था के 76 प्रतिशत हिस्से तक वरीयता प्राप्त बाजार पहुंच मिल रही है। उन्होंने बताया कि भारत वर्तमान में आठ अन्य द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यापार समझौतों पर भी बातचीत कर रहा है, जिनके जुड़ने से लगभग 15 ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था तक पहुंच मिल सकती है। गोयल ने बताया कि भारत के मौजूदा व्यापार समझौतों ने देश को 70 ट्रिलियन डॉलर की वैश्विक जीडीपी वाले बाजारों तक वरीयता प्राप्त पहुंच प्रदान की है। इनमें से लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर की पहुंच पुराने समझौतों से मिली, जबकि हाल के वर्षों में संपन्न नौ नए व्यापार समझौतों के जरिए 60 ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त बाजार पहुंच प्राप्त हुई है। केंद्र और राज्य सरकार, उद्योग जगत, निवेशकों की साझी भागीदारी इस लक्ष्य को साकार कर सकती है।



'एट द टॉप, बुर्ज खलीफा' और 'रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा' में ऑनलाइन बुकिंग के लिए यूपीआई की सुविधा शुरू

यूएई और सिंगापुर जाने वाले भारतीय पर्यटक अब यूपीआई के जरिए आसानी से बुकिंग कर सकते हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूएई और सिंगापुर जाने वाले भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके आसानी से बुकिंग कर सकते हैं। दुनिया के इन दो प्रमुख पर्यटन स्थलों की यात्रा की योजना बना रहे भारतीय पर्यटक, अब अपने पसंदीदा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ऐप्स का उपयोग करके आसानी से बुकिंग कर सकते हैं और ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। यह कदम दुनिया भर में भारतीय नागरिकों के लिए यात्रा की योजना बनाने को और अधिक आसान बनाता है। अब उन्हें मुद्रा से जुड़ी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

भारत-यूएई-सिंगापुर के बीच साझेदारी

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय शाखा, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने ऑनलाइन बुकिंग के लिए यूपीआई की सुविधा देने हेतु यूएई और सिंगापुर के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह घोषणा 29 जुलाई 2026 यूएई में और 9 सितंबर 2026 को सिंगापुर में की गई थी। नियोपे और एमार एंटरटेनमेंट के साथ साझेदारी के जरिए 'एट द टॉप, बुर्ज खलीफा' में यूपीआई से भुगतान की सुविधा शुरू की गई है। यह यूएई का पहला ऐसा पर्यटन स्थल है जिसने ई-कॉमर्स के लिए यूपीआई को अपनाया है। सिंगापुर में, प्रमुख पेमेंट संस्थान 'फोमो पे' के सहयोग से 'रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा' में भी यूपीआई की सुविधा शुरू की गई है। यह विशेष रूप से ऐसे समय महत्वपूर्ण कदम है जब 2025 में सिंगापुर में 1.2 मिलियन भारतीय पर्यटक पहुंचे थे।

डिजिटल और आर्थिक संबंध मजबूत होंगे, अब तक 10 देशों में यूपीआई

'एट द टॉप, बुर्ज खलीफा' और 'रिसॉर्ट्स वर्ल्ड सेंटोसा' (जिसमें यूनिवर्सल स्टूडियो सिंगापुर, सिंगापुर ओशनेरियम और एडवेंचर कोव वॉटरपार्क शामिल हैं) जैसे विश्व-स्तरीय पर्यटन स्थलों पर ऑनलाइन खरीदारी के लिए यूपीआई को जोड़ना, भरोसेमंद क्रॉस-बॉर्डर (अंतरराष्ट्रीय) भुगतान की बढ़ती मांग को पूरा करता है। यह भारत और यूएई तथा सिंगापुर के बीच डिजिटल और आर्थिक संबंधों को मजबूत करता है, और भारतीय यात्रियों को आसान, सुरक्षित और परिचित वित्तीय माध्यम उपलब्ध कराता है। 26 जनवरी 2024 को भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए एफिल टॉवर का टिकट खरीदने की सुविधा शुरू की गई थी। दस देशों में यूपीआई स्वीकार किया जाता है। इन देशों में सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, कतर, श्रीलंका, कंबोडिया और ग्रीस शामिल हैं। इससे भारतीय यात्री विदेशों में भी यूपीआई के जरिए आसानी से भुगतान कर सकते हैं। 30 अगस्त 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उज्बेकिस्तान यात्रा के दौरान व्यावसायिक समझौते के बाद, उज्बेकिस्तान इस सूची में शामिल होने वाला 11वां देश बनने जा रहा है।

स्क्वाड्रन में शामिल हुए आईएनएस तीर, सुजाता और सारथी जैसे तीन जहाज

नौसेना की पहली प्रशिक्षण स्क्वाड्रन श्रीलंका से हुई रवाना, मजबूत होंगे संबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नौसेना की पहली प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) श्रीलंका के कोलंबो से रवाना हो गई है। जिसमें समुद्री सेना के तीन जहाज आईएनएस तीर, सुजाता और सारथी शामिल थे। भारत के निकट पड़ोसी देश के बंदरगाह की इस सफल यात्रा के दौरान दोनों पक्षों के बीच सैन्य वार्ता हुई। जिसका एकमात्र उद्देश्य भारत, श्रीलंका के बीच रक्षा सहयोग और साझेदारी को पहले की तुलना में कई अधिक मजबूत बनाना था। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह से तीन जहाजों का प्रस्थान 29 अक्टूबर को हुआ था।

उल्लेखनीय है कि बंदरगाह पड़ाव में 1टीएस के वरिष्ठ अधिकारी ने तीनों जहाजों के प्रमुखों यानी कमांडिंग अधिकारियों के साथ श्रीलंका की नौसेना के पश्चिमी क्षेत्र के कमांडर से मुलाकात की। जिसका निष्कर्ष यही निकला कि दोनों देशों की नौसेनाओं ने द्विपक्षीय संबंधों, समुद्री सहयोग को चाक-चौबंद बनाने के लिए साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।



चीन की उग्रता के बीच अहम यात्रा

रक्षा क्षेत्र के जानकारों की राय में नौसेना की प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन की यह यात्रा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच खासा महत्व रहती है। जो कि एक प्रकार से ड्रैगन को भारत की तरफ से अप्रत्यक्ष रूप से दिया गया संदेश है। जिसमें यह बताया गया है कि इलाके में नई दिल्ली की नौसेना की भी चौबीसों घंटे सतर्कता के साथ कड़ी निगरानी बनी हुई है। कोलंबो पड़ाव में 1टीएस ने त्रिंकोमाली में नौसेना एवं समुद्री अकादमी का दौरा किया व अपने समकक्षों के साथ बातचीत की। जवाब में श्रीलंका की नौसेना के कैडेटों ने भारतीय जहाजों का दौरा कर उनमें मौजूद प्रशिक्षण सुविधाओं, अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की है।

युद्धाभ्यास में लिया भाग

नौसेना ने बताया कि कोलंबो से निकलते वक्त प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के जहाजों ने श्रीलंका के एसएलएनएस नंदीमित्र के साथ एक पैसेज (पीएएसएसईएक्स) युद्धाभ्यास भी किया। इस सैन्य गतिविधि की मदद से समन्वित समुद्री अभ्यास को बढ़ावा मिला और दोनों समुद्री सेनाओं के मध्य परिचालन समन्वय, पारस्परिक कार्यक्षमता में वृद्धि हुई है। स्क्वाड्रन की यह यात्रा भारत-श्रीलंका की दीर्घकालिक समुद्री साझेदारी को प्रमाणित करती है। साथ ही यह नई दिल्ली के महासागर विजन के तहत क्षेत्रीय समुद्री सहयोग और क्षमता निर्माण के प्रति साझा प्रतिबद्धता को भी मजबूती के साथ प्रदर्शित करती है।

31 अक्टूबर को उनकी सेवानिवृत्ति से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन

एयरचीफ मार्शल सिंह को रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन पर दिया जाएगा विदाई गार्ड ऑफ ऑनर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्हें राष्ट्रीय राजधानी स्थित वायुसेना के रेसकोर्स स्टेशन के परेड ग्राउंड में विदाई गार्ड ऑफ आर्नर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास के बेहद करीब इस विशाल स्टेशन परिसर में होने वाला यह कार्यक्रम एक ऐसे समय पर हो रहा है। जब बीते दिनों केंद्र सरकार ने रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन परिसर में मौजूद एक खेल सुविधा को बंद कर दिया था। मामले के जानकार लोगों ने बताया कि केंद्र के इस कदम के पीछे उक्त खेल सुविधा की लीज समाप्त होना अहम वजह थी। जिसमें सरकार ने केवल रेस कोर्स की ही नहीं बल्कि उसके आसपास के इलाकों में मौजूद कुछ अन्य सुविधाओं पर भी पाबंदी लगा दी थी। रेसकोर्स स्टेशन पर ही वायुसेना के नए प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को भी 1 नवंबर को अपना दायित्व संभालने के ठीक अगले दिन गार्ड ऑफ आर्नर दिया जाएगा।

केंद्र ने कुछ दिन पहले स्टेशन परिसर में मौजूद खेल सुविधा को बंद कर दिया था

राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात



एयरचीफ मार्शल सिंह ने शुक्रवार को तीनों सशस्त्र सेनाओं की शीर्ष कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। जिसमें उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरिता सिंह भी उपस्थित रहीं। राष्ट्रपति भवन कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी है। इसके पूर्व में मौजूदा सप्ताह की शुरुआत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी वायुसेनाप्रमुख को उनकी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले विदाई दी थी।

रक्षा मंत्री ने योगदान को सराहा

विदाई कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने एयरचीफ मार्शल सिंह की 42 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा, नेतृत्व सहित वायुसेना और राष्ट्र के लिए किए गए सराहनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहलगाम हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर अभियान का सफल संचालन करने व वायुसेना की युद्धक क्षमताओं को मजबूत बनाने में निभाए गए योगदान के लिए वायुसेनाप्रमुख का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीडीएस, सेना, नौसेना के प्रमुख और रक्षा सचिव अपनी धर्म पत्नियों के साथ शामिल हुए। 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्ति से पहले एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद विदाई गार्ड ऑफ आर्नर का निरीक्षण करेंगे।

सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज 'बाइनेंस' पर साइबर हमला

उत्तर कोरियाई हैकर्स ने 20 मिनट में 60 हजार करोड़ रुपए किए 'गायब'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज 'बाइनेंस' पर अब तक का सबसे बड़ा साइबर हमला हुआ है, जिसमें करीब 60000 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम चोरी हो गई है। अमेरिका की ब्लॉकचेन इन्वेस्टिगेशन फर्म टीआरएम लैब्स के मुताबिक यह इतिहास में वर्चुअल करेंसी की अब तक की सबसे बड़ी चोरी है। हमलावरों ने बेहद चालाकी से बाइनेंस के वॉलेट्स से करीब 6.36 अरब डॉलर की रकम महज 20 मिनट के भीतर 10 अलग-अलग ब्लॉकचेन पर ट्रांसफर कर ली। टीआरएम लैब्स ने कहा है कि उनके पास पुख्ता डिजिटल सबूत हैं, जिनके आधार पर वे पूरे भरोसे के साथ कह सकते हैं कि इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया का 'ट्रेडरट्रेटर' नाम का हैकिंग ग्रुप



है। ब्लॉकचेन कंपनी चेनैलिसिस के सह-संस्थापक जोनाथन लेविन ने भी यही आशंका जताई है। बाईनेंस ने फौरन एक्शन लेते हुए अपने ब्लॉकचेन पार्टनर्स के साथ मिलकर करीब 3 अरब डॉलर के प्रभावित फंड्स को फ्रीज कर दिया और भरोसा दिलाया है कि वे डूबे हुए पैसे को वापस लाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों और इंडस्ट्री के दिग्गजों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस नुकसान की भरपाई के लिए 6.34 अरब डॉलर के फंड का रिजर्व अलग रख लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109